राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia @swatantramedia 9511151254 epaper.swatantraprabhat.com @SwatantraPrabhatonline news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, सोमवार , 17 मार्च 2025

वर्ष 06, अंक 167, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

सुशील कुमार त्रिपाठी बने सुलतानपुर भाजपा के .....03

काशीराम जयंती पर बहुजन एकता मार्च में उमड़े हजारों लोग ....12

# सोने की तस्करी में डीजीपी के रामचंद्र राव को सरकार ने जबरन छुट्टी पर भेजा

## डीआरआई ने अदालत में किए सनसनीखेज खुलासे





**बेंगलूरु।** कर्नाटक पुलिस महानिदेशक (डीपीजी) के रामतंद्र राव की सौतेली बेटी रान्या राव पर लगे सोने की तस्करी के आरोप मामले में राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने अदालत में कहा है कि अभिनेत्री रान्या राव के सोने की तस्करी से जुड़े रैकेट में कर्नाटका पुलिस के एक प्रोटोकॉल अधिकारी का इस्तेमाल किया गया था। डीआरआई ने दावा किया कि रान्या ने जनवरी 2023 से अब तक 27 बार दुबई की यात्रा की और उसने हवाला लेनदेन का इस्तेमाल करके भारत से दुबई में धन भेजा है। डीआरआई ने अपनी दलील में कहा कि रान्या ने सुरक्षा को दरकिनार करने के लिए राज्य पुलिस के प्रोटोकॉल अधिकारी का इस्तेमाल किया। केंद्रीय एजेंसी ने अदालत से यह भी कहा कि रान्या ने जांच में सहयोग नहीं किया और उसके खिलाफ कई गंभीर आरोप हैं, जो भारतीय अर्थव्यवस्था और सुरक्षा को प्रभावित कर सकते हैं। इसके बाद कर्नाटक पुलिस के डीजीपी के रामचंद्र राव को सरकार ने जबरन छुट्टी पर भेज दिया है। राव पर आरोप है कि उन्होंने अपनी बेटी के लिए पुलिस प्रोटोकॉल का गलत इस्तेमाल किया। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने इस मामले की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। सीबीआई भी इस मामले की जांच कर रही है और इसमें शामिल नेताओं की भूमिका की भी पड़ताल कर रही है। शुक्रवार को इस मामले में अदालत ने संज्ञान में लेते हुए रान्या की जमानत याचिका को खारिज कर दी थी। इसके अलावा, कर्नाटका सरकार ने रान्या के पिता रामचंद्र राव की भूमिका की जांच के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव गौरव गुप्ता को नियुक्त किया था। लेकिन, कुछ घंटों बाद इस आदेश को वापस ले लिया गया। इस मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) भी कर रहे हैं। साथ ही मामले में कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव ने इल्जाम लगाया है कि राजस्व खुफिया निदेशालय के अफसर ने उन्हें कई बार थप्पड़ मारे, खाना नहीं दिया और उनसे सादे कागज पर दस्तखत करने को कहा। अतिरिक्त महानिदेशक को लिखे एक खत में रान्या राव ने कहा कि वह निर्दोश हैं और उन्हें गलत केस में फंसाया जा रहा है। इस बीच पता चला है कि कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव से जुड़े सोने की तस्करी के मामले में सीबीआई ने गुरुवार को दर्ज एफआईआर में 'आरोपी' कॉलम को खाली छोड़ दिया है, जिससे राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में हलचल मच गई है। आरोपी कॉलम को खाली छोड़ने के बाद इस सीबीआई का मास्टर स्ट्रोक बताया जा रहा है। सीबीआई के इस फैसले से एजेंसी को किसी भी व्यक्ति को समन करने की सुविधा मिल जाती है खासकर जब राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) को इस रैकेट में एक सिंडिकेट के शामिल होने का शक है। डीआरआई ने सोने की तस्करी के कई मामलों के दस्तावेज इक्ट्ठा करे हैं, जिसमें दो महत्वपूर्ण गिरफ्तारियां शामिल हैं जो दुबई और भारत के बीच एक संगठित नेटवर्क की ओर इशारा करती हैं। इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली में मनी-लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया और गुरुवार को रान्या के लावेल रोड फ्लैट समेत बेंगलुरु के पांच अन्य स्थानों पर छापेमारी की। बेंगलुरु के अधिकारियों की मदद से ईडी अधिकारियों ने अडुगोडी, इंदिरानगर और कोरमंगला में रान्या के पति से जुड़े ऑफिस में भी छापा मारा। बताया जा रहा है कि दिनभर की छापेमारी के दौरान कई दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स जब्त किए गए। 6 मार्च को मुंबई एयरपोर्ट पर 21.2 किलोग्राम सोने के साथ दो विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया, जिसकी कीमत 19 करोड़ रुपये थी । ठीक कुछ दिन बाद जब रान्या को बेंगलुरु में 14.2 किलोग्राम सोने की तस्करी करते हुए पकड़ा गया था । उनके घर पर की गई तलाशी में और भी बरामदगी हुई । इन ऑपरेशनों की पैमाने एक नेटवर्क की ओर इशारा करती है, जिसमें विदेशी नागरिक और संभवतः कई बड़े सरकारी अधिकारी शामिल हो सकते हैं । पुलिस ने खुलासा किया कि रान्या ने गिरफ्तारी के दिन उनसे संपर्क किया था तथा अपने आगमन के लिए वीआईपी प्रोटोकॉल का अनुरोध किया था।बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के एक पुलिस अधिकारी ने खुलासा किया है कि अभिनेत्री रान्या राव को उनके सौतेले पिता, वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी डीजीपी के रामचंद्र राव के कहने पर कई मौकों पर वीआईपी प्रोटोकॉल दिया गया था । के रामचंद्र राव कर्नाटक पुलिस हाउसिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के सीएमडी हैं। फिलहाल सरकार ने उनको अनिवार्य अवकाश पर भेज दिया गया है। अतिरिक्त डीजीपी शरत चंद्र अब उनके कार्यभार को संभालेंगे। यह कार्रवाई मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की ओर से उच्च-स्तरीय जांच के आदेश के बाद हुई है। यह जांच राव की भूमिका की पड़ताल करेगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनकी 31 साल की अभिनेत्री बेटी रान्या राव नियमित रूप से बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पुलिस सुरक्षा का इस्तेमाल करती थीं। वह विदेश यात्राओं से लौटते समय पुलिसवालों से एस्कॉर्ट करवाती थीं और सरकारी गाड़ियों का इस्तेमाल करती थीं। मामले की जांच कर रहे जांचकर्ताओं को पता चला कि अभिनेत्री अक्सर दुबई की यात्राएं करता रही है, जिसने राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) का ध्यान आकर्षित किया।उन्होंने हाल के हफ्तों में दुबई की लगभग 30 यात्राएं की थीं। एजेंसी पिछले कुछ समय से उसकी गतिविधियों पर नज़र रख रही थी और उसे संदेह था कि वह एक जाने-माने तस्करी पैटर्न का इस्तेमाल कर रही है। दुबई से हाल ही में वापस आने पर अधिकारियों ने उसे हवाई अड्डे पर रोका और उसके पास से विदेशी मूल की 12 सोने की छड़ें जब्त कीं। रिपोर्ट के अनुसार, हवाई अड्डे पर तैनात हेड कांस्टेबल बसप्पा बिल्लुर उर्फ बसवराज ने अपने बयान में डीआरआई अधिकारियों को बताया कि उसने नियमित सुरक्षा जांच से बचने में रान्या की व्यक्तिगत रूप से सहायता की थी।उन्होंने दावा किया कि उन्हें कई मौकों पर उच्च पदस्थ पुलिस अधिकारियों के परिवार के सदस्यों की आवाजाही को सुगम बनाने के निर्देश दिए गए थे। **शेष खबर -पेज 12**

## पिटाई से घायल युवक की मौत, परिजनों ने सड़क पर शव रख किया चक्काजाम!



स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज।** मऊआइमा थाना क्षेत्र केबालाडीह बेलखरिया के पूरा गांव में पिटाई से घायल टाइल्स मिस्त्री की मौत के बाद परिजन अंतिम संस्कार न करने पर अड़ गए हैं। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर चक्काजाम शुरू कर दिया है। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी आक्रोशित परिजनों को समझाने बुझाने में जुट गए हैं। आरोपियों गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग समेत कई मांगों को पूरा कराने पर परिवार के लोग अड़े हैं। मौके पर भारी पैमाने पर फोर्स तैनात कर दी गई है। बेलखरिया का पूरा बालाडीह में बीते 25 फरवरी को टाइल्स मिस्त्री और उसके परिजनों के साथ घर में घुसकर पड़ोसियों ने मारपीट की थी। मारपीट में घायल टाइल्स मिस्त्री का एसआरएन में इलाज चल रहा था। शुक्रवार रात को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं घटना के बाद से आरोपी घर में तालाबंद कर फरार हैं। रात में पोस्टमार्टम के बाद शव पहुंचा तो ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। गांव निवासी शिवकुमारी पत्नी मनोज कुमार सरोज ने बताया कि उसकी पुत्री काजल का पड़ोसी जगत यादव उर्फ कल्लू यादव के साथ लकड़ी को लेकर विवाद हुआ था। शिवकुमारी का आरोप है कि पड़ोसी रात आठ बजे लाठी डंडा और लोहे की रॉड लेकर घर में घुस कर उसे और उसकी पुत्री काजल, पति मनोज को मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। जख्मी शिवकुमारी ने मऊआइमा थाने में 26 फरवरी को आरोपी जगत यादव उर्फ कल्लू यादव, उसकी पत्नी शोभा यादव और जगत की बहन प्रीति यादव के खिलाफ हत्या की कोशिश तथा एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोपी जगत उर्फ कल्लू यादव, बहन प्रीति यादव की गिरफ्तार की मांग की गई है। पीड़ित 50 लाख की मांग और आरोपी के घर को बुलडोजर से गिराने की पुलिस प्रशासन से मांग की गई है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### मानव कंकाल मिलने की सूचना पर पुलिस अधीक्षक ने लिया संज्ञान,मौके का किया निरीक्षण

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने थाना बरहज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम खुदिया पाठक के सिवान में मानव कंकाल का अवशेष मिलने की सूचना पर मौके का निरीक्षण किया। कंकाल के अवशेष को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। घटनास्थल पर फॉरेन्सिक टीम द्वारा साक्ष्य संकलन किया जा रहा है । पुलिस अधीक्षक ने इस दौरान बताया कि बरहज थाना क्षेत्र के खुदिया पाठक में मानव कंकाल मिलने की सूचना मिली है स्थल का निरीक्षण किया गया है। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलन किया है। जाँच की जा रही है।

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**सिद्धार्थनगर।** उसका बाजार थाना क्षेत्र के सरौली गांव स्थित रेलवे ट्रैक व प्राथमिक विद्यालय के मध्य रविवार की सुबह लगभग 29 वर्षीय एक अज्ञात महिला का शव मिला। हालांकि महिला की मौत कैसे हुई अभी पूरी



तरह से स्पष्ट नही है। अनुमान लगाया जा रहा है कि महिला ट्रेन से गिरकर रेल की पटरी के पास पहुंच गई हो जिससे वह ट्रेन की चपेट में आ गई और गंभीर चोट लगने से इसकी मौत हो गई। सुबह ग्रामीण जब रेलवे ट्रैक की तरफ गए तो देखा कि एक महिला की लाश पड़ी है। ग्रामिनो ने इसकी सूचना पुलिस को दी, मौके पर आरपीएफ और उसका पुलिस की टीम पहुंच शव का पंचनामा भर शिनाख्त की कोशिश शुरू की। इस संबंध में एसओ रवींद्र सिंह ने बताया कि शव के शिनाख्त के लिए मोर्चरी में रखवा दिया गया है।

# अहिरौली थाना क्षेत्र में अपराध बेलगाम, पुलिस प्रशासन लाचार!

## अवैध शराब से लेकर लूट और चोरी तक, कानून व्यवस्था सवालों के घेरे में

स्वतंत्र प्रभात

सुनील तिवारी





अंबेडकरनगर के अहिरौली थाना क्षेत्र में अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है, लेकिन मौजूदा थाना प्रभारी की कार्यशैली पर सवाल उठाने वाला कोई नहीं है। स्थानीय लोग आरोप लगा रहे हैं कि थाना प्रभारी किसी प्रभावशाली नेता के संरक्षण में हैं, जिसकी वजह से उन पर की गई तमाम शिकायतों के बावजूद पुलिस विभाग के उच्च अधिकारी भी कोई ठोस कार्रवाई करने से बच रहे हैं। हाल ही में होली के दौरान अवैध शराब की खुलेआम बिक्री ने यह साबित कर दिया कि पुलिस का खौफ खत्म हो चुका है। इससे स्थानीय जनता में कानून-व्यवस्था को लेकर गहरी नाराजगी है।

**अपराध की बड़ी घटनाएं, पुलिस प्रशासन मौन**

**ट्रैक्टर ट्रॉली लूट- चालक को बंधक बनाकर झाड़ियों में फेंका***

तिवारीपुर मुस्लिम पट्टी पुलिया के पास आधी रात को एक ट्रैक्टर-ट्रॉली लूट ली गई। चालक विजय वर्मा को बदमाशों ने हाथ-पैर बांधकर बुरी तरह पीटा और झाड़ियों में फेंक दिया। यह कोई पहली घटना नहीं है, कुछ साल पहले भी इसी जगह लूट की वारदात हो चुकी है। लेकिन पुलिस इस इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के बजाय मूकदर्शक बनी हुई है।

**बाइक शोरूम में लाखों की चोरी, दारोगा बोले - होली खेल रहे हैं, बाद में आइए**

बरवा बाजार में एक बाइक शोरूम से छह मोटरसाइकिल, एक लाख नगद और ऑटो पार्ट्स समेत करीब तीन लाख रुपये की चोरी हो गई। एजेंसी मालिक का कहना है कि उनके यहां होलसेल स्पेयर पार्ट्स बिकते हैं, ऐसे में चोरी की सही रकम का अंदाजा लगाना मुश्किल है। जब शिकायत दर्ज कराने के लिए पीड़ित थाना पहुंचा तो हल्का दरोगा ने जवाब दिया - अभी होली खेल रहे हैं, तीन बजे के बाद आइए एप्लिकेशन लेकर। इस लापरवाह रवैये से पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं।

**गलत कार मालिक पर मुकदमा, सीसीटीवी फुटेज ने खोली पुलिस की पोल**

एक और मामला पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाता है। गोपालपुर चौराहे पर हुए सड़क हादसे में पुलिस ने बिना जांच किए निर्दोष कार मालिक महेश पर मुकदमा दर्ज कर दिया। बाद में सीसीटीवी फुटेज सामने आने पर असली आरोपी का पता चला, जो ब्लू रंग की बलेनो कार से दुर्घटना कर भाग गया था। इस मामले ने पुलिस की जल्दबाजी और लापरवाही को उजागर कर दिया है।

**गांजे की अवैध विक्री जोरो पर**

अन्नावा में दो जगह कटेहरी में एक जगह अशरफपुर बरवा व मिझौड़ा चौराहा के पास लगातार गांजे की अवैध विक्री पुलिस के संरक्षण में चल रही है। कार्यवाही के नाम पर अपराधियों को पकड़ कर पैसा वसूला जाता है और छोड़ दिया जाता है।

**जनता में आक्रोश, पर पुलिस निष्क्रिय**

लगातार बढ़ रहे अपराधों और पुलिस की निष्क्रियता के कारण क्षेत्र में दहशत का माहौल है। जनता का कहना है कि अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि अब वे बेखौफ होकर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। यदि समय रहते पुलिस ने ठोस कदम नहीं उठाए तो अहिरौली थाना क्षेत्र पूरी तरह अपराधियों के कब्जे में चला जाएगा। अब देखना यह होगा कि प्रशासन जनता की आवाज़ सुनेगा या फिर लोकल राजनीतिक दबाव की वजह से अहिरौली थाना प्रभारी की पुलिस से आम पब्लिक पीड़ित होती रहेगी और फर्जी मुकदमे में फंसती रहेगी?

## फैसला आर्थिक तौर पर निर्भर हर मेंबर को मिलेगा

# सड़क हादसे में मुआवजा पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

स्वतंत्र प्रभात



**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि सड़क हादसे में मृतक पर आर्थिक तौर पर निर्भर हर मेंबर को मिलेगा। इस मामले में कानूनी रिप्रेजेंटेटिव की संकीर्ण व्याख्या नहीं की जा सकती है। जो लोग आर्थिक तौर पर मृतक पर निर्भर थे उन्हें दावेदारों की कैटिगरी से बाहर नहीं किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने सड़क हादसे में मुआवजे के लिए महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है, जिसमें कहा गया है कि मुआवजा केवल मृतक के पारंपरिक उत्तराधिकारियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उन सभी को मिलेगा जो मृतक की आय पर निर्भर थे। ग्वालियर मामले में अदालत ने मृतक के पिता और बहन को भी आश्रित मानते हुए मुआवजा देने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में यह भी स्पष्ट किया कि कानूनी प्रतिनिधि वह व्यक्ति होता है जो सड़क दुर्घटना में किसी शख्स की मृत्यु के कारण पीड़ित होता है और यह जरूरी नहीं कि केवल पत्नी, पति, माता-पिता या संतान ही हो। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की बेंच ने उस मामले की सुनवाई की जिसमें मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने मुआवजा प्रदान करते समय मृतक के पिता और बहन को आश्रित नहीं माना था। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने माना कि मृतक के पिता उनकी आय पर निर्भर नहीं थे और चूंकि पिता जीवित थे, इसलिए छोटी बहन को भी आश्रित नहीं माना जा सकता था। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने ग्रुप्त्ज्ञ के इस फैसले को बरकरार रखा जिसके बाद यह मामला सुप्रीम कोर्ट के सामने आया। सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले को रद्द करते हुए माना कि निचली अदालतों ने अपीलकर्ताओं को मृतक का आश्रित मानने से इनकार करके गलती की थी। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि मुआवजा केवल पति-पत्नी, माता-पिता या बच्चों तक सीमित नहीं है, बल्कि उन सभी व्यक्तियों तक विस्तार होता है जो मरने वाले के कारण प्रभावित हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने मुआवजा राशि 17 लाख 52 हजार 500 तय कर दी। ग्वालियर में 25 सितंबर 2016 को 24 साल के धीरज सिंह तोमर ऑटो में जा रहे थे। ड्राइवर तेज रफ्तार से ऑटो चला रहा था। लापरवाही के कारण ऑटो दुर्घटनाग्रस्त हो गया और धीरज की मौके पर ही मृत्यु हो गई। एमएसीटी ने मामले में कुल 9,77,200 मुआवजे भुगतान का आदेश दिया गया। मृतक के परिजनों को यह रकम भुगतान किए जाने का निर्देश दिया। लेकिन साथ ही कोर्ट ने मृतक के पिता और बहन को दावेदार नहीं माना और अन्य दावेदारों को यह रकम दिए जाने को कहा गया था। सुप्रीम कोर्ट ने अपीलकर्ताओं जिनमें मृतक के पिता और बहन को मृतक का आश्रित माना और उन्हें मुआवजा प्रदान किया। यह फैसला भविष्य के मामलों में महत्वपूर्ण प्रभाव डालेगा, क्योंकि यह स्पष्ट करता है कि मोटर वाहन दुर्घटनाओं में मुआवजा केवल मृतक के पारंपरिक उत्तराधिकारियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उन सभी लोगों को मिलेगा जो उसकी आय पर निर्भर थे। सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि सड़क हादसे में मुआवजा मृतक पर आर्थिक तौर पर निर्भर हर मेंबर को मिलेगा। इस मामले में कानूनी रिप्रेजेंटेटिव की संकीर्ण व्याख्या नहीं की जा सकती है। जो लोग आर्थिक तौर पर मृतक पर निर्भर थे उन्हें दावेदारों की कैटिगरी से बाहर नहीं किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने सड़क हादसे में मुआवजे के लिए महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है, जिसमें कहा गया है कि मुआवजा केवल मृतक के पारंपरिक उत्तराधिकारियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उन सभी को मिलेगा जो मृतक की आय पर निर्भर थे। ग्वालियर मामले में अदालत ने मृतक के पिता और बहन को भी आश्रित मानते हुए मुआवजा देने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में यह भी स्पष्ट किया कि कानूनी प्रतिनिधि वह व्यक्ति होता है जो सड़क दुर्घटना में किसी शख्स की मृत्यु के कारण पीड़ित होता है और यह जरूरी नहीं कि केवल पत्नी, पति, माता-पिता या संतान ही हो। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की बेंच ने उस मामले की सुनवाई की जिसमें मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने मुआवजा प्रदान करते समय मृतक के पिता और बहन को आश्रित नहीं माना था। **शेष खबर -पेज 12**

## राजेश शुक्ला को जमुनापार के जिलाध्यक्ष बनाने पर खुशी।

**प्रयागराज।** भाजपा जिलाध्यक्ष जमुना पार का राजेश शुक्ला को अध्यक्ष बनाये पर सहसो चौराहे पर पूर्व महामंत्री बी डी ओसिह की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें लोगों कों मिठाई



बांटकर खुशी जताई गई। बैठक में सर्व श्री जय प्रकाश द्विवेदी,सत्यम हिन्दू, पुष्कर सिह मण्डल अध्यक्ष सहसो, रविन्द्र शास्त्री, प्रमोद त्रिपाठी आजाद, अशोक मिश्रा, पप्पू मिश्रा, बालगोविंद तिवारी, आदि शामिल रहे

## संक्षिप्त ख़बरें

### विवेकानंद मिश्रा दुबारा बने भाजपा के जिला अध्यक्ष



**बस्ती।** बस्तीजिले मेंआखिरकार काफी जद्दोजहद के बाद भारतीय जनता पार्टी नें रविवार की दोपहर करीब ढाई बजे प्रदेश मुख्यालय से बस्ती जनपद के जिला अध्यक्ष की घोषणा कर दिया। भाजपा नें दोबारा विवेकानंद मिश्र को बस्ती जनपद के जिला अध्यक्ष का नेतृत्व सौंपा है। उल्लेखनीय है कि विवेकानंद मिश्र असम राज्य के प्रभारी एवं पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी के खास सिपाहसालार माने जाते हैं। बस्ती जनपद में चुनाव अधिकारी शंकर लाल लोधी के समक्ष कुल 58 भाजपा कार्यकर्ताओं नें जिलाध्यक्ष के लिए दावेदारी प्रस्तुत किया था। विवेकानंद मिश्र जनपद के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 28 से सटे तिलकपुर ग्राम के मूल निवासी हैं तथा वह किसान इंटर कॉलेज मरहा कटया में शिक्षक पद पर तैनात हैं। उनकी शिक्षा-दीक्षा इलाहाबाद विश्वविद्यालय से हुई है। शुरू से ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े होने के साथ-साथ वह आरएसएस की शाखाओं में विशेष योगदान दिया करते थे। विवेकानंद मिश्र का एक विशेष गुण है कि वह कवि हृदय के साथ-साथ बहुत ही मृदुभाषी स्वभाव के हैं।

### हनी कान्वेंट स्कूल द्वारा परिक्षा परिणाम घोषित टाप छात्रों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया



**शाहगंज, जौनपुर।** क्षेत्र के बड़ागांव स्थित संचालित हो रहे हनी कान्वेंट स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मौलाना एजाज़ मोहसिन खान रहे। कार्यक्रम संचालन विधिवक्ता पैगाम सिद्दीकी द्वारा किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में लगभग दो दर्जन से अधिक बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि मोहम्मद वारिश हाशमी ने कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावक और छात्रों को संबोधित करते हुए बताया शिक्षा ग्रहण करना सभी बच्चों का अधिकार है मगर अभिभावक को चाहिए कि बच्चों के ऊपर शिक्षा का अधिक भर ना डालें विशेष तौर पर छोटे बच्चों को अधिक ध्यान देने की आवश्यकता होती है और अभिभावक अपने ऐसे बच्चों को यह जानने का प्रयास करें कि शिक्षा को लेकर बच्चों को किस सब्जेक्ट में रुचि है अतः बच्चों को दूसरी दिशा में शिक्षा ग्रहण करने का प्रेशर ना बनाएं क्योंकि इसका दुष्परिणाम बच्चों के मानसिकता पर पड़ता है और वह जीवन में हमेशा दबाव महसूस करता है। वहीं दूसरी तरफ मुख्य अतिथि मौलाना एजाज मोहसिन ने बताया बच्चों को शिक्षित वह सफल बनाने में अभिभावक का मुख्य योगदान होता है और बच्चों को नसीहत करते हुए बताया कि व अपने अध्यापक वह मां-बाप का सम्मान करें। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि बड़ागांव यूथ क्लब के अध्यक्ष रईस अहमद ने कार्यक्रम उपस्थित सभी छात्रों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रबंधक सैयद आले रज़ा, डायरेक्टर सैयद फैज रज़ा, प्रधानाचार्य शहनूर फातिमा, अध्यापक पैगाम सिद्दीकी, शानू खान, व अध्यापिका आरजू, गुलफ्शा,तफसीर, ज्योति, सदफ, ज़ाकिर हुसैन,समेत अन्य अभिभावकगण मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### पारम्परिक होली मिलन में शिवहरि को मिला नगर सुन्दरी का ताज

**रूद्रपुर, देवरिया।** उपनगर में वर्षो से चले आ रहे होली मिलन समारोह में हंसी ठिठोली के बीच नगर के प्रतिष्ठित शिवहरि त्रिपाठी को नगर सुन्दरी चुना गया। चेयरमैन प्रतिनिधि छट्ठेलाल निगम ने चुनरी ओढ़ाकर व मुकुट पहनाकर उनका स्वागत किया। पांच-छह सालों के अंतराल के बाद इस साल होली के दूसरे दिन शनिवार को डीएन इंटर कालेज में चेयरमैन प्रतिनिधि छट्ठेलाल निगम के नेतृत्व में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें जिला पंचायत सदस्य व गायक कलाकार अमित रजक व नन्दलाल ने होली गीत गाकर शमां बांध दिया। आर्केस्ट्रा की धुनों पर होली गीत सुनकर लोग थिरकने लगे। समारोह में कविराज राजेश वर्मा, सुरेन्द्र देव मिश्र,एके द्विवेदी, शिवहरि त्रिपाठी,डीबी सिंह आदि ने अपनी रचनाओं व हास्य-व्यंग्य के द्वारा लोगों को हंसाया और गुद्‌गुदाया। समारोह में जोगीरा भी गाया गया और हंसी मजाक का दौर भी चला। इस दौरान गेंदें व गुलाब की पंखुड़ियों से होली खेली गई। समारोह का संचालन एडवोकेट सत्यप्रकाश गुप्ता ने किया। इस अवसर पर ओमप्रकाश जायसवाल, बबलू मद्धेशिया, सुशील निगम, सुशील पांडेय, टिंकू पाण्डेय, संजय तिवारी,के एम उपाध्याय,डा शाही, मृत्युंजय विशारद,एन के गांधी,आरपी पाण्डेय,मणिन्द्र सिंह, मुकेश रूंगटा, जयराम पासवान सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# बेटे को व्याह करने गए बाप को शादी में नही मिला खाना सामूहिक विवाह में हुई अव्यवस्था की खोली पोल

● दुल्हन को एक नग कम साड़ी मिलने से नाराज़ मां अधिकारी के सामने फेंकी साड़ी कहा यह भी रख लो

शादी जोड़ों को दिये गये सामानों में की गई हेरा फेरी का एडीओ समाज कल्याण अधिकारी प्रशांत खरे पर लगा आरोप विवाह सम्पन्न होने के बाद काफी शादी जोड़े व परिजन बिना जलपान व भोजन किये लौटे घर

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले के कप्तानगंज विकासखण्ड कप्तानगंज ब्लांक में बीते दस मार्च 2025 को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें कप्तानगंज ब्लाक अन्तर्गत आने वाली नव वधुओ ने रजिस्ट्रेशन कराके मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में शामिल होकर प्रतिभागी बने थे। बरातियों को खाना न मिलने से दुल्हे के बाप व अन्य बरातियों ने सामूहिक विवाह समारोह में अव्यवस्थाओं पर उंगली उठाते हुए कहा कि विवाह समारोह में कोई उचित व्यवस्था नही थी। आपको बता दें कि विकासखंड कप्तानगंज के अंतर्गत सावित्री मैरिज हाल में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन हुआ जिसमें सामूहिक विवाह की जिम्मेदारी एडीओ समाज कल्याण प्रशांत खरे के पास थी। बात करे इनके कार्य क्षेत्र की तो साहब को तीन विकासखंडों का चार्ज मिला है प्रत्येक विकासखंड में दो- दो दिन बैठते हैं। सामूहिक विवाह में 100 शादी जोड़ो का विवाह सम्पन्न हुआ है जिसमें ब्लाक कप्तानगंज से 64 शादी जोड़ा, विकासखंड दुबौलिया 31 शादी जोड़ा एवं नगर पंचायत कप्तानगंज से 05 शादी जोड़ा शामिल था। जिम्मेदार अधिकारियों/कर्मचारियों के द्वारा दुल्हा पक्ष से आये हुए बराती एवं दुल्हन की तरफ से आए हुए घराती के लिए जलपान एवं भोजन की व्यवस्था थी। शादी संपन्न होने के बाद कुछ शादी जोड़ो एवं घराती-बाराती को भोजन नहीं मिला। भोजन के नाम पर किसी को पापड़ी,किसी को पानी तथा किसी को मूली खाकर अपने पेट की भूख को शांत करना पड़ा। दुल्हा दुल्हन की शादी में बरातियों को खाना न मिलने से परिजनो में रोष व्याप्त था। और हर कोई विवाह व्यवस्थापक पर उंगली उठाने का काम कर रहा था। इस बात की पुष्टि के लिए जब मीडिया टीम ने पड़ताल किया तो पता चला कि भोजन के साथ साथ शादी जोड़ो को दिये गये गहना,कपड़ा,बर्तन में एक नग साड़ी कम था। इसकी सूचना एडीओ समाज कल्याण अधिकारी प्रशान्त खरे को दिया गया। इस पर एडीओ समाज कल्याण अधिकारी प्रशांत खरे और मीडिया टीम से बाता कहनी हो गई। उसी समय लड़की की मां ने साड़ी को प्रशांत खरे साहब के आगे फेंक कर कहा साहब दो साड़ी में से एक नग साड़ी आपने दिया लो यह भी रख लो आपके काम आएगी। सामूहिक विवाह में गहना, कपड़ा, वर्तन में हुई हेरा फेरी जांच का विषय है। अब देखना यह है कि विवाह में हुई हेरा फेरी की उच्च अधिकारी स्तरीय जांच होती है या लिपापोती करके मामले को तह बह कर दिया जाता है।

## 'रन फॉर राम' आयोजन की तैयारी बैठक संपन्न



स्वतंत्र प्रभात

**अयोध्या।** आज क्रीड़ा भारती द्वारा आगामी 'रन फॉर राम' मैराथन की तैयारियों को अंतिम रूप देने हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता माननीय प्रांत प्रचारक कौशल जी ने की, जिसमें क्रीड़ा भारती के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य माननीय अवनीश सिंह जी, प्रांत अध्यक्ष माननीय गोविन्द पांडेय जी, अयोध्या के महापौर माननीय गिरीशपति त्रिपाठी जी, हनुमान गढ़ी के महंत गौरीशंकर दास जी क्रीड़ा भारती के उपाध्यक्ष अवध प्रांत डॉ अवधेश कुमार वर्मा , मंत्री अभिषेक सिंह ब्लॉक प्रमुख मसौधा , शांतनु सिंह, सहित क्रीड़ा भारती के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**बैठक के मुख्य बिंदु-**

आयोजन तिथि- 13 अप्रैल 2025 (हनुमान जयंती)

मैराथन श्रेणियाँ

21 किमी फुल मैराथन

10 किमी हाफ मैराथन

3 किमी फैमिली रन

पंजीकरण- आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध होगी।

मार्ग (रूट)- राम पथ पर मैराथन का आयोजन होगा।

पारंपरिक खेल आयोजन- 11 अप्रैल को कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल और बास्केटबॉल जैसे खेलों का आयोजन भजन संध्या स्थल पर किया जाएगा।

प्रेस कॉन्फ्रेंस- 5 अप्रैल को अयोध्या एवं अन्य जनपदों में आयोजित की जाएगी।

बैठक में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने आयोजन की सफलता हेतु अपने सुझाव एवं समर्थन प्रदान किए। क्रीड़ा भारती इस आयोजन के माध्यम से समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता एवं सांस्कृतिक मूल्यों के प्रसार के लिए प्रतिबद्ध है।

## समय माता मंदिर पर9 दिवसीय कथा का आयोजन प्रथम दिन कलश यात्रा के बाद पूजन एवं स्थापना का आयोजन

● नागा गिरिजेश दास महाराज जी मुखारविंद सेज्ञानवर्धक कथा श्रवण करने से समस्त पापों का नाश होता है तथा सुख समृद्धि बढ़ती है

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले के कप्तानगंज विकासखंड अंतर्गत पोखरा पोखरनी मार्ग पर स्थित समय माता मंदिर पर नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के प्रथम दिवस में बाजे गाजे के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई एवं मानस के रसिक प्रवक्ता नागा महंत गिरजेश दास महाराज दिगंबर अखाड़ा चित्रकूट बैठक पोखरा सरकार ने बताया की प्रभु श्रीराम का नाम ही इंसान को भवसागर से पार कर सकता है। मनोरमा नदी के तट से जल भरकर इस कथा से समस्त क्षेत्र आमजन मानस में अमन-चैन सुख समृद्धि व दैवीय आपदा जैसी बाधाओं से मुक्ति के लिए यह कार्यक्रम किया जा रहा है इस मौके पर आचार्य सत्यनारायण दास



विवेक पाठक विकास शुभम सुनील सरयू शुक्ला कक्कू शुक्ला प्रेमनाथ घनश्याम तिवारी राजेंद्र पूर्णमासी गौड विकास शुक्ला सौरभ उपाध्याय व कार्यक्रम के मुख्य यजमान श्रीराम गौड व उनकी धर्मपत्नी शान्ति देवी, सुशीला गार्गी सुनीता रागिनी पिंकी सोनी गीता सौम्या पूजा कीर्ति श्रद्धा निधि कुशलावती सोनमती आदि भारी संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित रहे। कथा स्थल पोखरनी पोखरा मार्ग पर गोयरी सम्मय माता मंदिर के पास जिसमें आप समस्त क्षेत्रवासी भक्तगण सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

## बस्ती में भाजपा ने विवेकानंद मिश्रा को दोबारा जिलाध्यक्ष निर्वाचित किया

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले के दुबोला चौराहा पर भारतीय जनता पार्टी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा खुशी का इजहार किया तथा मिठाइयां बाती जिले में भाजपा ने विवेकानंद मिश्रा पर भरोसा जताते हुए उन्हें बस्ती जिले का दोबारा जिलाध्यक्ष निर्वाचित किया है। रविवार को पार्टी कार्यालय पर आयोजित एक समारोह में यह घोषणा की गई। इस अवसर पर पार्टी के कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया। जिलाध्यक्ष के नाम की घोषणा से पहले, पार्टी कार्यालय पर सुबह से ही कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ जुटी हुई थी। सभी उम्मीदवार और उनके समर्थक उत्सुकता से परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे थे। कार्यक्रम की शुरुआत पार्टी कार्यालय पर वंदे मातरम् के गायन से हुई। दोपहर 2.45 बजे जिलाध्यक्ष के नाम की घोषणा की गई, जिसके बाद कार्यकर्ताओं ने "भारत माता की जय" और "वंदे मातर" के नारे लगाए। दूसरी बार जिलाध्यक्ष बनने पर विवेकानंद



मिश्रा ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे पार्टी कार्यकर्ताओं के विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे और पार्टी को और मजबूत बनाने के लिए काम करेंगे।

दोबारा जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी के कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। हरदी मंडल अध्यक्ष लवकुश शुक्ला के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता दुबौला चौराहे पर एकत्र हुए और उन्होंने दोबारा नियुक्त हुए जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र को बधाई दी। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष सिंकु सिंह, माता प्रसाद तिवारी, अमर बहादुर सिंह, वासुदेव तिवारी, राकेश मिश्रा, प्रमोद उपाध्याय, शिवम अग्रहरी, कमलेश मिश्रा, बाब्बू उपाध्याय, विजय कुमार पांडे, अनुराग पांडेय, लालजी शुक्ला, परमात्मा प्रसाद शुक्ला, पंकज पांडे, अजय चौहान, सूर्य चौहान रामजनम कनौजिया, कृष्ण कुमार वर्मा, रामचरित भारती, गब्बर उपाध्याय सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया।

## किशोरी को लेकर पड़ोसी युवक हुआ फरार, केस दर्ज

**सिद्धार्थनगर।** चिल्हिया थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी को झांसा देकर गांव का ही एक युवक अपने साथ लेकर फरार हो गया है। किशोरी के भाई ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है, लेकिन एक सप्ताह बीतने के बाद भी उसका पता पुलिस नहीं लगा पाई है। दिए गए तहरीर में भाई ने बताया कि आठ मार्च की रात को पूरा परिवार सोया हुआ था। सुबह जब परिवार उठा तो देखा कि बहन घर पर नहीं थी। इसके बाद इसकी खोजबीन हम पूरा परिवार शुरू किए। तब पता चला कि हमारे पड़ोस का लड़का भी अपने घर से गायब है और मेरी बहन को भी अपने साथ ले गया है। लड़की के भाई ने कहा है कि उसकी बहन अपने साथ कई आभूषण व नकद भी ले गई है। आरोपित व उसकी मां अभी तक गांव में नहीं आई हैं। इस संबंध में चिल्हिया प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपित व लड़की की खोज में पुलिस लगी हुई है।

# समाजसेवा का अनूठा उदाहरण, 'साथी हाथ बढ़ाना' ट्रस्ट ने 10 माह के बच्चे के इलाज के लिए जुटाया सहयोग

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** जिले में शहर में होली की तैयारियों के बीच, 'साथी हाथ बढ़ाना' ट्रस्ट ने एक नेक काम करके समाजसेवा का अनूठा उदाहरण पेश किया है। ट्रस्ट के सदस्यों ने 10 माह के एक बच्चे के इलाज के लिए सड़कों पर उतरकर लोगों से आर्थिक मदद करने की अपील की भारी संख्या में लोगों ने सहयोग भी किया। आपको बताते चलें कि पुरानी बस्ती के निवासी हिमांशु कसौधन के 10 माह के बेटे ओम कसौधन को 'थैलेसीमिया' नामक गंभीर बीमारी है। डॉक्टरों ने बच्चे के बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए 25 से 30 लाख रुपये का खर्च बताया है, जो एक साधारण परिवार के लिए जुटाना असंभव है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकुर वर्मा ने पीड़ित परिवार से मिलकर हरसंभव मदद का आश्वासन दिया और सोशल मीडिया पर लोगों से सहयोग करने के लिए अपील भी की। तत्काल इस पोस्ट को संज्ञान में लेते हुए %साथी हाथ बढ़ाना% ट्रस्ट के संस्थापक राजकुमार पाण्डेय की टीम ने तुरंत असहाय परिवार के मदद की पहल की। ट्रस्ट के सदस्य इंद्रमणि पाण्डेय, डॉ. एलके पाण्डेय, भूपेंद्र यादव, शैलेंद्र पाठक, राजकुमार गौतम और स्वामी नाथ ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और उनकी व्यथा सुनी। उन्होंने बच्चे के इलाज के लिए क्राउडफंडिंग के माध्यम से धन जुटाने का निर्णय लिया। गुरुवार की सुबह, ट्रस्ट के सदस्य सड़कों पर उतरे और लोगों से बच्चे के इलाज के लिए दान करने की अपील की। उन्होंने उसी दिन 11,225 रुपये इकट्ठा किए और सीधे पीड़ित परिवार के खाते में जमा कराए हालांकि कुछ लोगों ने ऑनलाइन और बारकोड के माध्यम से भी पीड़ित परिवार की मदद की। ट्रस्ट ने यह भी आश्वासन दिया कि वे बच्चे के इलाज के लिए धन जुटाने के प्रयास को तब तक जारी रखेंगे जब तक की पीड़ित असहाय परिवार के पास इतना पैसा नहीं हो जाता कि वह एम्स जैसे संस्थानों में जाकर बीमारी से जूझ रहे 10 माह के बच्चे की जांच करवा सके और अस्पताल से एस्टीमेट बनवा सके, एस्टीमेट बनवाने के बाद प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री राहत कोष से भी पैसे रिलीज हो जाएंगे लेकिन इससे पहले जांच और एडमिट होने की प्रक्रिया में



लगभग 1 लाख रुपए के खर्च आने हैं और असहाय परिवार के पास इतना भी पैसा नहीं है कि वह अपने बच्चों को एम्स में ले जाकर जांच करवा सके। ट्रस्ट के संस्थापक राजकुमार पाण्डेय ने कहा, "हम इस बच्चे की जान बचाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। हम लोगों से अपील करते हैं कि वे आगे आएं और इस नेक काम में हमारा साथ दें।" आगे उन्होंने बताया कि आज पूरा देश रंगों की होली मना रहा है हम और हमारी संस्था के सदस्य सड़कों पर उतरकर असहाय परिवार की मदद में लगे हुए हैं अगर हम लोग उस अबोध बालक के लिए कुछ भी सहयोग करने में सफल होते हैं तो यह हमारे देश की सबसे अच्छी एवं सच्ची होली होगी। इस पहल में एल के पाण्डेय, इंद्रमणि पाण्डेय, डॉ एस के चौधरी, डॉ सत्येंद्र दूबे, शैलेन्द्र पाठक, नंद किशोर गुप्ता, साचेन्द्र मिश्र, राजकुमार गौतम, गुड्डू सिंह, भूपेंद्र यादव, स्वामीनाथ यादव, सोमनाथ दूबे, बब्बू मिश्र, मो0 अशरफ आदि लोग जन सहयोग से मासूम का इलाज करवाने के लिए लगातार अपील कर रहे हैं। 'साथी हाथ बढ़ाना' ट्रस्ट का यह प्रयास समाज में एकजुटता और करुणा की भावना को प्रदर्शित कर रहा है। यह दिखाता है कि अगर लोग मिलकर काम करें, तो किसी भी मुश्किल को दूर किया जा सकता है।

## अज्ञात कारणों से लगी रिहायशी मकान में आग, घर में रखा सारा सामान जल कर हुआ राख

● फायर ब्रिगेड व कप्तानगंज पुलिस एवं ग्रामीणों के प्रयास के बाद भी घर जल कर राख प्रधान प्रतिनिधि सुभाष निषाद व रोजगार सेवक हरिशंकर यादव ने हर संभव मदद का दिलाया भरोसा

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बघौड़ा के राजस्व गांव कोइलरा पोस्ट- दयलापुर में अज्ञात कारणों से अर्जुन कुमार पुत्र राम प्रसाद के रिहायशी मकान में आग लग गई जिससे घर में रखा सारा समान जलकर राख हो गया। आपको बता दें कि दिनांक - 13-03-2025 को शाम को लगभग 05 बजे अर्जुन कुमार के घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई आल लगने की सूचना पर पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीण आग को बुझाने में पूरी ताकत झोंक दिये परन्तु आग की लपटे इतनी तेज थी कि आग



पर काबू पाना मुश्किल हो गया। आग की लपटो को देखकर आग पर काबू पाने में नकाम होने पर कप्तानगंज पुलिस एवं फायर ब्रिगेड को फोन के माध्यम से सूचना दी गई। ग्रामीणों की सूचना पर घटना स्थल पर तत्काल कप्तानगंज पुलिस व फायर ब्रिगेड पहुंची। कप्तानगंज पुलिस व फायर ब्रिगेड ने प्रयास किया लेकिन पूरा घर में रखा समान जलकर राख हो गया। दलित गरीब परिवार खुले आसमान रहने को मजबूर है। अनाज ,कपड़ा, जेवरात , पेटी समेत अन्य समस्त कीमती सामाग्री भी जलकर राख हो गया। पीड़ित परिवार का हो- हो कर बुरा हाल है। प्रधान प्रतिनिधि सुभाष निषाद व रोजगार सेवक हरिशंकर यादव ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

# शोषित, वंचित समाज के राजनैतिक प्रेरणा स्रोत कांशीराम की धूमधाम से मनाई गई 91वीं जयंती

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले मेंअपना दल एस के तत्वाधान में शनिवार को हर्रैया विकास खण्ड के औरातोंदा चौराहे पर शोषित, वंचित समाज के राजनैतिक प्रेरणास्रोत मान्यवर कांशीराम की 91वीं जयंती समारोह धूमधाम के साथ मनाई गई। कार्यकताओं ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए बताये गये रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। जयंती समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि अपना दल एस के राष्ट्रीय सचिव राम नयन पटेल ने कहा कि मान्यवर साहब के सामाजिक और राजनीतिक विचारों से शोषित, वंचित समाज में राजनैतिक जागृति आई और दलित, पिछड़े तथा अल्पसंख्यक सत्ता प्राप्ति के लिए तैयार हुए। उनका कहना था कि "हमारा एक मात्र लक्ष्य इस देश पर शासन करना है. इसके लिए वे निरन्तर प्रयास करते रहे, पिछड़ों, दलितों में राजनैतिक चेतना जगाने के लिए कांशीराम साहब ने कई हजार किलोमीटर साइकिल से यात्रा की। प्रदेश महासचिव राम



सिंह पटेल ने कहा कि लोकतंत्र के सभी स्तम्भों में शोषित, वंचित समाज के उचित प्रतिनिधित्व के लिए काशीराम जी अक्सर यह नारा लगाया करते थे कि ÷जिसकी जितनी संख्या भारी! उसकी उतनी हिस्सेदारी!! जिसकी जितनी हिस्सेदारी! उसकी उतनी जिम्मेदारी!!" आगे कहा कि दलित एवं पिछड़ा समाज उनके कार्यो को लेकर आजीवन ऋणी रहेगा।जयंती समारोह की अध्यक्षता अनुसूचित मंच के जिला उपाध्यक्ष मनीष कुमार गौतम एवं संचालन जिला मीडिया सचिव मनीष कुमार श्रीवास्तव ने किया। जयंती समारोह में जिलाध्यक्ष राजमणि पटेल, निसार अहमद, संजय चौधरी, संतराम पटेल, प्रदीप पटेल, राम जियावन दास, अब्बास अली, संतराम पटेल, राम चरित्र सोनकर, रामधनी चौधरी, सईद खान, तिलकराम गौतम, संतोष चौधरी, मन्नू निषाद, गोल कश्यप, ध्रुव कुमार, नितिन निषाद, सुनील कुमार वर्मा, लवकुश निषाद, मोहित राम गौतम प्रधान, आज़ाद कुमार, संतोष राज, रमेश पटेल, जितेंद्र, गुड्डू निषाद, पवन कुमार चौधरी, गुप्ता, संत कुमार गौतम आदि मौजूद रहे।

# गाड़ियों के डैशबोर्ड पर पुलिस की टोपी रखने का बढ़ता चलन,बना चर्चा का विषय

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर-** जनपद में इन दिनों एक अनोखा चलन चर्चा का विषय बना हुआ है। कई पुलिसकर्मी या उनके परिजन अपनी गाड़ियों के डैशबोर्ड या पीछे की सीट पर पुलिस की टोपी रखकर सड़कों पर बेखौफ दौड़ते नजर आ रहे हैं। माना जा रहा है कि यह तरीका उन्हें यातायात नियमों की कार्रवाई से बचाने के लिए अपनाया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, कुछ पुलिसकर्मियों के परिजन और रिश्तेदार भी इस "टोपी ट्रिक" का फायदा उठाते हुए सड़कों पर बेधड़क वाहन चला रहे हैं। कई मामलों में देखने को मिला है कि बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले या ट्रैफिक सिग्नल तोड़ने वाले कुछ वाहन चालकों की गाड़ियों पर पुलिस की टोपी रखी होती है, जिससे ट्रैफिक पुलिस उन पर हाथ डालने से हिचकिचाती है।

न केवल स्थानीय, बल्कि बाहरी राज्यों के पुलिसकर्मी भी अपना रहे यह तरीका यह प्रवृत्ति केवल जौनपुर तक सीमित नहीं है। पड़ोसी राज्यों के कुछ पुलिसकर्मी भी अपनी गाड़ियों पर पुलिस की टोपी रखकर नियमों से



बचने का प्रयास करते देखे गए हैं। यह तरीका इतना प्रभावी हो चला है कि अब यह चर्चा का विषय बन गया है।

**प्रशासन की नजर, जल्द होगी कार्रवाई-** इस विषय पर जब ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों से बात की गई तो उन्होंने कहा कि यह नियमों का उल्लंघन है और इस पर सख्ती से रोक लगाई जाएगी। प्रशासन जल्द ही ऐसी गाड़ियों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करेगा, ताकि ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु बनी रहे और किसी को कानून से ऊपर होने का लाभ न मिल सके।

**नागरिकों की मांग - सख्त हो नियमों का पालन-** शहरवासियों का कहना है कि यातायात नियम सभी के लिए समान होने चाहिए और ऐसी प्रवृत्तियों पर रोक लगनी चाहिए। यदि कोई नियमों का उल्लंघन करता है, तो उसकी वर्दी या पद नहीं, बल्कि उसके कृत्य के आधार पर कार्रवाई होनी चाहिए। देखना यह होगा कि प्रशासन इस प्रचलित "टोपी ट्रिक" पर कैसे अंकुश लगाता है और क्या भविष्य में इस पर कोई ठोस कार्रवाई होती है या नहीं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### पारिवारिक कलह से परेशान युवक ने फांसी के फंदे से झूलकर दी जान

**कौशाम्बी।** जनपद में पारिवारिक कलह से परेशान युवक ने फांसी के फन्दे से झूलकर अपनी जान दे दी,परिजनों ने युवक का शव फन्दे से लटकता देखा तो पुलिस को सूचना दी,परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुटी हुई है।वही युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मामला कोखराज थाना क्षेत्र के निधियावां गांव का है जहां के कुलदीप कुमार पुत्र गंगादीन उम्र लगभग 26 वर्ष ने फांसी लगा कर जान दे दी है। कुलदीप की शादी हो चुकी थी, लेकिन उसके कोई सन्तान नहीं थी,जिसकी वजह से घर पर आये दिन विवाद होता रहता था,जिससे परेशान होकर उसने आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर कोखराज थाना क्षेत्र के शहजादपुर चौकी प्रभारी ने मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा और मौत के कारण की जांच में जुटी हुई है।

### कौशाम्बी जिला जेल में होली की धूम,जेल अधीक्षक ने बन्दियों के साथ खेली होली

**कौशाम्बी।** जनपद जेल में रंगोत्सव का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बन्दियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया। होली खेलने के बाद बन्दियों ने ढोलक की थाप पर फगुआ गीत भी गाए और जमकर थिरके।जेल अधीक्षक अजितेश मिश्रा ने भी बन्दियों को गुलाल लगाकर हर्बल रंगों से होली खेली। जिला जेल में बन्दियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाते हुए जमकर होली पर मस्ती की। जिला जेल बन्दियों द्वारा गाए फगुआ गीतों से गुंजायमान रहा। जेल अधीक्षक ने सभी बन्दियों को विभिन्न प्रकार के व्यंजन परोसे गये। इस मौके पर जेलर व जेल आरक्षी एवं वन्दीगण मौजूद रहे।

### मल्लावां में होली का त्योहार आपसी भाईचारे वह प्रेम के साथ मनाया गया

**मल्लावां/हरदोई।** होली का त्योहार क्षेत्र में परम्परागत तरीके से रंग, गुलाल खेलकर व गले मिलकर मनाया गया। वही होरियारों ने टोलियां निकालकर होली मनाई। कस्बे व क्षेत्र में होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। शुक्रवार की भोर में होली में आग लगने से लोगो ने पहले होली का पूजन किया फिर जमकर रंग खेला। और डीजे की धुनों पर होरियारों की टोलियां निकाल कर रंग खेला। वही कटरा मे चंदगीराम मिश्रा, गिरीश चंद्र व मोहिद्दीनपुर में रामदास वर्मा के नेतृत्व में होरियारों की टोली निकाली गयी जिसमे लोगो ने होली के फाग गाये और एक दूसरे के गले मिलकर रंग गुलाल लगाया। टोलियां विभिन्न मुहल्लों में जाकर घूमी। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस फोर्स भी लगा रहा। वही ग्रामीण क्षेत्रों में भी होली का त्योहार पर धूमधाम रही। लोगो ने सड़क पर ड्रामों में भरकर रंग रखा और निकलने वाले लोगो को रंगों से सराबोर कर दिया। गली में घूम घूम कर पहले होली खेली फिर एक दूसरे के गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी। कस्बे में निकल रही होली चाचर का चेयरमैन प्रतिनिधि परवेज आलम ने फूल बरसाकर स्वागत किया। विधायक आशीष सिंह, आशू ने अपने गांव देवमनपुर में होली खेली। वही होली मिलन समारोह विधायक आशीष सिंह आशू, के कार्यालय देवमनपुर पर, पूर्व विधायक सतीश वर्मा, पूर्व चेयरमैन अजय मुंशी, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के बड़े भाई राजेश पाठक, विशाल जायसवाल के कार्यालय पर सुबह से शाम तक होली मिलन समारोह में लोग एक दूसरे से मिलते रहे।

### सिद्धार्थ विश्वविद्यालय परिसर में राज्यपाल के आगमन को लेकर कुलपति ने की तैयारी बैठक

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में 17 मार्च को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल का आगमन हो रहा है। सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में राज्यपाल के आगमन से संबंधित तैयारी बैठक में कुलपति प्रोफेसर कविता शाह ने कहा विश्वविद्यालय अपने कुलाधिपति का स्वागत करने के लिए उत्साहित है। उन्होंने तैयारी बैठक की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित को बताया की 17 मार्च को राज्यपाल लगभग दिन के 12ः00 बजे विश्वविद्यालय परिसर में आएंगी। उसके उपरांत जिले के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगी तथा विभिन्न योजनाओं से सम्बंधित कार्यक्रम सम्पन्न करेंगी । सायं पांच बजे कुलाधिपति विश्वविद्यालय के अधिकारियों शिक्षकों के साथ बैठक कर विश्विद्यालय की शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर तथा निर्माण कार्य एवं प्रगति की समीक्षा करेंगी। विश्वविद्यालय की प्रगति यात्रा का विवरण पीपीटी के माध्यम से कुलपति प्रोफेसर कविता शाह प्रेजेंटेशन राज्यपाल के सम्मुख प्रस्तुत करेंगी। विश्वविद्यालय परिसर का भ्रमण एवं निरीक्षण भी उनके कार्यक्रम में सम्मिलित है। रात्रि में राज्यपाल विश्वविद्यालय के अतिथि गृह में निवास करेंगी। दूसरे दिन सुबह मंगलवार को 8ः30 बजे उनका प्रस्थान रहेगा। विश्वविद्यालय में सभी कार्य नियमित रूप से चलते रहेंगे। कक्षाएं भी नियमित रूप से पूर्व समय सारिणी के अनुरूप संचालित होंगी। परिसर की साफ सफाई भी पूर्व की दिवसों की भांति व्यवस्थित रूप से होती रहेगी। कुलपति प्रोफेसर कविता शाह ने बताया कि कुलाधिपति के कर कमल द्वारा विश्वविद्यालय की नवीन वेबसाइट का भी लोकार्पण कराए जाने का कार्यक्रम है। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ अमरेंद्र कुमार सिंह सभी संकायों के अधिष्ठाता मुख्य नियंता एवं शिक्षक अधिकारी उपस्थित रहे।

# सुशील कुमार त्रिपाठी बने सुलतानपुर भाजपा के नए जिलाध्यक्ष

स्वतंत्र प्रभात

**सुलतानपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने सुलतानपुर जिले में संगठन को और मजबूती देने के लिए सुशील कुमार त्रिपाठी को नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। त्रिपाठी पार्टी संगठन में पिछले 12 वर्षों से सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं और वर्तमान में भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री पद पर भी कार्यरत हैं।

**अनुभव और संगठन में सक्रियता**

सुशील कुमार त्रिपाठी लंबे समय से भाजपा संगठन में कार्य कर रहे हैं। पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा और कार्यकुशलता को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। त्रिपाठी संगठनात्मक कार्यों में दक्ष माने जाते हैं और पार्टी के भीतर कार्यकर्ताओं के बीच उनकी मजबूत पकड़ है।

**भाजपा में उत्साह, कार्यकर्ताओं ने दी बधाई**

जिलाध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। समर्थकों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। त्रिपाठी ने कहा कि वे पार्टी



की नीति और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए पूरी मेहनत करेंगे। उनकी नियुक्ति को आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की रणनीति से भी जोड़कर देखा जा रहा है। भाजपा संगठन को मजबूत करने के लिए यह कदम काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# पत्रकारों ने एक दूसरे के गले मिलकर दी होली की बधाई

स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई।** शाहाबाद ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के महामंत्री आलोक पाठक के मोहल्ला चौक स्थित मंगलम निवास पर पत्रकारों के होली मिलन कार्यक्रम में सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर बधाई दी।इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक क्राइम शिव गोपाल यादव ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली त्यौहार बुराई मिटाकर आपसी मेलजोल बढ़ाने का पर्व है इस पर्व पर लोग रंगों की तरह ही एक दूसरे के स्नेह और प्रेम में घुल जाते है।उन्होंने कहा कि शाहाबाद में सभी पर्व बड़े मेलजोल से मनाए जाए है यह एक बहुत ही अच्छी परम्परा है और सभी लोग प्रशासन और पुलिस का बहुत सहयोग करते है।ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि पत्रकारों का होली मिलन का यह कार्यक्रम सराहनीय है पत्रकार समाज का आईना है जो सदैव सच को दिखाने में तत्पर है।श्री सिंह ने कहा कि होली प्रेम, एकता और भाईचारे का पर्व है। यह रंगों का त्योहार न केवल खुशियाँ बाँटने का अवसर देता है, बल्कि समाज में आपसी प्रेम और सद्भावना को भी बढ़ावा देता है। यह त्योहार पुराने गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाने का संदेश देता है। होली के रंग यह दर्शाते हैं कि



सभी एक समान हैं, चाहे जाति, धर्म या भाषा कोई भी हो। यह पर्व परिवार, दोस्तों और समाज के साथ मिलकर खुशियाँ बाँटने का अवसर होता है। इसलिए, होली न केवल रंगों का त्योहार है, बल्कि प्रेम और एकता का भी प्रतीक है। जिला महामंत्री रजनीश सिंह ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम, सौहार्द्र, और आपसी मेल-मिलाप का संदेश भी देता है। यह हमें ईर्ष्या, द्वेष और वैमनस्य को त्यागकर खुशियों के रंगों में सराबोर होने की प्रेरणा देता है। इस पावन पर्व पर आइए, हम सभी नफरत की होलिका जलाएँ और प्रेम, आनंद और सौहार्द्र के रंगों को अपनाएँ। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अम्बरीष कुमार सक्सेना ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि यह आपसी प्रेम और सद्भाव बढ़ाने का अवसर भी है। यह पुरानी कटुता को भुलाकर नए रिश्ते बनाने का समय होता है।इस तरह होली आनंद और उमंग का पर्व है। इसलिए, आइए इस होली को पूरे हर्षोल्लास और प्रेम के साथ मनाएँ और सभी के जीवन में रंग भरें।इस अवसर पर लखनऊ मण्डल उपाध्यक्ष अशरफ अली खां,जिला मंत्री सैय्यद रईस अली,महामंत्री आलोक पाठक, दिनेश कुमार मिश्रा,अखिलेश बाथम,अतुल मिश्रा, प्रभाकर त्रिपाठी, आशीष अवस्थी, कमलेश त्रिवेदी, महेन्द्र सिंह राणा, सत्येंद्र कुमार श्रीवास्तव, जिला मीडिया प्रभारी नवल किशोर आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# एससी-एसटी एक्ट में नाम दर्ज तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

स्वतंत्र प्रभात

**कछौना, हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र कछौना के अंतर्गत रामसिह पासी पुत्र स्व0 गंगू पासी निवासी गढी मजरा कमालपुर कोतवाली कछौना ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि शुक्रवार की दोपहर में होली के गाने गाये जा रहे थे। उसमे कुछ पैसा इनाम का आया था। जिसके बटवारे को लेकिन ग्राम गढ़ी मजरा कमालपुर निवासी धर्मवीर पुत्र मुलायम सिंह आये और जाति सूचक गालियां देने लगे, इसका विरोध करते हुए उन्हें जाने को कहा, तुम चले जाओ हम लोग अपना पैसा आपस में बांट लेंगे इतने में धर्मवीर ने कहा रूको अभी मैं आता हूं, कुछ देर बाद वह शिवा सिंह पुत्र अनिल सिंह व सूरज पुत्र अनिल सिंह निवासी गण सुब्बा बाग थाना सण्डीला हरदोई और धर्मवीर सिंह पता उपरोक्त दो चार पहिया गाडी जिसमे एक बोलेरो व एक बेगनार नम्बर अजात में बैठे चार पांच अजात व्यक्ति आये और एक राय होकर पासी दलित मोहल्ले में घुसकर जो जहां मिला उसको जाति सूचक गालियां देते हुए लाठी डन्डो से मारा पीटा तथा उनमें से शिवा सिंह ने जान से मारने की नियत



से हम लोगों पर फायर कर दिया। इस घटना में पीड़ित घायल हो गए हैं। पीड़ित ने किसी तरह से जान बचाकर कोतवाली में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। कछौना पुलिस ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए तीन नामदर्ज अभियुक्त धर्मवीर सिंह पुत्र मुलायम सिंह निवासी ग्राम गढी कमालपुर कोतवाली कछौना, सोनू उर्फ सूरज बाजपेई पुत्र राजेश कुमार बाजपेई, अभिषेक तिवारी पुत्र देशराज तिवारी निवासीगण ग्राम सुम्बा बाग थाना संण्डीला जनपद हरदोई व अन्य 04-05 अभियुक्तों के विरुद्ध पीड़ित के साथ गाली-गलौज एवं मारपीट कर घायल करने के संबंध में कोतवाली में धारा 3 (5) / 115(2)/352/351(3)/109(1) बीएनएस व 3 (2) (1) /3 (1) (द)/3(2)(1ड्ड) एससी/एसटी एक्ट का मामला पंजीकृत किया गया। नाम दर्ज उपरोक्त तीनों अभियुक्तों को कछौना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं अज्ञात में दर्ज अभियुक्तों को गिरफ्तार करने का प्रयास कछौना पुलिस द्वारा किया जा रहा है।

# अजीत सिंह बब्बन भारतीय जनता पार्टी के दोबारा जिलाध्यक्ष बने

स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई ।**भारतीय जनता पार्टी ने यूपी में प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव से पहले पार्टी संगठन में जिलास्तर पर भारी बदलाव कर दिया है लेकिन जिला हरदोई में एक बार फिर से अजीत सिंह बब्बन पर भारतीय जनता पार्टी ने भरोसा जताते हुए हरदोई जिले की कमान सौंपी है। उन्हें दोबारा हरदोई भारतीय जनता पार्टी का जिलाध्यक्ष घोषित किया गया है। ज्ञातव्य हो कि अजीत सिंह बब्बन काफी समय से क्ष्छ्कसे जुड़े हुए हैं। संघर्ष के दिनों में जब चंद लोग ही भारतीय जनता पार्टी का झंडा लेकर चलते थे बब्बन भी उसमें शामिल थे। पार्टी ने एक बार फिर उन पर भरोसा जताते हुए हरदोई का जिला अध्यक्ष बनाया है। यहां पर 17 लोगों ने जिलाध्यक्ष पद के लिए आवेदन किया था। चुनाव अधिकारी नरेश वालिया ने पर्यवेक्षक एमएलसी सुभाष यदुवंश की मौजूदगी में जिलाध्यक्ष का ऐलान किया। इस दौरान उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी समेत सांसद और विधायक भी मौजूद रहे। 42 वर्षीय अजीत सिंह बब्बन परास्नातक तक शिक्षित हैं। वर्तमान में भी वह जिलाध्यक्ष का पद संभाल रहे थे। इससे पूर्व वह जिला महामंत्री, दो बार भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष रहे। वह मानवाधिकार प्रकोष्ठ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह संयोजक, अखिल भारतीय




विद्यार्थी परिषद के विद्यालय प्रमुख एवं महाविद्यालय प्रमुख भी रह चुके हैं। वह स्वयं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रशिक्षित स्वयंसेवक हैं। वर्ष 1998 में भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष रामबहादुर सिंह के कार्यकाल में सबसे पहले उन्हें युवा मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। वर्ष 2005 में वर्ष 2005 में 24 वर्ष की आयु में भाजयुमो जिलाध्यक्ष एवं वर्ष 2007 में 26 वर्ष की आयु में भारतीय जनता पार्टी का जिला महामंत्री बनाया गया। वर्ष 2009 में जिला उपाध्यक्ष एवं वर्ष 2019 में पुनः जिला महामंत्री बनाए गए थे। कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से अजीत सिंह का स्वागत किया।अजीत सिंह बब्बन ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने पार्टी संगठन को और मजबूत करने का संकल्प लिया। लखनऊ रोड स्थित भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिला चुनाव अधिकारी एवं पूर्व मेयर सहारनपुर संजीव वालिया ने अजीत सिंह बब्बन के नाम की घोषणा की। बहरहाल, ग्राम महुईपुरी के प्रशिक्षित स्वयंसेवक शिक्षक पिता के पुत्र अजीत सिंह बब्बन को एक बार फिर से हरदोई से भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया है।भाजपा कार्यकर्ताओं ने अजीत सिंह बब्बन का फूल मालाओं और मिठाइयों से स्वागत करते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

# भाजपा जिलाध्यक्ष बने विजय मौर्य, महानगर जिलाध्यक्ष आनन्द द्विवेदी निर्विरोध निर्वाचित

**..... भाजपा हाईकमान ने रविवार को जारी की नवनिर्वाचित जिलाध्यक्षों की सूची ।**

**...... दोबारा महानगर जिलाध्यक्ष बने आनन्द द्विवेदी निर्विरोध निर्वाचित ।**

स्वतंत्र प्रभात

**विनीत कुमार मिश्रा**

**लखनऊ ।** भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को लखनऊ महानगर और जिला अध्यक्ष के नाम की घोषणा कर दी है। जिला प्रभारी की मौजूदगी में हुए इस कार्यक्रम में विजय मौर्य को लखनऊ का नया जिलाध्यक्ष बनाया गया, वहीं आनन्द द्विवेदी को निर्विरोध महानगर अध्यक्ष निर्वाचित गया है। इस मौके पर चुनाव पर्यवेक्षक रजनीकांत माहेश्वरी, पूर्व मंत्री रमापति राम त्रिपाठी, राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण लोधी और एमएलसी रामचंदर प्रधान मौजूद रहे।

### नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष विजय मौर्य का संक्षिप्त परिचय....

**........काकोरी के पहिया आजमपुर गांव से राजनीति की शुरुआत........**



विजय मौर्य का जन्म काकोरी के पहिया आजमपुर गांव में हुआ। वे युवाओं के बीच बहुत ज्यादा लोकप्रिय हैं। लंबे समय से पार्टी के साथ साथ संगठन में भी सक्रिय भूमिका रही । उनकी नेतृत्व क्षमता और संगठनात्मक कौशल को देखते हुए पार्टी ने लखनऊ जिलाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। विजय मौर्य की उम्र लगभग 42 वर्ष है, विजय मौर्य इससे पहले बीजेपी लखनऊ के जिला महामंत्री थे। भाजपा संगठन में उनकी सक्रियता और जमीनी पकड़ को देखते हुए पार्टी कमान ने उन्हें इस पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। विजय मौर्य को जिलाध्यक्ष बनाने का फैसला संगठन की महत्वपूर्ण रणनीति का हिस्सा है।

**ओबीसी वोट बैंक को साधने की कोशिश**

भाजपा ने उन्हें ओबीसी फैक्टर, बेदाग छवि और संगठन में लंबे अनुभव को देखते हुए चुना है। पूर्व मंत्री कौशल किशोर की हार के बाद दलित-ठाकुर समुदाय के बीच असंतोष को देखते हुए बीजेपी ने ओबीसी चेहरे को आगे कर बेहतरीन संतुलन बनाने की कोशिश की है।

# दोबारा लखनऊ महानगर अध्यक्ष बने आनन्द द्विवेदी निर्विरोध निर्वाचित

स्वतंत्र प्रभात

बीजेपी ने आनंद द्विवेदी को लखनऊ महानगर का फिर से अध्यक्ष नियुक्त किया है। राज्यसभा सांसद और चुनाव अधिकारी नवीन जैन ने संगठन पर्व 2025 कार्यक्रम के मौके पर यह घोषणा की। आनंद द्विवेदी संगठन के मजबूत रणनीति कार माने जाते हैं। उन्होंने वार्ड से राजनीति की शुरुआत के



साथ लगभग 50 साल से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में सक्रिय हैं। उनकी बेदाग छवि गैर विवादित और साफ-सुथरी राजनीति की है। लंबे समय से संगठन के साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर जुड़े रहे। पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच मजबूत पकड़ है। आरएसएस बैकग्राउंड और संगठन के अनुभव का उन्हें फायदा मिला है।

# पीडीए पंचायत को संबोधित करते समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष राम ज्ञान गुप्ता

स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई।** गोपामऊ विधानसभा के गांव पिहनिया मे पीडीए पंचायत को संबोधित करते समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं हरदोई नगर पालिका के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रहे रामज्ञान गुप्ता ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव के निर्देश पर 27 जनवरी 2025 से प्रदेश के सभी जनपदों में बूथ स्तर तक पीडीए पंचायत का आयोजन शुरू हो गया है। यह कार्यक्रम 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने और श्री अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के संकल्प के साथ अनवरत जारी रहेगा। रामज्ञान गुप्ता ने कहा है कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। भाजपा सरकार महंगाई रोकने में पूरी तरह से विफल है। महंगाई चरम पर है। बढ़ी महंगाई के कारण लोगों का त्योहार फीका नज़र आ रहा है। भाजपा ने महंगाई कम करने का वादा किया था, लेकिन सरकार ने कोई काम नहीं किया। इस सरकार ने मुनाफाखोरी को बढ़ावा दिया है। डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस, आटा, चावल, तेल, सूजी, खोया सब चीजों की कीमतें आसमान पर है। एक तरफ महंगाई शिखर पर है दूसरी तरफ लोगों के पास काम धंधा नहीं है। होली के मौके पर पारंपरिक व्यंजनों में इस्तेमाल होने वाली चीजों के दाम आसमान छू रहे हैं। मनरेगा मजदूरों को महीनों




से काम न मिलने से पैसा नहीं मिला है। बिना पैसे मजदूर अपनी होली कैसे मना पाएंगे। रामज्ञान गुप्ता कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य में पहले से ही महंगाई है। आम जनता त्रस्त और परेशान है। लोगों के जेब में पैसे नहीं है। ऊपर से सरकार मुनाफाखोरी द्वारा उनकी जेब काटती जा रही है। महंगाई दोगुनी हो गई है जबकि आमदनी आधी रह गयी है। भाजपा सरकार महंगाई रोकने में पूरी तरह से फेल है। सरकार के पास महंगाई, बेरोजगारी को लेकर कोई नीति नहीं है। सरकार हर मोर्चे पर फेल हो गई है। रामज्ञान गुप्ता ने कहा कि भाजपा महंगाई बेरोजगारी से ध्यान हटाने के लिए नए-नए मुद्दों को उछाल कर जनता को उलझाना चाहती है। लेकिन प्रदेश की जनता भाजपा के षड्यंत्रकारी मंसूबों से वाकिफ है। जनता 2027 में इन्हें सत्ता से हटाकर इनकी नफरत की राजनीति का खात्मा कर देगी। इस मौके पर अंकित यादव, धर्मेंद्र यादव दीपू मनोज वर्मा, डोरीलाल वर्मा,, प्रताप वर्मा, नेकराम वर्मा, हेमंचल वर्मा,राजेश यादव, सोनू गुप्ता, श्यामकुमार यादव, हंसराम यादव, कढ़ीले यादव, नरेन्द्र यादव, हरिशंकर यादव, विवेक यादव,रामवीर सक्सेना, दीपू सक्सेना, विवेक सक्सेना, रज्जन सक्सेना, आशीष सिंह,अवधेश सिंह,सोनू सिंह,अर्जुन सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# शिक्षकों ने पुरानी पेंशन योजना में सम्मिलित करने के लिए एमएलसी को ज्ञापन सौंपा

स्वतंत्र प्रभात

**सिद्धार्थनगर।** पुरानी पेंशन योजना में सम्मिलित करने में हो रही देरी को लेकर बीटीसी 2001 बैच के दो दर्जन शिक्षकों ने रविवार को उसका स्थित डाक बंगला पर एमएलसी ध्रुव कुमार त्रिपाठी से मिलकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें लिखा है कि बीटीसी के लिए विज्ञापन एक दिसंबर 2001 को प्रकाशित हुआ था। इसका प्रशिक्षण जनवरी 2005 में पूर्ण हो चुका था, लेकिन विभागीय हीला हवाली और लापरवाही के चलते इनकी नियुक्ति 2009 में हुई। हाल ही में ऐसे सभी कर्मियों जिनकी नियुक्ति के लिए विज्ञापन नवीन पेंशन योजना एक अप्रैल 2005 लागू होने से पहले प्रकाशित हुई थी, को पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने के लिए सरकार ने शासनादेश जारी किया है। शिक्षकों का कहना है



कि इस विज्ञापन के शासनादेश के अनुसार यह सभी पुरानी पेंशन योजना प्राप्त करने के हकदार हैं। अभी तक सूची जारी नही होने से यह शिक्षक अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। एमएलसी ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने आश्वस्त किया कि वह इस जायज मांग के लिए उच्चाधिकारियों और सदन में मांग उठाएंगे। इस दौरान ऋषिधर द्विवेदी, रूपेश सिंह, संतोष श्रीवास्तव, प्रजेश कुमार, अजय पांडेय, कृपाशंकर, दिलीप यादव, दिनेश दुबे, दयाशंकर पांडेय, राकेश वर्मा, श्रीकृष्ण, बलवंत चौधरी, रामसेवक, रामनरेश, अजित सिंह, रमेश, अवधराम, घनश्याम, रामबरन आदि मौजूद रहे।

# राज्यपाल का सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में 17 मार्च को दौरा, डीएम - एसपी ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर, संबंधितों को दिया आवश्यक दिशा- निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

**सिद्धार्थनगर ।** राज्यपाल आनंदी बेन पटेल सिद्धार्थ विश्व विद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर में आयोजित कार्यक्रम में दिनांक 17 मार्च को को लेकर जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर0 तथा पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक महाजन द्वारा कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य विभिन्न बिन्दुओं पर गहनता एवं सूक्ष्मता से निरीक्षण कर संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया । राज्यपाल आनंदी बेन पटेल का सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर में आयोजित कार्यक्रम में दिनांक 17-मार्च को प्रतिभाग करना प्रस्तावित है 7 उक्त प्रस्तावित कार्यक्रम के सम्बन्ध में रविवार को जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर0 तथा पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक महाजन द्वारा कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य विभिन्न बिन्दुओं (हेलीपैड/कार्यक्रम-स्थल



आदि) पर गहनता एवं सूक्ष्मता से निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रजत कुमार चौरसिया, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) गौरव कुमार श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ, पी डी नागेंद्र मोहन राम त्रिपाठी, डीडीओ गोपाल प्रसाद कुशवाहा, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी एवं समस्त संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे ।

## संक्षिप्त ख़बरें

### सड़क दुर्घटना में घायल साइकिल सवार बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के पूरेभवानी मजरे शाहपुर गांव निवासी सड़क दुर्घटना में घायल साइकिल सवार बुजुर्ग की शनिवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार के लोग गमजदा हैं। वहीं मृतक के बेटे ने पुलिस को एक अज्ञात वाहन के विरुद्ध तहरीर देकर एफआईआर दर्ज करने की गुहार लगाई है। गांव निवासी विमलेश ने बताया कि उनके पिता अमृतलाल रैदास (56) शुक्रवार की शाम करीब साढ़े आठ बजे साइकिल पर सवार होकर बाजार से घर लौट रहे थे। तभी सरेनी रोड पर शीतलामाई मंदिर के निकट तेज रफ्तार अज्ञात चौपहिया वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया। शनिवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में मातम पसर गया है। अधेड़ की मौत से पत्नी शिवदुलारी, बेटे विमलेश व अनूप का रो रो कर बुरा हाल है। इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के बेटे की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### फाग के दौरान हुई मारपीट में दोनों पक्षों से मामला दर्ज

**गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर**

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के चिलौला गांव में शनिवार को फाग के दौरान हुई मारपीट में दोनों पक्षों से दस लोग घायल हो गए। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। गांव निवासी ओम प्रकाश शुक्ला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शनिवार को गांव में सामूहिक फाग हो रही थी। इसी दौरान गांव के रामजनक, राम मूरत, सुरेश व शिवबालक ने ढोलक फोड़ दी। आरोपी बेवजह मारपीट करने लगे। उनके घरों की महिलाएं छतों पर चढ़कर ईट पत्थर फेंकने लगे। जिसमें ओम प्रकाश, अतुल शुक्ला, दिलीप पांडेय, प्रदीप पांडेय, रानू पांडेय, त्रयंबकेश्वर, आदर्श शुक्ला, गुड्डू वाजपेई सहित कुल आठ लोग घायल हो गए। जिसमें अतुल शुक्ला की हालत गंभीर होने पर उन्हें इलाज के लिए सीएचसी से जिला अस्पताल भेजा गया है। वहीं दूसरे पक्ष से सुरेश की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज किया गया इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### शिवद्वार मंदिर के पुजारी पर विवाद का आरोप



**सोनभद्र** जिले के घोरावल तहसील में स्थित सत्तद्वारी गांव के शिवद्वार मंदिर के पुजारी अजय गिरी और उनके पिता सुरेश गिरी पर विवाद का आरोप लगा है। सूर्यकांत दुबे नामक एक स्थानीय निवासी ने घोरावल थाने में शिकायत दर्ज कराई है। आपको बताते चले। सूर्यकांत दुबे का आरोप है कि मंदिर परिसर से सटे उनके घर में मीट बनाने की बात को लेकर अजय गिरी और सुरेश गिरी ने उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की।सूर्यकांत दुबे ने यह भी आरोप लगाया कि अजय गिरी और सुरेश गिरी ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी और पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों से संबंध होने का दावा करते हुए झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। सूर्यकांत दुबे ने घोरावल थाने में एक शिकायती प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।इस मामले में अजय गिरी या सुरेश गिरी की तरफ से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। पुलिस ने सूर्यकांत दुबे की शिकायत दर्ज कर ली है और मामले की जांच कर रही है।इस घटना से स्थानीय समुदाय में तनाव का माहौल है।

### हत्या का प्रयास, गाली गलौज व धमकी देने के अभियोग से संबंधित दो अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** थाना कन्धई क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सिकरी कानूपुर में फूल तोड़ने के विवाद को लेकर आरोपीगणों द्वारा एक राय होकर वादिनी के पति को लात घूसा, लाठी- डंडा से जानलेवा हमला करने, गाली गलौज व धमकी देने के संबंध में वादिनी की तहरीर के आधार पर थाना कन्धई में 15 मार्च को सात नामजद का अभियोग पंजीकृत किया गया था।पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्त वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना कन्धई के उप निरीक्षक विनीत प्रजापति को मुखबिर की सूचना पर थाना कन्धई में दो अभियुक्तों गौरव उपाध्याय पुत्र दिनेश उपाध्याय व आलोक उपाध्याय पुत्र संतोष उपाध्याय निवासीगण ग्राम सिकरी कानूपुर थाना कंधई जनपद प्रतापगढ को थानाक्षेत्र कन्धई के भीटीकला चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया।

# कार्यकर्ताओं एवं संगठन को समर्पित सुधाँशु शुक्ला भाजपा के नये जिलाध्यक्ष घोषित

**● ज़िला चुनाव अधिकारी अवधेश पाण्डेय ने पर्यवेक्षक प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह की उपस्थिति में बैठक में नए जिलाध्यक्ष सुधाँशु शुक्ला की घोषणा किया**

**पूरे जनपद में हर्ष का माहौल कार्यकर्ताओं ने नव नियुक्त जिला अध्यक्ष को दी बधाई**



स्वतंत्र प्रभात

**गौरीगंज, अमेठी।** भाजपा के नये जिलाध्यक्ष की घोषणा रविवार 16 मार्च को गौरीगंज स्थित पार्टी कार्यालय पर की गयी।जिलाध्यक्ष की घोषणा एक बैठक में किया गया।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में ज़िला चुनाव अधिकारी अवधेश पाण्डेय पाण्डेय बादल ने पर्यवेक्षक प्रदेश मन्त्री शिवभूषण सिंह की उपस्थिति में अमेठी के नये ज़िलाध्यक्ष के रूप में सुधांशु शुक्ला की घोषणा किया। हमेशा कार्यकर्ताओं और संगठन को समर्पित रहने वाले नवागत भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला को पूरे जनपद के भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी, उनके उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही साथ कार्यकर्ताओं में उम्मीद की आश जगी की अमेठी में भाजपा का और विस्तार होगा तथा कार्यकर्ताओं के हितों की और कार्यकर्ताओं की रक्षा होगी।

जैसे ही चुनाव अधिकारी में नवागत जिला अध्यक्ष के नाम की घोषणा की पूरा हाल मोदी, योगी स्मृति ईरानी जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा ,उपस्थित वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने नवागत जिला अध्यक्ष को पुष्प गुच्छ दे कर स्वागत किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तेज तर्रार और युवा जिला अध्यक्ष बनने से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल साफ-साफ देखा गया। बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश सरकार के राज्यमन्त्री मयंकेश्वर शरण सिंह, पूर्व विधायक तेजभान सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष दयाशंकर यादव, उमाशंकर पाण्डेय, पूर्व जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी, सुरेश पासी विधायक जगदीशपुर, चन्द्रप्रकाश मिश्रा मटियारी पूर्व विधायक, विजय विक्रम सिंह, जिला प्रवक्ता चंद्रमोली सिंह, जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष आशा बाजपेई, सहित सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला किशोरी का शव



**● पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा**

स्वतंत्र प्रभात

**शिवगढ़, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के शिवगढ़ नगर पंचायत अंतर्गत ढेकवा वार्ड में किशोरी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिलने से हड़कम्प मच गया। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। गौरतलब हो कि ढेकवा वार्ड के रहने वाले शिव प्रसाद गुप्ता की 16 वर्षीय पुत्री आरती गुप्ता का शव उसके ही घर में कमरे के अन्दर देर रात करीब साढ़े 10 बजे दुपट्टे के फंदे से लटकता मिलने से हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के भाई विकास ने बताया कि घर के सभी लोग शिवगढ़ कस्बा स्थित फास्ट फूड की दुकान पर थे घर में बहन आरती अकेले थी। रात लगभग 10 बजे जब सब लोग दुकान से वापस घर आए तो दरवाजा अन्दर से बंद थे जब दूसरी तरफ से जाकर देखा गया तो अन्दर कमरे में बहन दुपट्टे के फंदे से बहन फांसी लगाए लटकी थी, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। किशोरी ने ऐसा कम क्यों उठाया इसके पीछे छिपे कारणों का पता नहीं चल पाया है, पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है हालांकि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का असली कारण स्पष्ट हो पाएगा। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है अभी तक किशोरी की मौत की वजह सामने नहीं आई है।

## रामनवमी महोत्सव- कोन में रामनवमी को लेकर बैठकों का दौर जारी, विश्व हिंदू परिषद की ओर से जोर- शोर से चल रही हैं तैयारियां



स्वतंत्र प्रभात

**कोन- सोनभद्र-** रामनवमी महोत्सव को लेकर कोन कस्बा में मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार पासवान की अध्यक्षता में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल द्वारा तैयारियों को लेकर बैठकें हुई। जहां कार्यकर्ताओं ने शोभायात्रा को भव्य बनाने के लिए संख्या बल उत्सव को ओर भी भव्य बनाने हेतु संकल्प लिया। इसी क्रम में कोन के विभिन्न क्षेत्रों में भी बैठके ली जाएगी और प्रत्येक कार्यकर्ताओं को कार्य सौंपे जा रहे है। साथ ही कोन क्षेत्र को सजाने हेतु तोरण द्वार, पोस्बोटर, झंडे आदि लगाए जाएंगे ।बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार पासवान जी ने बताया कि रामनवमी पर्व पर श्री राम जी का शोभा यात्रा भव्य तरीके से निकाला जाए और प्रत्येक कार्यकर्ता संख्या बल के साथ उपस्थित रहे । वहीं मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री हरिशंकर वर्मा ने कहा कि श्रीराम नवमी, जो मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाई जाती है, भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं का एक महत्वपूर्ण पर्व है। यह दिन सत्य, धर्म, मर्यादा और आदर्श जीवन मूल्यों की सीख देता है। भगवान श्रीराम के जीवन से हमें त्याग, धैर्य, प्रेम, करुणा और न्याय की प्रेरणा मिलती है, जो समाज को एक सशक्त दिशा प्रदान करती है साथ ही उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से निवेदन किया कि श्रीराम नवमी महोत्सव, सीता नवमी और हनुमान जयंती को भव्यता प्रदान करने में सहयोग करें। कार्यक्रम का संचालन बजरंग दल संयोजक हृदय निवास पाण्डेय ने किया । इस शुभ अवसर पर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता , जिला उपाध्यक्ष दिनेश गुप्ता, सुशील गुप्ता, सुनील मिश्रा, दिलीप गुप्ता, नित्यानंद तिवारी, अरुण कुमार, प्रदीप गुप्ता, शम्भु सिंह, दीपक कमलापुरी, अवध राम, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## यूपी के पहले आईसीएस सूरजदीन बाजपेई की पुण्यतिथि मनाई

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के वाजपेई खेड़ा मजरे बेहटा कला गांव में रविवार को यूपी के पहले आईसीएस (इंडियन सिविल सर्विस) अधिकारी सूरजदीन बाजपेई की पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर ग्रामीणों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। ग्रामीणों ने गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में लगी उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और दीपदान कर उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों और बुद्धिजीवियों ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। गांव निवासी अनुराग पांडेय ने बताया कि सूरजदीन बाजपेई ने प्रशासनिक सेवा में रहते हुए समाज सुधार और जनकल्याण के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए थे। उनकी ईमानदारी और निष्ठा आज भी लोगों के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके प्रयास से 1945 में उनके गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोला गया। जो वर्तमान में चिकित्सीय स्टाफ की कमी के कारण व्यवस्थाओं से जूझ रहा है। कार्यक्रम में शामिल ग्रामीणों ने मांग की सरकार उनके प्रयास से बनाए गए अस्पताल उच्चीकृत किया जाए। जिससे उनकी स्मृतियां चिरस्थायी बनी रह सकें। इस मौके पर संजीव पांडेय, अनूप पाण्डेय, अनुराग पाण्डेय,अभिनव पाण्डेय, अभिषेक पाण्डेय, आनन्द पाण्डेय, वैभव बाजपेई मौजूद रहे।

## कोन वन रेंज में माफियाओं का कहर, लोगों ने किया वन विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन, किया कार्रवाई की मांग



स्वतंत्र प्रभात

**सोनभद्र** जिले के कोन वन रेंज में वन माफियाओं का कहर जारी है। वन भूमि पर अवैध कब्जे और पेड़ों की कटाई से स्थानीय लोग परेशान हैं। लोगों ने वन विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और कार्रवाई की मांग की।बागेसोती बीट में झारखंड सीमा के पास और अन्य जगहों पर वन भूमि पर अवैध कब्जा किया जा रहा है।खोहिया जंगल, बड़ाप् के ललुआखोह, भालुकूद के धरनवा बॉर्डर, कोन के मिश्री, डोमा, चांचीकलां, नरहटी , हर्रा के पडरक्ष आदि जगहों पर बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई की जा रही है। क्षेत्रों में अवैध खनन और बालू परिवहन भी धड़ल्ले से चल रहा है।स्थानीय लोगों ने कई बार शिकायत की, लेकिन वन विभाग ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की।बड़ाप् में स्थानीय लोगों ने रामचंद्र सिंह की अगुवाई में वन विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। लोगों ने वन विभाग की मनमानी रोकने, वन भूमि खाली कराने, संपत्ति की जांच कराने और फर्जी रिपोर्ट लगाना बंद करने की मांग की।कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है। स्थानीय लोगों ने कोन वन रेंज के अधिकारियों और कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है।स्थानीय लोगों का कहना है कि वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी क्षेत्र में गश्त नहीं करते हैं और न ही वन चौकी पर रहते हैं। शिकायत करने पर भी कोई कार्रवाई नहीं होती है। इससे अवैध खननकर्ताओं और भू माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। वन विभाग के अधिकारी मुख्यमंत्री के भ्रष्टाचार विरोधी निर्देशों का उल्लंघन कर रहे हैं।अब देखना यह है कि प्रभागीय वनाधिकारी इस मामले में क्या कार्रवाई करते हैं।

## लवलेश पाण्डेय बने राष्ट्रीय पत्रकार संघ के संगठन मंत्री

**चित्रकूट ब्यूरो:** राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत ने दिल्ली के प्रधान सम्पादक लवलेश पांडेय को संगठन मंत्री बनाया है। उनके मनोनयन पर स्थानीय पत्रकारों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत का काफिला उत्तर प्रदेश के 74 जनपदों से गुजरते हुए पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, गुजरात, महाराष्ट, तमिलनाडु, कर्नाटक, बिहार, झारखन्ड, छत्तीसगढ़, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, गोवा, मध्य प्रदेश सहित 22 प्रान्तों में अपनी पहचान को पुख्ता बनाते हुए अब देश की राजधानी दिल्ली में शोहरत का परचम बुलन्द कर रहा है। जहां फिल्म एक्टर व पत्रकार राजेश पंडित, दिल्ली सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता एके जैन, विमल सिन्हा, पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष सुरेंद्र पांडेय, दिल्ली प्रभारी रामरतन सिंह, लकी तोमर, कैलाश सिंह ने शामिल होकर परचम को बुलन्दी दे रहे थे, वहीं अब दिल्ली के प्रधान सम्पादक लवलेश पांडेय ने भी संगठन में शामिल होकर संगठन मन्त्री का पद संभाल लिया है। राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत निरन्तर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ कर पत्रकार हित में अग्रणी भूमिका निभा कर अपनी अलग पहचान कायम कर रहा है।

## विशिष्ट शिक्षकों ने ओपीएस पेंशन लाभ का ज्ञापन विधायक सदर को सौंपा

स्वतंत्र प्रभात



**प्रतापगढ़।** विज्ञापन के आधार पर ओपीएस पेंशन लाभ के विषय पर रविवार को विशिष्ट बीटीसी शिक्षक संघ उ0प्र0 द्वारा एक सूत्रीय ज्ञापन सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य को नगर आवास पर सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से विशिष्ट बीटीसी 2004 के चयनित शिक्षकों ने मुख्यमंत्री से विज्ञापन के आधार पर लाभ पेंशन योजना से आच्छादित करने की मांग की गई है। जिस पर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्य ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिक्षकों की समस्याओं पर चर्चा करने का आश्वासन दिया।बता दें कि विज्ञापन के आधार पर कर्मचारियों शिक्षकों को ओपीएस पेंशन लाभ संबंधी शासनादेश 28 जून 2024 को प्रदेश सरकार ने जारी किया है। सरकार ने कहा है कि एनपीएस लागू होने के पहले जिन भी सरकारी शिक्षकों एवं कार्मिकों का चयन किया जा चुका था, उन्हें नियुक्ति पर केन्द्र सरकार के समान पेंशन लाभ एवं जीपीएस फण्ड की सुविधा प्रदान की जाएगी। शिक्षकों का नेतृत्व विशिष्ट बीटीसी शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष डॉ0 विनोद त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष डॉ0विनोद त्रिपाठी ने कहा विधानसभा में जून 2024 में मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश सरकार के 70,000 शिक्षकों और कर्मचारी को ओपीएस लाभ देने की घोषणा की थी।इसके पश्चात जारी शासनादेश के अंतर्गत बेसिक शिक्षकों से विकल्प पत्र भरवाये गए। साथ ही माध्यमिक शिक्षा में ओपीएस लाभ प्राप्त शिक्षकों की सूची जारी भी कर दी गई। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष डॉ0 विनोद त्रिपाठी, जिला महामंत्री ललित मिश्रा सरस, जिला मंत्री दीपेश दुबे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र त्रिपाठी, राजीव सिंह, रा0शै0म0 जिला महामंत्री राजेश मिश्रा, अटेवा जिलाध्यक्ष सी0पी0 राव, डॉ0 अनिल त्रिपाठी, अरविंद कुमार, बसंत सरोज, सोशलमीडिया प्रभारी अजय प्रकाश दुबे, धीरेंद्र पांडे, वरिष्ठतम शिक्षक विद्यानंद मिश्र, पूमावि शिक्षक संघ सदर अध्यक्ष डॉ0हीरालाल मौर्य, रविंद्र सोनी, अवधेश रजक, जितेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष रामेंद्र श्रीवास्तव, संयुक्त मंत्री विनय सिंह, नवीन प्रताप सिंह, अवधेश सिंह, रविंद्र प्रताप वैभव श्रीवास्तव एवं मनजीत सरोज आदि सैकड़ों अध्यापक मौजूद रहे।

### लवलेश पाण्डेय बने राष्ट्रीय पत्रकार संघ के संगठन मंत्री

**चित्रकूट:** राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत ने दिल्ली के प्रधान सम्पादक लवलेश पांडेय को संगठन मंत्री बनाया है। उनके मनोनयन पर स्थानीय पत्रकारों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत का काफिला उत्तर प्रदेश के 74 जनपदों से गुजरते हुए पश्चिम बंगाल,उड़ीसा, गुजरात, महाराष्ट्, तमिलनाडु,कर्नाटक, बिहार, झारखन्ड, छत्तीसगढ़, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, गोवा, मध्य प्रदेश सहित 22 प्रान्तों में अपनी पहचान को पुख्ता बनाते हुए अब देश की राजधानी दिल्ली में शोहरत का परचम बुलन्द कर रहा है। जहां फिल्म एक्टर व पत्रकार राजेश पंडित, दिल्ली सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता एके जैन, विमल सिन्हा, पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष सुरेंद्र पांडेय, दिल्ली प्रभारी रामरतन सिंह, लकी तोमर, कैलाश सिंह ने शामिल होकर परचम को बुलन्दी दे रहे थे, वहीं अब दिल्ली के प्रधान सम्पादक लवलेश पांडेय ने भी संगठन में शामिल होकर संगठन मन्त्री का पद संभाल लिया है। राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत निरन्तर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ कर पत्रकार हित में अग्रणी भूमिका निभा कर अपनी अलग पहचान कायम कर रहा है।

## भाजपा बूथ अध्यक्ष की सड़क दुर्घटना में मौत, परिजनों सहित पार्टी कार्यकर्ताओं में पसरा मातम

स्वतंत्र प्रभात



**सोनभद्र** जिले के घोरावल कोतवाली क्षेत्र के भरकना गांव में रविवार को एक सड़क दुर्घटना में दिनेश शर्मा नामक व्यक्ति की मौत हो गई। दिनेश शर्मा भाजपा के बूथ अध्यक्ष थे।दिनेश शर्मा रविवार सुबह शिवद्वार दर्शन करने और पेट्रोल लेने के लिए बाइक से निकले थे। भरकना गांव में एक पुलिया के पास रोड ब्रेकर पर अचानक एक कुत्ता उनकी बाइक के सामने आ गया, जिससे उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई।मृतक की पहचान दिनेश शर्मा (50 वर्ष) के रूप में हुई है, जो लीलवाही गांव के निवासी थे और भाजपा के बूथ अध्यक्ष थे।मृतक दिनेश शर्मा के तीन बेटे हैं।दुर्घटना के बाद ग्रामीणों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घोरावल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।शिवद्वार चौकी प्रभारी राम ज्ञान यादव ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।इस घटना के बाद मृतक के परिवार और भाजपा कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई।प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि कुत्ते के कारण हुई दुर्घटना में दिनेश शर्मा की मौत हुई है। इस घटना ने स्थानीय समुदाय और भाजपा कार्यकर्ताओं को गहरा दुख पहुंचाया है।

# कायस्थ महासम्मेलन का हुआ भव्य आयोजन, चित्रांश जनों ने मिलकर किया सफल

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट।**अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विवेक श्रीवास्तव ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त की अनुकम्पा से कायस्थ समाज के प्रयासों से चित्रकूट में आयोजित कायस्थ महासम्मेलन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस महासम्मेलन का आयोजन चित्रकूट के चित्रांश जनों के अथक परिश्रम और योगदान से संभव हो पाया, जिसके लिए आयोजकों और समाज के सभी सदस्यों ने एक साथ मिलकर इसे ऐतिहासिक सफलता में तब्दील कर दिया। महासम्मेलन में शामिल हुए सभी चित्रांश जनों को सादर अभिवादन करते हुए सम्मेलन के मुख्य आयोजक ने कहा, ÷आप सभी के निरंतर प्रयासों और एकजुटता के कारण ही यह आयोजन संभव हो पाया। आप सभी का समर्पण और लगन अत्यधिक सराहनीय है। इस महासम्मेलन ने चित्रकूट के चित्रांश जनों में एक नई ऊर्जा का संचार किया है।÷ उन्होंने आगे कहा कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य केवल समाज के उत्थान और एकजुटता को बढ़ावा देना था, और इस आयोजन ने निश्चित रूप से समाज को एक नई दिशा और शक्ति दी है। सम्मेलन में उपस्थित लोगों ने इस बात पर जोर दिया कि समाज में आपसी भाईचारे और सहयोग को बढ़ावा देना बेहद आवश्यक है। सभी ने एक स्वर में कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में न केवल एकता लाते हैं, बल्कि यह चित्रांश समुदाय के भविष्य को सुनहरे और प्रगति की दिशा में ले जाने में भी सहायक सिद्ध होते हैं। मुख्य आयोजक ने इस महासम्मेलन को स्वर्णिम भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उनका विश्वास है कि यह आयोजन चित्रांश समुदाय के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा और आने वाले समय में समाज के विकास में अहम भूमिका निभाएगा।

समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत चित्रांश जनों ने भी अपने विचार साझा किए और कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से समाज में जागरूकता और शिक्षा का स्तर भी बढ़ता है। सभी ने अपने योगदान को साझा करते हुए यह सुनिश्चित किया कि आगामी वर्षों में भी इस प्रकार के आयोजनों का आयोजन किया जाएगा, जिससे चित्रांश समुदाय की एकता और प्रगति को और भी बल मिलेगा। सम्मेलन के समापन पर आयोजकों ने सभी सहयोगियों और भागीदारों का आभार व्यक्त किया और भगवान चित्रगुप्त से प्रार्थना की कि समाज में इसी तरह की सकारात्मक ऊर्जा बनी रहे।

## अवैध बालू खनन को लेकर माफियाओं से भयंकर झगड़ा, कई लोग घायल



**चित्रकूट** जिले के सरधुवा थाना क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत चिल्लीमल के मजरा दुबे का पुरवा में अवैध बालू खनन को लेकर बालू माफियाओं से भयंकर झगड़ा हुआ है। इस घटना में घायल हुए एक व्यक्ति ने करीब डेढ़ दर्जन बालू माफियाओं के खिलाफ तहरीर दी है। यह घटना स्थानीय ग्रामीणों के लिए चिंता का विषय बन गई है, क्योंकि इलाके में अवैध बालू खनन का धंधा लंबे समय से चल रहा है, और अब यह हिंसक रूप ले चुका है। मुन्ना पांडे पुत्र अवधेश पांडे ने अपनी तहरीर में बताया कि रात के समय कुछ बालू माफिया चुपके से खनन कर रहे थे, और उनके खेतों से बालू भरे ट्रैक्टर निकल रहे थे। मुन्ना ने मना किया, जिसके बाद माफियाओं ने उन पर हमला कर दिया। हमले में मुन्ना पांडे और उनके बेटे हर्षित पांडे को गंभीर चोटें आईं। आरोप है कि माफिया के करीब डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों ने मिलकर उन पर जानलेवा हमला किया।

मुन्ना पांडे ने बताया कि अवैध बालू खनन की शिकायत उन्होंने कई बार खनन अधिकारियों और जिले के उच्च अधिकारियों से की थी। इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। हाल ही में इस खनन का वीडियो भी वायरल हुआ था, लेकिन पुलिस की निष्क्रियता के कारण माफिया के हौसले बुलंद हो गए थे। प्रतिदिन अवैध बालू का खनन जारी था, और जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो माफियाओं ने उन्हें धमकाया और उनकी आवाज को दबाने की कोशिश की। घटना के बाद मुन्ना पांडे और उनके बेटे ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय जाकर न्याय की गुहार लगाई। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई और दोनों घायलों का मेडिकल परीक्षण भी कराया गया। मुन्ना पांडे का कहना है कि पुलिस की मिलीभगत के कारण उन्हें पहले न्याय की उम्मीद नहीं थी, लेकिन अब पुलिस अधीक्षक के आदेश से मामला दर्ज किया गया है। तिरहार क्षेत्र के यमुना पट्टी के कई गांवों में बालू माफियाओं द्वारा अवैध खनन जोरों पर किया जा रहा है। इस खनन के कारण माफियाओं और ग्रामीणों के बीच विवादों की स्थिति पैदा हो गई है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि माफियाओं द्वारा फायरिंग की जाती है, जिससे गांव में दहशत फैल जाती है। माफिया अपने अवैध खनन को खुलेआम चलाने के लिए भय मुक्त माहौल बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इस घटनाक्रम ने यह स्पष्ट कर दिया है कि क्षेत्र में अवैध बालू खनन का धंधा बड़े पैमाने पर फल-फूल रहा है, और प्रशासन की निष्क्रियता इसे और भी बढ़ावा दे रही है। अब देखना यह होगा कि पुलिस और प्रशासन इस मामले में सख्ती से कार्रवाई करते हैं या नहीं, और क्या ग्रामीणों को उनके अधिकार मिल पाते हैं।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के कैप के दौरान स्वच्छता पर की गई चर्चा



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** राष्ट्रीय सेवा योजना कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला का सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन के मुख्य अतिथि बलदेव वैदिक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डी एल भार्गव रहे। रासेयो के स्वयंसेवकों ने रैली निकाली स्वच्छता के प्रति ग्राम वासियों को जागरूक किया, डी एल भार्गव ने बताया कि वातावरण में तेजी से बदलाव के कारण बैक्टीरिया, वायरस के बढ़ते प्रकोप से आम जनमानस को बचाने के तौर तरीके से जागरूक करना होगा और डायरिया पीलिया फ्लू आदि बीमारियां तेजी फैल रही बीमारियों से बचने की आवश्यकता है राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरुआत किया। इसका मुख्य उद्देश्य स्वभाव स्वच्छता- संस्कार स्वच्छता है। स्वच्छता ही सेवा रैली ग्राम प्रधान जहीरूद्दीन मार्गदर्शन में गांव का भ्रमण किया गया। रैली में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री ओम प्रकाश यादव जी डॉअनिल कुमार मौजूद रहे।

# कानपुर में सकुशल हुई होली और नमाज, चर्चा में सीपी अखिल की नेतृत्व कुशलता

**● -कानपुर के सभी 52 थानों और पुलिस थाना लाइन में भी जमकर खेली गई होली**



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार की तगड़ी तैयारी और उनकी नेतृत्व कुशलता के फलस्वरूप सुरक्षित और शांतिपूर्वक होली के साथ जुम्मे की नमाज भी सकुशल संपन्न कराने के बाद आज शनिवार को पुलिस कर्मियों ने भी जमकर होली खेली, जिसमें पुलिस कमिश्नर सहित सारे अधिकारी भी शामिल हुए। रंग गुलाल से सराबोर हर्षोल्लास के साथ यह होली कानपुर कमिश्नरेट के सभी 52 थानों और पुलिस लाइन में भी भव्य आयोजन के साथ खेली गई, जिसमें थानेदार से लेकर अफसरों ने भी होली पर जमकर ठुमके भी लगाए।

कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही के रूप में आम जनता को भारी राहत पहुंचाने वाले बेहद परोपकारी स्वभाव के पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार की नेतृत्व कुशलता से बीते सभी त्योहारों की तरह इस बार की भी होली का त्यौहार सकुशल और शांति तरीके से संपन्न होने के चलते पुलिस कर्मियों में भी जबरदस्त उत्साह है। यह तेज तर्रार और व्यवहार कुशल पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार की नेतृत्व कुशलता का ही परिणाम है कि कानपुर में होली और जुमे की नमाज शुक्रवार को शांतिपूर्वक बीत गई। शहर में कोई भी विवाद नहीं हुआ, जिसके बाद आज शनिवार पुलिस की होली हुई। इसके लिए कानपुर के 52 थानों में भव्य इंतजाम भी किए गये। साथ ही पुलिस लाइन में भी भव्य होली मिलन समारोह हुआ, जिसमें एसीपी से लेकर पुलिस कमिश्नर तक शामिल हुए और एक दूसरे को रंग और गुलाल से सराबोर करके हर्षोल्लास के साथ होली मनाई। अवगत कराते चलें कि अपने कर्तव्य का पालन सदैव निष्ठा और ईमानदारी से करने वाले पुलिस आयुक्त अखिल कुमार यहां अपनी चुनौतीपूर्ण नियुक्ति के बाद से ही योगी सरकार के जनहित वाले इरादे के अनुरूप सभी घटनाओं के सटीक अनावरण के साथ ही अब तक दर्जनों सफेदपोस माफिया अपराधियों को जेल की हवा खिला चुके हैं।

# कानपुर दक्षिण से शिवराम सिंह फिर से बने भाजपा जिलाध्यक्ष





**● -उत्तर से अनिल दीक्षित, ग्रामीण से उपेन्द्र पासवान, तथा देहात से रेणुका सचान**



**कानपुर।** यूपी में भाजपा जिला अध्यक्षों की घोषणा के साथ ही कानपुर महानगर के अध्यक्षों की भी घोषणा कर दी गई है। कानपुर दक्षिण से एक बार फिर से शिवराम सिंह को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। शिवराम सिंह के जिला अध्यक्ष फिर से बनने पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भर गया है। कानपुर बुंदेलखंड कार्यालय पर जिलों के चुनाव प्रभारी ने जिला अध्यक्षों की घोषणा की है।

सबसे चर्चित कानपुर में दक्षिण के शिवराम सिंह जिलाध्यक्ष बने रहेंगे वहीं कानपुर उत्तर में अनिल दीक्षित को जिलाध्यक्ष बनाया गया। कानपुर ग्रामीण को उपेंद्र नाथ पासवान को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। जबकि कानपुर देहात जनपद की जिला अध्यक्ष रेणुका सचान बनाई गई हैं। इस घोषणा से पहले कुछ अन्य नाम सामने आ रहे थे लेकिन फिलहाल उनको निराशा हाथ लगी है। वहीं शिवराम सिंह का एक बार फिर से कानपुर दक्षिण से जिलाध्यक्ष चुना जाना चर्चा का विषय बना है।

# नगर निगम में होली मिलन समारोह में बोलीं महापौर प्रमिला, गिले शिकवे भूल विकास के लिए सभी जूटे

**● -होली मिलन समारोह में सांसदों विधायकों ने भी की शिरकत**



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** रविवार को मोतीलाल स्थित नगर निगम गेस्ट हाउस में महापौर प्रमिला पांडेय द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।इस आयोजन में स्थानीय निकाय के अफसरों कर्मचारियों पार्षदों के अलावा सासंद,विधायकों ने भी शिरकत की। रविवार की शाम को आयोजित होली मिलन समारोह रात तक चलता रहा।इस होली मिलन कार्यक्रम में काफी बडी संख्या में महिलाएं भी पहुंची। यहां लोगों ने एक दूसरे को हर्बल गुलाल व चंदन लगाकर फूलों की होली खेलकर त्यौहार मनाया। यहां लोगों के लिए गुझिया पापड़ के साथ साथ और अन्य व्यंजन भी थे।भाजपा महिला मोर्चे की महिलाओं ने जब माइक थाम "होली खेला रघुवीरा अवध मे" गाया तो महापौर महापौर प्रमिला के साथ पूरा पंडाल झूम उठा। महापौर के बेटे बंटी पांडेय ने सभी आगुंतकों का चंदन से टीकाकर स्वागत किया।

महापौर प्रमिला पांडेय ने कहा कि होली आपसी मेल मिलाप व भाईचारे का त्यौहार है।हम सभी के मन मे अगर कोई भी आपस मे गिला शिकवा है तो इसे गले मिलकर दूर करे और शहर के विकास के लिए एकजूट हो जाए।शहर के विकास के लिए नगर निगम का पूरा अमला लगा है। होली मिलन समारोह मे सांसद रमेश अवस्थी, विधायक ननिली पार्षद दल के नेता नवीन पंडित, प्रकाश वीर आर्य,अनुभव मिश्रा, सभी पार्षद गण संतोष साहू सौरव देव जितेंद्र वाजपेई नीरज बाजपेई आरती तिवारी मंजू कुशवाहा शन्नो कुशवाहा अभिनव शुक्ला गोलू आकाश बाजपेई अमित गुप्ता आदर्श गुप्ता मोनू गुप्ता वेद प्रकाश आदि रहे।

# जिला पंचायत कानपुर का वर्ष 25-26 का बजट प्रस्ताव पास





स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत कार्यालय के सभागार में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट प्रस्ताव पास किया गया। समस्त जिला पंचायत सदस्यों से विकास के लिए प्रस्ताव भी लिए गए, जिन पर अगले 1 वर्ष में काम किया जाएगा। जिला पंचायत, कानपुर नगर को प्राप्त होने वाले अनुदानों से अनुमानित आय- 29,50,00,000-00 ,जिला पंचायत कानपुर नगर के अनुदानों से प्राप्त अनुमानित ब्याज 1,10,00,000-00,जिला पंचायत के निजी श्रोतो से प्राप्त होने वाली अनुमानित आय 15,45,30,808-00, 31 मार्च 2025 को अनुदानों एवं जिला निधि का अनुमानित अवशेष 27,91,57,002-59 73,96,87,810-59 इत्यादि। इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल रू0 73,96,87,810-59 के आय होने की सम्भावना है।

वहीं,मूल बजट 2025-26 की अनुमानित आय रू0 73,96,87,810-59 के सापेक्ष रू0 63,39,68,245/- व्यय होने की सम्भावना है। जिसमें अनुदानों का अनुमानित व्यय रू0 45,55,64,537 /- तथा राज्य वित्त आयोग से वेतन एवं पेंशन पर रू0 4,00,00,000/- व्यय होने की सम्भावना है। जिला पंचायत के अधिकारियों/ कर्मचारियों के वेतन भत्ते, कार्यालय व्यय, टेलीफोन, मोटर गाड़ियों का अनुरक्षण, डीजल, पेंशन एवं आनुतोषिक एवं निर्माण कार्यों आदि पर जिला निधि से रू0 13,84,03,708 / व्यय होने की सम्भावना है। इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल व्यय रू0 63,39,68,245/- होने का अनुमान है। 31 मार्च 2026 को अनुदानों का अन्तिम शेष शून्य होने की सम्भावना है तथा 31 मार्च 202 को जिला निधि का अन्तिम शेष रू0 10,57,19,565-59 रहने की सम्भावना है।

# मस्जिद में मुकम्मल हुई। कुरान तरावीह, मुल्क की तरक्की और अमन चैन सुकून की मांगी गई दुआ



स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर।** बक्शा थाना क्षेत्र के शम्भूगंज मस्जिद में मुकम्मल हुई कुरान तरावीह, मुल्क की तरक्की और अमन चैन सुकून की मांगी गई दुआ। माह- ए- रमज़ान इबादत का महीना रमज़ान शुरू है। खत्म तरावीह पर इमामों का गुलपोशी कर खैरमकदम हुआ। नूरानी माहौल में नमाजियों ने तरावीह खत्म करने के बाद एक-दूसरे से मुसाफा किया और मुबारकबाद दी। रमज़ान की आमद होते ही अल्लाह की इबादत में मोमिन मशगूल हो जाते हैं। सहरी, इफ्तार, नमाज, तिलावत के साथ ही सभी इबादतगाहों में तरावीह की नमाज भी शुरू हो जाती है। शम्भूगंज की मस्जिद में पन्द्रह दिनों की तरावीह शनिवार देर रात खत्म हुई। मस्जिद के मुतवल्ली हाफिज मोहम्मद असजद खान तरावीह मुकम्मल कराई।तरावीह खत्म होने पर नमाजियों ने दोनों हाफिज को माला पहना कर मुबारकबाद दिया और उनका शुक्रिया अदा किया। उन्हें कपड़े और तोहफे दिए गए। इस दौरान सभी नमामियों में मिठाई बांटी गई। इस मौके पर मोहम्मद सलीम, डॉ.आजाद, मोहम्मद दीन, पत्रकार शाहिद खान, मोहम्मद फरियाद, मोहम्मद अलाउद्दीन, मोहम्मद मलतन, फैसल अली, व तमाम नमाजी उपस्थित रहे।

# न्यायालय के आदेश की अवहेलना, पुलिस की मिलीभगत से दबंगों ने किया भूमि पर अवैध कब्जा

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर मड़ियाहूं,** न्यायालय में विचाराधीन भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है, जिसमें दबंगों को स्थानीय पुलिस का खुला संरक्षण मिलने के आरोप लगे हैं। मामला मड़ियाहूं तहसील के दिलवरपुर गांव का है, जहां न्यायालय द्वारा स्पष्ट आदेश होने के बावजूद दबंग न्यायिक प्रक्रिया की अनदेखी कर जबरन कब्जा कर रहे हैं।

**न्यायालय का आदेश दरकिनार, दबंगों की मनमानी जारी**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, विवादित भूमि को लेकर न्यायालय ने आदेश दिया था कि राजस्व विभाग द्वारा सीमांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद संबंधित पक्ष अपने-अपने हिस्से पर काबिज होंगे। इसके बावजूद, विपक्षी पक्ष न्यायालय के आदेशों को दरकिनार करते हुए भूमि पर जबरन कब्जा करने में जुटा हुआ है।

**पुलिस पर मिलीभगत का आरोप, कोतवाल ने दिया विवादित बयान-** पीड़ित पक्ष का आरोप है कि उन्होंने इस मामले को लेकर कई बार मड़ियाहूं कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़ित जब न्याय की गुहार लगाने कोतवाली पहुंचे, तो वहां मौजूद थाना प्रभारी ने दबंगों को खुली छूट देते हुए कहा, "जाओ, अपना काम करवाओ", जिससे यह स्पष्ट होता है कि पुलिस भी इस अवैध कब्जे में विपक्षी पक्ष के साथ मिली हुई है।

**पीड़ित दर-दर भटकने को मजबूर-** पीड़ित परिवार लगातार पुलिस अधिकारियों के चक्कर काट रहा है, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। प्रशासन की निष्क्रियता और पुलिस की मिलीभगत के चलते पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पा रहा है।

**उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार-** पीड़ित परिवार ने जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक (SP) एवं उच्च न्यायालय से हस्तक्षेप की अपील की है, ताकि न्यायालय के आदेशों का पालन हो और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। यदि प्रशासन शीघ्र कार्रवाई नहीं करता, तो पीड़ित पक्ष मुख्यमंत्री पोर्टल, मानवाधिकार आयोग और लोकायुक्त से शिकायत करने की तैयारी में है।



**थाना प्रभारी का बयान-** इस सम्बन्ध मे थाना प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह का कहना है की लगाए गए आरोप झूठे है 14 साल से मुकदमा चल रहा है पीड़ित पक्ष चाहे तो आज ही नापी करवा ले मै पुलिस बल देने को तैयार हूँ

**क्या प्रशासन निष्पक्ष कार्रवाई करेगा?**

इस पूरे प्रकरण से यह सवाल उठता है कि क्या न्यायालय के आदेशों की अवहेलना कर पुलिस और दबंगों की मिलीभगत यूं ही चलती रहेगी, या फिर जिला प्रशासन निष्पक्ष कार्रवाई कर पीड़ित को न्याय दिलाएगा? अब यह देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है या फिर पीड़ित परिवार को न्याय के लिए संघर्ष जारी रखना पड़ेगा।

# भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल ने होली मिलन समारोह में जगाई एकता की ज्योत

**● -रंगों की बौछार के साथ प्रेम, भाईचारे और सद्भाव का संदेश**



स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर।** भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल द्वारा सुख्खीपुर स्थित लॉन में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें व्यापारियों, सामाजिक संगठनों और गणमान्य अतिथियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विवेक सिंह व जिला महामंत्री आशीष चौरसिया सहित सभी पदाधिकारियों ने उपस्थित अतिथियों को अबीर-गुलाल लगाकर आपसी प्रेम, भाईचारे और एकता को मजबूत करने का संकल्प लिया।

**विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति-** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह प्रिंसू और विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. रामसूरत मौर्या, यातायात प्रभारी सुशील कुमार, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम मोहन अग्रवाल सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। मंच पर अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्रम और स्मृति चिन्ह देकर किया गया। मुख्य अतिथि बृजेश सिंह प्रिंसू ने अपने संबोधन में व्यापार मंडल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से आपसी सौहार्द्र और सामाजिक समरसता बनी रहती है। उन्होंने इस परंपरा को हर वर्ष बनाए रखने का सुझाव दिया।

**सांस्कृतिक संध्या में बही होली की सुरमयी बयार-** समारोह के दौरान प्रदेश के प्रतिष्ठित गायक अवनींद्र तिवारी और अन्य लोक कलाकारों ने होली के गीत, लोकगीत व कजरी प्रस्तुत कर माहौल को रंगीन बना दिया। संगीत की मधुर लहरियों पर व्यापारी व आमंत्रित अतिथि झूमने पर मजबूर हो गए।

**सम्मानित हुए प्रतिष्ठित व्यापारी एवं समाजसेवी-** इस आयोजन में नगर अध्यक्ष सर्वेश जयसवाल, युवा जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता, युवा नगर अध्यक्ष अमित जायसवाल द्वारा शहर के प्रतिष्ठित व्यापारियों और समाजसेवियों को सम्मानित किया गया।

**व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की सशक्त भागीदारी-** कार्यक्रम में भाजपा नेता आशीष गुप्ता आशु, अमित सिंह वत्स, पीयूष गुप्ता, नीरज सिंह, श्री दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष मनीष देव, महामंत्री मनीष गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष निखिलेश सिंह, शशांक सिंह रानू, मोतीलाल यादव, विजय बागी, ब्रह्मेश शुक्ला, सहित तमाम गणमान्य उपस्थित रहे। इसके अलावा जिला संयोजक शशांक सिंह रानू, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह रिंकू, विमल सिंह, मनोज विश्वकर्मा, रवि अग्रहरि, जयकिशन साहू, धीरज गुप्ता, अजीत सोनकर, रूप नारायण माली, विजय केडिया, संतोष साहू, मोहम्मद दानिश, मोहम्मद सिराज सहित तमाम पदाधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

**व्यापार मंडल की विभिन्न इकाइयों की सहभागिता-** इस आयोजन में जलालपुर इकाई अध्यक्ष अभिषेक अग्रहरि, गौराबादशाहपुर इकाई अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। मंच संचालन योगेश साहू और अभिताश गुप्ता ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में व्यापार मंडल के राजकुमार कश्यप, संतोष साहू, दिलीप साहू, संजीव साहू, अभिषेक बैंकर, मो. बिस्मिल्लाह, दिलीप जायसवाल, ध्रुव जायसवाल, विनोद ओमर, राज केसरी, अनिल हरलालका, महेश सेठ, विनय साहू, अनिल सेठ, नीरज विश्वकर्मा, दीपक केडिया, अनुज वर्मा, शिवेंद्र दुबे, प्रमोद मौर्या, अशोक मौर्या, राजेंद्र स्वर्णकार, नितिन सोनकर, शेखर सेठ, हेमंत सिंह, मुकेश साहू, विवेक गुप्ता, आलोक सेठ आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। समारोह में उमड़ा उल्लास, बढ़ी आपसी एकता इस होली मिलन समारोह ने सामाजिक समरसता, व्यापारिक संगठन की मजबूती और सौहार्द्र को बढ़ाने का कार्य किया। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर प्रेम और एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पारंपरिक होली गीतों पर नृत्य कर इस पर्व का आनंद लिया।

# रमजान रहमतों और बरकतों का महीना, अमन-चैन के लिए मांगी गई दुआ

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर-** मोहल्ला आलम खां, नवाब साहब का आहाता स्थित मदीना मस्जिद में शनिवार को नमाज-ए-तरावीह में कुरान मुकम्मल होने पर विशेष दुआएं की गईं। इस मौके पर मुल्क की तरक्की, अमन-चैन और भाईचारे के लिए मस्जिद के पेश इमाम मौलाना क्यामुद्दीन ने दुआ कराई। इस दौरान बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की और अल्लाह से रहमत और बरकत की फरियाद की।

**रमजान इंसानियत और मोहब्बत का पैगाम देता है-** मौलाना क्यामुद्दीन इस मौके पर पेश इमाम मौलाना क्यामुद्दीन ने रमजान की अहमियत पर रौशनी डालते हुए कहा कि यह अल्लाह की तरफ से मुसलमानों के लिए एक खास तोहफा है। उन्होंने कहा कि रमजान सिर्फ भूखे-प्यासे रहने का नाम नहीं, बल्कि यह खुद को हर तरह की बुराइयों और गुनाहों से बचाने का महीना भी है। इस पाक महीने में इंसान को अपने अखलाक को बेहतर बनाना चाहिए और सभी से मोहब्बत, भाईचारे और सौहार्द का पैगाम देना चाहिए।

मौलाना ने कहा कि बेहद खुशनसीब हैं वे माता-पिता जिनके बच्चे कुरान पाक को अपने सीने में महफूज कर लेते हैं। उन्होंने बताया कि हाफिज-ए-कुरान का मर्तबा जन्नत में बहुत ऊंचा होगा। उन्होंने रोजेदारों को इस मुकद्दस महीने की अहमियत को समझने और इसमें ज्यादा से ज्यादा इबादत करने की नसीहत दी।



**तरावीह की नमाज में उमड़ा अकीदतमंदों का हुजूम-** मदीना मस्जिद में आयोजित इस खास मौके पर तरावीह की नमाज मौलाना साबिर की इमामत में अदा कराई गई। तरावीह के दौरान मस्जिद में अकीदतमंदों की बड़ी तादाद उमड़ी, जिन्होंने अल्लाह की रहमत और मगफिरत की दुआ की।

**अकीदतमंदों की शिरकत-** इस मौके पर कई गणमान्य लोग और स्थानीय अकीदतमंद मौजूद रहे, जिनमें जफर अहमद उर्फ शेरू, मौलाना अहमद, हाजी मोइनुद्दीन, जलालुद्दीन उसैद, शकील मंसूरी, हाजी अफजाल, हाजी अब्दुल हकीम, हाफिज मोहम्मद शाद, रईस गोलू, मोहम्मद फिरोज, अतीक, जीसान और शहजादे सहित अन्य लोग शामिल रहे।

**रमजान का पैगाम- मोहब्बत, भाईचारा और नेक अमल-** रमजान सिर्फ इबादत और रोजे का महीना ही नहीं, बल्कि यह आपसी भाईचारे, इंसानियत और समाज में अच्छाइयों को बढ़ावा देने का भी संदेश देता है। इस मौके पर मौजूद तमाम अकीदतमंदों ने यह संकल्प लिया कि वे रमजान के पाक संदेश को अपनी जिंदगी में उतारेंगे और समाज में मोहब्बत और सौहार्द का माहौल बनाएंगे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## कोहना पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**कानपुर।** पुलिस आयुक्त, संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था, पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल जोन, अपर पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल जोन, व एसीपी कर्नलगंज एवं प्रभारी निरीक्षक थाना कोहना कानपुर नगर के कुशल पर्यवेक्षण में संबंधित मु0अ0सं0-29/2025 धारा-109/115(2)/121(1)/132/351 (2)/352 ब्नहस के अभियुक्त दीपू पुत्र बाबुराम निवासी- मैग्जीनघाट थाना कोहना कानपुर नगर उम्र करीब 35 वर्ष को मैग्जीन घाट थाना कोहना कानपुर नगर चौकी क्षेत्र रानीघाट थाना कोहना कानपुर नगर से गिरफ्तार किया गया।

## महिला का पिस्टल लहराते वीडियो वायरल

**कानपुर।** थाना किदवई नगर क्षेत्र में एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक महिला पिस्टल से फायरिंग करती दिख रही थी। इस संबंध में सहायक पुलिस आयुक्त बाबू पुरवा दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि थाना प्रभारी द्वारा जांच करने पर पता चला कि वीडियो 8-10 दिन पुराना है और इस्तेमाल की गई गन एक एयर गन थी। पुलिस ने तत्काल एयर गन को जब्त कर लिया था और मामले की विधिक जांच जारी है।

## जिला पंचायत में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**कानपुर।** जिला पंचायत कानपुर की महत्वपूर्ण बजट बैठक के बाद आज जिला पंचायत परिसर में जिला पंचायत अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्यों ने साथ में जमकर होली खेली। इस दौरान उन्होंने एक दूसरे को अबीर - गुलाल व फूलों की बारिश करते हुए होली खेली। वहीं, जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण व सदस्यों ने जो गी रा सा रा रा रा और 'होरी खेले रघुवीरा अवध में- होरी खेले रघुवीरा 'गीत पर जमकर ठुमके लगाए व एक- दूसरे को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## करंट से विवाहिता की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

शाहगंज,जौनपुर। विद्युत की चपेट में आने से एक विवाहिता की मौत हो गयी। बताया जाता है की नगर के अम्बेडकर निवासी अरविंद उर्फ मटरु की 25 वर्षीय पत्नी संजू रविवार की दोपहर अपने घर के एक कमरे में गयी थी। जहाँ कथित रूप करंट की चपेट में गयी जिससे वह मौके पर ही वह बेहोश हो गयी। परिजनों को जानकारी होने पर आनन फानन में उपचार हेतू सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाया गया।जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर मौजूद परिजनों में मौत की खबर से कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन शव को अपने घर लेकर चले गए।

## श्रीविश्व नाथ इंटर कॉलेज कलान में कक्षा छः, नौ एवं ग्यारह में प्रवेश परीक्षा संपन्न



**शाहगंज, जौनपुर।** सीमा से सटे श्रीविश्व नाथ इंटर कॉलेज कलान में कक्षा छः, नौ एवं ग्यारह में प्रवेश परीक्षा संपन्न सहकुशल सम्पन्न हुई जिसमें तीन हजार से अधिक विद्यार्थी सम्मिलित हुए। विद्यालय में प्रवेश पाने हेतु विद्यार्थियों में अपूर्व उत्साह देखा गया। परीक्षा प्रातः दस बजे से प्रारम्भ होकर दोपहर बारह बजे समाप्त हुई। प्रधानाचार्य डॉ आशुतोष सिंह ने बताया कि प्रवेश परीक्षा का परिणाम बीस मार्च को घोषित कर दिया जायेगा, जो विद्यालय की वेबसाइट 222.ह्य1ठ्ठद्बष्.द्बठ्ठ, सूचना बोर्ड पर उपलब्ध होगी ही, विद्यार्थियों द्वारा उपलब्ध कराये गए मोबाइल नम्बर पर भी प्रेषित किये जाने की व्यवस्था की गयी है।परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र पर दिए गए त्तक्रकोड को स्कैन करके भी प्रवेश परीक्षा परिणाम प्राप्त कर सकते हैं।आगंतुक विद्यार्थियों का प्रधानाचार्य तथा विद्यालय के प्रबंधक शशि प्रकाश सिंह ने स्वागत किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दीं।

## महिला की मौत, दहेज के लिए हत्या का केस दर्ज, तीन गिरफ्तार

**शाहगंज, जौनपुर।** दहेज के लिए विवाहिता की हत्या कर दी गई। मृतका दो बेटियों की मां थी और गर्भवती भी थी। मृतका के मायके वालों ने ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया, जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के हसनपुर निवासी ज्योति बिंद की शादी वर्ष 2019 में शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के बड़ौना गांव निवासी बनवारी बिंद के बेटे रोहित बिंद से हुई थी। ज्योति की पहले से दो बेटियां थीं और वो गर्भवती भी थी। शुक्रवार को होली के दिन ज्योति का शव उसके कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला।

मायके वालों का आरोप था कि ससुराल वाले ज्योति को दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। मौत के दिन सुबह उसने फोन पर बताया था कि उसे बुरी तरह पीटा गया है। जब मायके वाले मौके पर पहुंचे तो ज्योति मृत पड़ी थी। मायके वालों ने पुलिस को पति रोहित, ससुर बनवारी और सास चम्पा देवी के खिलाफ तहरीर दी और गला कसकर हत्या का आरोप लगाया। सीओ शाहगंज अजीत सिंह चौहान ने बताया कि मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मायके वालों की तहरीर पर पति, ससुर और सास के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# भाजपा संगठन में बड़ा बदलाव- डॉ. अजय सिंह बने मछली शहर के नए जिला अध्यक्ष

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर** मछली शहर भाजपा ने संगठन को और मजबूत करने के उद्देश्य से जिले में एक बड़ा बदलाव किया है। पार्टी ने डॉ. अजय सिंह को मछली शहर का नया भाजपा अध्यक्ष नियुक्त किया है। इससे पहले वे मछली शहर में भाजपा के जिला महामंत्री के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं और पार्टी संगठन में उनकी अहम भूमिका रही है। उनकी नियुक्ति से मछली शहर से लेकर जिले भर के कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।

डॉ. अजय सिंह का राजनीतिक सफर, डॉ. अजय सिंह लंबे समय से भाजपा संगठन से जुड़े हुए हैं। उन्होंने पार्टी के विभिन्न स्तरों पर कार्य कर संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मछली शहर के जिला महामंत्री के रूप में उन्होंने जमीनी स्तर पर कार्य किया और पार्टी की विचारधारा को लोगों तक पहुंचाने में सफलता हासिल की। उनकी मेहनत और समर्पण को देखते हुए भाजपा नेतृत्व ने उन्हें मछली शहर जिला अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

**कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर-** उनकी नियुक्ति के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त जोश देखने को मिल रहा है। समर्थकों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें बधाई दी और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में भाजपा संगठन और अधिक मजबूत होगा। कई भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि डॉ. अजय सिंह के अध्यक्ष बनने से पार्टी को नया जोश और नई दिशा मिलेगी।




**डॉ. अजय सिंह का बयान** अपनी नियुक्ति के बाद डॉ. अजय सिंह ने कहा, "पार्टी ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, मैं उस पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा। मेरा लक्ष्य संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करना है। हम सब मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे और भाजपा को जिले से लेकर मछली शहर तक और अधिक सशक्त बनाएंगे।"

**भाजपा नेतृत्व की रणनीति-** भाजपा ने आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए संगठन में यह बदलाव किया है। पार्टी चाहती है कि जमीनी स्तर पर मजबूत नेताओं को आगे लाकर कार्यकर्ताओं में जोश भरें और जनसंपर्क को और प्रभावी बनाया जाए। डॉ. अजय सिंह की संगठन क्षमता और जनसंपर्क कौशल को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है।

**निष्कर्ष-** डॉ. अजय सिंह की नियुक्ति से भाजपा कार्यकर्ताओं में नया उत्साह देखा जा रहा है। पार्टी को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूती के साथ आगे बढ़ेगा और भाजपा अपने लक्ष्य को हासिल करने में सफल होगी।

## संक्षिप्त ख़बरें

### शांतिपूर्वक होली का पर्व संपन्न होने के बाद पुलिस ने जमकर खेली होली



**बरेली/**क्यों लड़िया क्षेत्र में होली का पर्व लंबे समय बाद शांतिपूर्वक संपन्न हुआ जिसके चलते यादगार बना परंतु होली के पर्व पर प्रत्येक वर्ष खुरपति हुड़दंग करते थे परंतु इस बार ऐसा न होने से क्षेत्र की जनता ने राहत की सांस ली इस कार्य के लिए इस कार्य के लिए लोगों ने यहां के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह को बधाई दी इसी तरह शांतिपूर्वक होली का पर्व सूबेदार सिंह चौहान विद्या राम दिवाकर आदि के कार्यकाल में मैं इसी तरह शांतिपूर्वक होली का पर्व संपन्न हुआ है यह एक गौरव की मिसाल है इसके लिए क्षेत्र के लोगों ने यहां के प्रभारी निरीक्षक की प्रशंसा की और उन्हें बधाई दी अन्यथा तो उपद्रवियों का ही बोलबाला रहता था जिसके कारण तमाम लोग होली का पर्व मनाने से बचते थे।

### सोमपाल शर्मा के जिला अध्यक्ष भाजपा बरेली बनने पर लोगों ने दी बधाई



**बरेली/**भाजपा के प्रदेश की उच्च स्तरीय कमेटी द्वारा बरेली में पवन शर्मा का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद अब यहां का दायित्व भाजपा जिला अध्यक्ष के पद का जुम्मा सोमपाल शर्मा को सोपा गया है जिनके निर्देशन में यहां पार्टी के कार्य करता अब कार्य करेंगे शर्मा के जिला अध्यक्ष बनने पर लोगों ने हर्ष व्यक्त किया। भदपुरा ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार नवाबगंज नगर पालिका अध्यक्ष पति एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष नीरेंद्र सिंह राठौड़ नवाबगंज ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर ए के गंगवार विनोद गुप्ता पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार गंगवार जिला प्रतिनिधि बीजेपी बरेली कृष्ण कुमार राठौर मंडल अध्यक्ष गणेश प्रसाद गंगवार समेत भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया और शर्मा के जिला अध्यक्ष बनने पर बधाई दी और आशा व्यक्त की के अब कार्य कर्ताओं को पूर्णतया सम्मान मिलने की संभावना व्यक्ति की है।

### गंदगी से भरी नालियाँ फैला रही बीमारियां



**मितौली खीरी,** 16 मार्च 2025- नालियों में भरे कूड़े एवम गन्दगी बीमारियों को दावत दे रहे हैं। आपको बता दे कि मितौली तहसील के ग्राम पंचायत दानपुर में महीनों तक सफ़ाई कर्मचारी न आने के कारण जगह जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है, नालियाँ भरी हुई हैं। जो कि संक्रामक बीमारियों को न्यौता दे रही हैं। इस स्थिति में माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत का सपना कैसे पूरा हो पायेगा? गाँव के पूरब में सड़क के किनारे बनी नाली में भी गंदगी भरी हुई है जिसमे कीड़े बजबजा रहे हैं। नियमित सफ़ाई न होने के कारण संक्रमण का खतरा पैदा हो रहा है। नालियों में जमी घास एवम भांग लापरवाही का स्पष्ट संकेत दे रही है।

### ग्राम पंचायत अभयपुर मे लगी खरही मे आग गांव के लोगो मे मचा हलचल



**लखीमपुर खीरी** ब्लाक रमियांबेहड क्षेत्र से इस वक्त बडी खबर निकलकर आई ग्राम पंचायत अभयपुर मे लगी खरही मे आग ग्राम वासियो मे मची हलचल तभी अभयपुर के नजदीकी निवासी लोग फायर विजेट और 112 पर कॉल करके फौरम बुलाया तुरंत फायर के लोग बुझाने मे लग गए एवं भारतीय जनता पार्टीय के आदर्श निगम मंडल संयोजक शोशल मीडिया भाजपा युवा नेता के कार्यकर्ता मौजूद रहे गांव के कुछ दोस्त रोहित सोनी पीयूष निगम गौरव शुक्ला अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे इसकी सूचना जैसे ही मिली एक मकान था उसी के सामने छप्पर का बंग्ला बना हुआ था वहीं पर आग लग गई ऐसे ही सूचना मिली तुरंत मौके पर जाकर फायर विजेट को बुलवाकर 112 भी मौजूद रही उसे बुझाया गया गांव के सभी मिलकर बुझाया तथा अन्य घर जलने से रोका गया हर छोटी बडी खबर देखने के लिए बने रहिए मोहम्मद शाहिद के साथ लखीमपुर खीरी उत्तर प्रदेश

# बड़ागांव प्रधान की निष्पक्षता से हो जांच तो खुल सकते हैं कई घोटाले

**स्वतंत्र प्रभात**




**शारदा नगर खीरी** लखीमपुर खीरी विकास खण्ड नकहा की सबसे बड़ी संख्या वाली ग्राम पंचायत बड़ागांव में होते हैं घोटाले पर घोटाले। जी हां सही सुना आपने ग्राम प्रधान बड़ागांव का प्रधान अब्दुल हसीब उर्फ पुत्तन भैया जो कि एक दबंग प्रवृत्ति का प्रधान है बिना कम किए निकाल चुका है लाखों रुपए निष्पक्षता से हो जांच तो उजागर हो सकते हैं कई राज। ग्राम प्रधान अब्दुल हसीब के घर काफी समय तक प्रधानी रही है जिसका लाभ उठाते हुए ग्राम समाज की सारी जमीन पर उन्हीं लोगों का कब्जा है चाहे वह प्रधान हो या फिर प्रधान के चहेते कब्जा किए हुए हैं। चाहे खलिहान हो या फिर सुआनारा गरीबों के घर उजाड़ कर कब्जा करने में माहिर है ग्राम प्रधान।बड़ागांव में एक रेउजा है जो कि काफी पुराना है जिसमें करीब 80 बीघा जमीन थी जिसको प्रधान व प्रधान पिता ने प्रधानी का लाभ उठाते हुए सारी जमीन बेच कर खा गए। गांव के काफी ऐसे लोग भी हैं जिनके नाम जमीन का कागज़ तो है लेकिन जमीन प्रधान जी ने जोत रक्खा है। गांव के जितने तालाब हैं सारे तालाब प्रधान व प्रधान के गुर्गो ने पाट लिया है। लेखपाल द्वारा पैमाईश करने के बाद पता चला सुआनारा पर प्रधान जी का कब्जा है। इससे पता चलता है प्रधान कितना ईमानदार है जो दूसरों की जमीन जोत रक्खा है। काफी जमीन के एसे पट्टा हैं जो कभी ग्राम पंचायत में रहते ही नहीं थे न तो आज उनका कहीं पता है। यहां तक कि ग्राम पंचायत के कब्रिस्तान भी प्रधान के पिता के नाम दर्ज है यदि मौका मिल जाए तो पूरी पंचायत पर कब्जा कर सकता है ग्राम प्रधान उच्च अधिकारी एक बार ग्राम पंचायत बड़ागांव की भी निष्पक्षता से करा ले जांच तो कई और सच निकल कर आएंगे सामने।

# भूमाफियाओं ने खत्म किया तालाब का अस्तित्व

**स्वतंत्र प्रभात**




**लखीमपुर खीरी** बगैर कानूनी ढंग से तालाब को पाटकर कर दी प्लाटिंग। मामलाकस्बा खीरी के मोहल्ला हनिया टोला में गाटा संख्या 71 नंबर में 30 डिस्मिल तालाब को पाट दिये जाने का हैबताते चले तालाब खोजो तालाब बचाओ अभियान में उक्त तालाब की हुई थी पुष्टि।सूत्र बताते है कि तत्कालीन लेखपाल की मिली भगत से मामले को दबा दिया गया। लेकिन उक्त तालाब

नगर पंचायत खीरी के अभिलेखों में अभी भी दर्ज है मामले कि जिलाधिकारी से शिकायत किये जाने की बात सामने आई है.कस्बा खीरी के मोहल्ला हनिया टोला का मामला। कई तालाबों पर दिनदहाड़े अवैध कब्जा करके अवैध बिक्री और अवैध निर्माण कर दिए गए और जिला प्रशासन सब कुछ देख कर मूक दर्शक बना रहा। पुलिस चौकी खीरी टाउन के आगे पुलिया से जो सड़क रेलवे क्रासिंग की तरफ जाती है उसके शुरू में जिंसी स्कूल के सामने के इलाके में देखो कितने मकान तालाब को पाटकर बना दिये गए हैं। बेवक़ूफ़ बनाने के लिए नाकारा लोग कहेंगे कि कागज़ पर तालाब दर्ज नहीं है। जबकि इस बात को मान लेना गधे होने की दलील है। देखा ये जाता है कि मौके पर क्या है। मौके पर तो बहुत पुराना तालाब ही है। इसके दक्षिण के किनारे पर तालाब के लम्बे चौड़े रकबे को पाटकर भू माफियाओं ने नियम, कायदे और कानून को अपने जूतों के नीचे रौंद डाला है अवैध तरीके से तालाब की ज़मीन बिक्री करके करोड़ो का वारा न्यारा हो चुका है और कई जगहों पर वर्तमान में हो रहा है लेकिन जिम्मेदारों की आंखे नाबीना बनी हुई हैं। क़स्बा खीरी में जितने धड़ल्ले से तालाबों पर अवैध कब्जा किया गया और प्लाट बेंचे गए उसके मद्देनजर ऐसा कहना गलत न होगा कि इतनी ढिठाई से लूट तो 1857 के ग़दर में भी नहीं हुई थी।

# भीखमपुर हादसे में गंभीर घायल युवक की इलाज के दौरान लखनऊ में मौत

**स्वतंत्र प्रभात**

**भीखमपुर,** कस्बा भीखमपुर के लखीमपुर मोहम्मदी मार्ग पर ढढौरा गांव के पास शनिवार को दो बाइकों की टकराने से तीन युवक घायल हो गए। मौके पर पहुंची मितौली पुलिस ने घायल युवकों को डायल 112से इलाज के लिए मितौली भेज दिया वहीं नगरा गांव निवासी गंभीर घायल युवक को परिजन प्राइवेट वाहन से जिला अस्पताल लेकर गए। जहां हालत गंभीर देखकर डॉक्टर ने लखनऊ रेफर कर दिया । जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।मितौली क्षेत्र के गांव नगरा निवासी शिवम मिश्र उम्र 26वर्ष मोहम्मदी अपनी ससुराल से होली मिलकर वापस आ रहे थें । वहीं लखीमपुर की ओर से आ रहे फूलबेहड़ थाना के गांव वजीर पुरवा निवासी पहलवान पुत्र बालक राम और लवकुश पुत्र राम-लखन बाइक से शाहजहांपुर जा रहे थे मोहम्मदी लखीमपुर मार्ग के गांव ढढौरा के पास दोनों बाइकों की जोरदार भिड़ंत हो गई। मौके पर पहुंची मितौली पुलिस ने डायल 112 से फूलबेहड़ के घायल युवकों को सीएचसी मितौली भेज दिया।वहीं नगरा निवासी शिवम गंभीर घायल को परिजनों ने प्राइवेट वाहन से जिला अस्पताल लेकर गए। जहां हालत गंभीर होने से डाक्टरों ने लखनऊ रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान शिवम की मौत हो गई। लखनऊ में पोस्टमार्टम होने के बाद



जिसका अंतिम संस्कार आज दिन रविवार शाम 5 बजे कर दिया गया। शिवम् कि शादी चार वर्ष पहले हुई थी पत्नी दीक्षा देवी 23 व तीन वर्ष की पुत्री अन्वी है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# चोरों पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही गोला पुलिस

**● पुलिस गश्त केवल नगर की सड़कों तक ही सीमित,नगर में चोर सक्रिय।**

**स्वतंत्र प्रभात**



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** सोशल मीडिया व नगर की मुख्य सड़कों पर सक्रीय रहने वाली कोतवाली गोला पुलिस की पोल तब खुल गई जब होली की रात को ही घर से बाहर गए एक सर्राफा व्यापारी व व्यापार मंडल के जिला महासचिव के बन्द पड़े घर मे चोरों ने ताला तोड़कर लाखों के जेबरात व नकदी पार कर दी।गोला नगर के मोहल्ला मुन्नूगंज निवासी दुर्गेश सोनी 12 मार्च को करीब साढ़े सात बजे बस द्वारा सपरिवार मकान में ताला डाल कर गए हुए थे। उन्होंने तहरीर में लिखा है कि घर की चाभी राखी वर्मा पुत्री राम भरोसे वर्मा निवासी कासीराम आवास के सामने गोला देहात जिला-खीरी को घर पर चिड़ियां व मछलियों को दाना देने के लिए 15 मार्च को शाम करीब 5 बजे गई थी। जहां पहुंचने पर उक्त अमित त्रिपाठी व राखी वर्मा ने देखा कि गेट का ताला टूटा है तथा अन्दर जाकर देखा तो अन्य दरवाजे के ताले भी टूटे थे, जिसकी सूचना तत्काल फोन पर दी तथा थाना गोला पुलिस को भी अवगत कराया दुर्गेश सोनी की माता कुसुम सोनी ने जानकारी देते हुए बताया लड़के का स्वास्थ्य ठीक नही है और उसका इलाज दिल्ली में चल रहा है। जो परिवार सहित गया था।लड़के के घर में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर सेफ का लॉकर तोड़कर उसमे रखा जेवर लगभग डेढ़ किलो चांदी तथा 25 ग्राम सोना व नकद रूपया 10,000 चोरी करके ले गये है। लाखों रुपए की चोरी से परिवार के लोग सन्न हैं, वहीं पुलिस जांच करने मे जुट तो गई है परन्तु अभी तक हाँथ खाली हैं।इससे पहले भी कुम्हारन टोला में अशोक कुमार गुप्ता पूरे परिवार से उज्जैन दर्शन करने गए थे। उनके बन्द पड़े मकान में चोरों ने लगभग 25 लाख के जेबरात व नकदी पार की थी। जिसका कोतवाली गोला पुलिस अबतक कोई सुराग नहीं लगा पाने से पीड़ित का गोला पुलिस से भरोसा उठ गया है। गोला पुलिस का मुखबिर तंत्र कमजोर है या नीयत जो भी हो ,नगर में चर्चाओं के बाजार गर्म हैं लोग तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं।

## संपूर्ण जनपद में अपराधों की रोकथाम के क्रम में संचालित अपराधियों की धर पकड़ अभियान

**स्वतंत्र प्रभात**

मितौली पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा द्वारा संपूर्ण जनपद में अपराधों की रोकथाम के क्रम में संचालित अपराधियों की धर पकड़ अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक मितौली शिवाजी दुबे के निर्देशन में मितौली थाना क्षेत्र के 13 व्यक्तियों को शांति भंग की आशंका के तहत गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है गिरफ्तार व्यक्तियों में नैमिष पुत्र रमेश निवासी ग्राम लालहुआ जितेंद्र कुमार त्रिवेदी उर्फ गबरू पुत्र छोटे निवासी देतेली संतोष कुमार मुकेश कुमार पुत्र मनोहर लाल बृजेश कुमार पुत्र मनोहर लाल ममता पत्नी संतोष कुमार निवासी गण कास्ता राजू पुत्र रमेश सुधाकर पुत्र राजू प्रदीप पुत्र राजू राजरानी पत्नी राजू मीरा पत्नी बृजेश निवासी गाना बेगमपुर थाना महोली सीतापुर नरेंद्र पुत्र रामदुलारे निवासी दानपुर हरिओम पुत्र जानकी निवासी टिकरिया को गिरफ्तार कर वांछित धाराओं में अभियोग थाना मितौली में पंजीकृत करते हुए संबंधित न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है अभियुक्त की गिरफ्तारी करने वाली टीम के नाम इस प्रकार हैं उपनिरीक्षक प्रशांत कुमार श्रीवास्तव



उपनिरीक्षक बलवीर सिंह कांस्टेबल तरुण कुमार कांस्टेबल अनुज कुमार व संध्या व पीआरडी टेकराम द्वारा सतर्कता के साथ अभियुक्तों को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है

### होली के त्योहार पर पलिया विधायक रोमी साहनी ने दी गरीबों को आर्थिक मदद



**पलियाकलां- (खीरी)** पलिया के रामौतार को इलाज के लिए विधायक रोमी साहनी ने दी 10000 दस हजार रुपए की आर्थिक मदद की। ग्राम हट्टीटांडा के भूपेंद्र सिंह पुत्र सोहन सिंह को 10,000 दस हजार रुपए की मदद दी। फुलवरिया के मुकेश को मां के इलाज कराने के लिए विधायक रोमी साहनी ने दिए 5000 पांच हजार रुपए और पलिया, बांकेगंज एवं बिजुआ क्षेत्र के अन्य गरीब जरूरतमंदो को इलाज और होली में कपड़ों के लिए विधायक रोमी साहनी ने दिए 25, 000पच्चीस हजार रुपए।

# चौढेरा ग्राम पंचायत में गंदगी का अंबार होली पर्व पर भी नहीं हो सकी सफाई





**स्वतंत्र प्रभात**

**शाहजहांपुर/**सरकार एक तरफ स्वच्छ भारत अभियान चला रही है नेता खुद झाड़ू उठाकर स्वच्छता का संदेश दे रहे हैं वहीं दूसरी तरफ ग्राम पंचायत में तैनात सफाई कर्मचारियों अधिकारियों की दला मली में जुटे हुए हैं यही कारण है कि सरकार द्वारा गांव-गांव सफाई कर्मचारी तैनात होने के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में गंदगी का साम्राज्य बना हुआ है और नालियों की साफ सफाई न होने के कारण मच्छरों सहित तमाम प्रकार की बीमारियां पनप रही है और ग्राम पंचायत में तैनात सफाई कर्मचारी जिला पंचायत राज अधिकारी, सहित जिला स्तर के अधिकारियों के पास दलामली कर रहे हैं पूरा मामला भावल खेड़ा ब्लॉक के चौढेरा ग्राम पंचायत का है जहां गायत्री पब्लिक स्कूल वाली गली रौसर चौराहा, और दनियांपुर से चौढेरा जाने वाली गली में सफाई न होने के कारण गंदगी का साम्राज्य फैला हुआ है नालिया चौक होने के कारण रोड पर पानी बह रहा है जिसके चलते मच्छरों की भरमार है और तरह-तरह की बीमारियां पनप रही है इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए खंड विकास अधिकारी भावल खेड़ा से फोन संपर्क किया गया लेकिन उनका फोन नहीं उठा।

# दस दिन बीत जाने के बावजूद निरस्त नहीं हो सका फर्जी निवास प्रमाण पत्र

**● पांच मार्च को तहसीलदार ने जांच में पाया था फर्जी निवास प्रमाण पत्र**

**स्वतंत्र प्रभात**




**मदनापुर -शाहजहांपुर/**कूट रचित दस्तावेजों के सहारे बनवाए गए निवास प्रमाण पत्र को उप जिला अधिकारी सदर 10 दिन बीत जाने के बावजूद आज तक निरस्त नहीं करा सके हैं, इसे तहसील प्रशासन की लापरवाही कहें या फिर फर्जी बड़ा करने वालों के साथ तालमेल फिलहाल शिकायतकर्ता अबू तहसील प्रशासन पर उंगली उठाने लगा है और उसका कहना है की तहसील प्रशासन निवास प्रमाण पत्र निरस्त करने में देरी करके फर्जी निवास प्रमाण पत्र के सहारे आंगनवाड़ी में नियुक्ति का प्रयास करने वाली महिला का सहयोग कर रहा है आपको बता दें जनपद के ब्लाक मदनापुर क्षेत्र के गांव आंमखेडा सैंजना में आंगनबाड़ी की एक जगह रिक्त थी जिसमें कांट ब्लाक के सिसोरी निवासी पूजा ने कूट रचित दस्तावेजों के सहारे दूसरे ब्लॉक के गांव आंमखेडा से अपना फर्जी निवास प्रमाण पत्र बनवाकर आंगनवाड़ी पद पर आवेदन किया था जिसको लेकर सैंजना निवासी गुड्डु माथुर ने जिला अधिकारी से शिकायत की थी शिकायत के बाद मुख्य विकास अधिकारी के आदेश अनुसार एसडीएम सदर को जांच सौंपी गई थी जिसकी तहसीलदार सदर द्वारा 5 मार्च को गांव जाकर जांच की गई और जांच में मिले साक्ष्यों के आधार पर निवास प्रमाण पत्र फर्जी पाया गया गांव के प्रधान ने भी इस बात की पुष्टि करते हुए एसडीएम सदर को प्रार्थना पत्र देकर निवास प्रमाण पत्र निरस्त कराने की मांग की है और आरोप लगाया है कि उसके फर्जी हस्ताक्षर और मोहर का अटैचमेंट लगाकर निवास प्रमाण पत्र जारी कराया गया है इतना कुछ होने के बावजूद करीब 10 दिन बीत जाने के बाद भी तहसील प्रशासन आज तक निवास प्रमाण पत्र निरस्त नहीं करा सका है वहीं अब शिकायतकर्ता तहसील प्रशासन उंगली उठा रहा है देखना होगा तहसील प्रशासन फर्जी निवास प्रमाण पत्र के सहारे आवेदन करने वाली महिला को नौकरी मिलने के बाद निवास प्रमाण पत्र निरस्त करेगा या फिर इस कार्रवाई को अमल में लाया जाएगा।

# होली मिलने बाइक से गए व्यक्ति के पेड़ से टकराने से बाइक सवार युवक की मौत

**स्वतंत्र प्रभात**

**गोला गोकर्णनाथ- खीरी।** थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम रोशननगर में बाइक सवार व्यक्ति के पेड़ से टकराने हुआ गम्भीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस से गोला सीएससी भेजा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक लक्ष्मी कांत तिवारी पुत्र राम दुलारे उम्र 48 बर्ष निवासी ग्राम कपरहा थाना हैदराबाद अपने बहनोई के यहाँ होली पर मिलने गया था । घर वापस लौटते समय अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक पेड़ से जा टकराई जिससे बाइक सवार ब्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया कान से खून निकल रहा था। ग्रामीणों की मदद से घायल ब्यक्ति को आनन फानन में सीएचसी गोला भेजा गया । जहां पर चिकित्सको ने ब्यक्ति को मृतक घोषित कर दिया। सूचना पर गोला कस्बा इचार्ज राजन कुमार मय हमराहियों के साथ सी एच सी गोला पहुँचे । पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। सूचना मिलते ही म्रतक के भाई व अन्य परिजन सीएचसी




गोला पहुंचे म्रतक की पत्नी बेटी बेटो का रो रो के बुरा हाल था। मृतक अपने पीछे दो बेटी दो बेटा छोड़ गया।

## पर्यावरण के विद्यार्थियों ने भ्रमण कार्यक्रम में किया बाणसागर का भ्रमण

**स्वतंत्र प्रभात**

**चित्रकूट ब्यूरो:** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने निर्देश पर अकादमिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत ऊर्जा एवं पर्यावरण विभाग के एमएससी पर्यावरण विज्ञान तृतीय सेमेस्टर के छात्रों ने पेयजल परियोजना मार्कण्डेय घाट, बाणसागर का भ्रमण किया।

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी हर घर जल योजना के अंतर्गत मध्य प्रदेश जल निगम, सतना द्वारा यह परियोजना मारकंडे घाट, बाणसागर में संचालित की जा रही है। जिसमें लार्सन एण्ड टूब्रो (एलएण्डटी) कंपनी को कार्यदाई संस्था के रूप में चुना गया है। स्टडी टूर लेकर गए ऊर्जा और पर्यावरण विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो घनश्याम गुप्ता ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत सतना जिले के पांच ब्लाक एवं 1019 गांवों में पीने का पानी उपलब्ध करवाया जाना है। इसमें लगभग 292 ओवरहेड वॉटर टैंकों के माध्यम से लगभग तीन लाख परिवारों को पेयजल मुहैया करवाया जाना है। इस परियोजना में मुख्य रूप से दो संयंत्र इंटेक वेल एवं वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट संचालित किए जा रहे हैं। प्रयोगशाला में मुख्य रूप से पेयजल का रंग, गंध, चालकता, गंदलापन, टीडीएस, पीएच, क्षारकता इत्यादि का मापन किया जाता है। प्रयोगशाला में केमिस्ट्र के रूप में कार्यरत पूर्व छात्र पंकज मिश्रा पदस्थ हैं। स्टडी टूर में एमएससी पर्यावरण विज्ञान तृतीय सेमेस्टर के 15 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। छात्रों को पेयजल



आपूर्ति को भौतिक रूप से देखने का सुअवसर प्राप्त हुआ। इस दौरान समस्त छात्र अत्यंत खुश नजर आए। संयंत्र भ्रमण के दौरान संयंत्र इंचार्ज इं.शिवम त्रिपाठी, सहायक कंस्ट्रक्शन निर्माण प्रबंधक इं. एस पी सिंह, वरिष्ठ सिविल इंजीनियर इं. राम मोहन, केमिस्ट्र पंकज मिश्रा आदि ने संयंत्र के विषय में जानकारी दी।

# महेन्द्र कोटार्य बने भाजपा के चित्रकूट जिलाध्यक्ष

**स्वतंत्र प्रभात**

**चित्रकूट ब्यूरो:** अब तक भाजपा में जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे महेन्द्र कोटार्य को चित्रकूट का नया जिलाध्यक्ष बनाया गया है। उनके नाम की घोषणा होने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाकर प्रसन्नता का इजहार किया। जिला मुख्यालय में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में जिला चुनाव अधिकारी कौशलेन्द्र सिंह पटेल ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने बिना किसी संकट के, बिना किसी विवाद के भाजपा के संगठनात्मक चुनाव सम्पन्न कराए हैं। लोकसभा चुनाव में विपक्षी दलों ने पीडीए का नारा देकर उत्तर प्रदेश के मतदाताओं को गुमराह करने का प्रयास किया था, किंतु पार्टी के संगठन ने भी अब निर्णय लिया है कि किसी समाज का व्यक्ति नेतृत्व के मामले में वंचित नहीं रहेगा। इसी प्रकार चित्रकूट में भी कल्पना से परे एक सामान्य कार्यकर्ता महेन्द्र कोटार्य को चित्रकूट का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। नव नियुक्त जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने कहा कि जिले के कार्यकर्ताओं और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के विश्वास पर वह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। पूर्व विधायक आनंद शुक्ला ने कहा कि सभी कार्यकर्ता नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष के साथ स्वयं को जिलाध्यक्ष समझकर सहयोग की भावना से काम करें। इस मौके पर उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री अजीत पाल, जिला प्रभारी अनिल यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता,



ब्लाक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, रामनगर गंगाधर मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, चंद्रप्रकाश खरे, भाजपा नेत्री, रंजना उपाध्याय, जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय, राजेश जायसवाल, भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष हीरो मिश्रा, जिला महामंत्री मोहित मिश्रा, अभिषेक ओझा, नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता, मानिकपुर नगर अध्यक्ष राकेश आदि मौजूद रहे।

### भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं की कथा सुनकर भाव विभोर हुए श्रोता



**मऊ, चित्रकूट:** तहसील क्षेत्र के आदर्श नगर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन रविवार को कथावाचक अनुज कृष्ण शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और गोवर्धन पूजा के प्रसंग का वर्णन किया। कथा के दौरान वृंदावन से आए कथावाचक अनुज कृष्ण शास्त्री ने बताया कि श्रीकृष्ण की लीलाएं मानव जीवन के लिए प्रेरणादायक हैं। श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का सुंदर वर्णन करते हुए कथा वाचक ने कहा कि आत्मा और परमात्मा का मिलन तभी संभव है, जब माया रूपी चीर का हरण होता है। भागवत कथा श्रवण करने वालों का सदैव कल्याण होता है। कहा कि मनुष्य जीवन केवल विषय वस्तुओं को भोगने के लिए नहीं, बल्कि भगवान की भक्ति के लिए मिला है। इस मौके पर यजमान शरद चंद्र यादव, राम नरेश यादव सहित सोनू, मोनू, राजबहादुर यादव व श्रोतागण मौजूद रहे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## सड़क क्रॉस करते समय 08 वर्षीय बालक का कार से टक्कर, ट्रामा सेंटर में इलाज जारी

**चील्ह, मीरजापुर।** थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत चील्ह गोपीगंज मार्ग पर तिलठी गांव के पास सड़क पार करते हुए बैगनार कार की टक्कर से आठ वर्षीय बालक घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह 8ः00 बजे तिलठी गांव निवासी सुनील यादव का 08 वर्षीय पुत्र मयंक अपने घर के सामने रोड क्रॉस कर रहा था कि चील्ह की तरफ से गोपीगंज की तरफ जा रही तेज रफ्तार बैगनार कार ने जोरदार धक्का मार दिया जिससे बालक मयंक गंभीर रूप से घायल हो गया घटना को देख परिजनों ने आनन फानन में अपने निजी वाहन से ट्रामा सेंटर मीरजापुर ले जाया गया जहां बालक का उपचार चल रहा है । घटना के बाद बैगनार कार चालक कार लेकर मौके से फरार हो गया । घटना की सूचना पर चौकी प्रभारी चेतगंज राजीव कुमार श्रीवास्तव ने चौकी के सामने बैरियर लगाकर कार को रोककर चालक व कार को हिरासत में ले लिया है।

## धूमधाम से निकली परंपरागत होली बारात

चुनार, मीरजापुर। नगर में होली के उपरांत निकलने वाली परंपरागत होली बारात शनिवार को देर शाम निकाली गई। बारात ऐबकपुर मोहाना स्थित बहुरहवा बाबा मंदिर से होकर लोवर लाइन एलआईसी कार्यालय



होते हुए चुनार कोतवाली पहुंची । बारात में उपस्थित लोग आपस में एक दूसरे को रंग अबीर लगाते हुए कोतवाली पहुंचे।वहां उपस्थित चुनार कोतवाल रविंद्र भूषण मौर्य पुलिस टीम द्वारा बारातियों का गुजिया खिलाकर स्वागत किया गया इस दौरान अध्यक्ष संजीव यादव एडवोकेट,उपाध्यक्ष रामबाबू यादव एडवोकेट, शीतला यादव एडवोकेट, शिवपूजन यादव,मंत्री यादव, लक्कड़ यादव,बाबा यादव, मुलायम यादव,दीपक यादव, शिवम यादव ,मयंक कश्यप, रोहित सिंह, गोलू कश्यप, प्रकाश मौर्य उर्फ पकाऊ आदि उपस्थित रहे।

## पुरानी परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी मनाया गया होली मिलन समारोह

**हलिया, मीरजापुर।** हलिया विकासखंड के ग्राम पंचायत खुटहा के बरबसा गहरवार मे आज भी पुरानी परंपरा के अनुसार मनाया जाता है होली मिलन समारोह बताते चले की



ढोल हारमोनियम नगाड़े के साथ होली के प्रथम दिन बरबसा गहरवार के मोहल्ला मे पहले सरपंच रहा करते थे स्वर्गी सिद्ध नारायण मिश्रा के द्वारा बनाया गया शिव मंदिर से होली गीत ग्रामीणों के द्वारा शुरुआत किया जाता है और हर घर गाते हुए अंतिम के दिन बगल गांव के देवी पूरब के भगवान भोलेनाथ के मंदिर पर समापन किया जाता है जिसमें क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों के द्वारा होली गीत प्रस्तुत किया जाता है जिसमें अवध नारायण पांडे सुरेश सिंह विजय नारायण दुबे पूर्व ग्राम प्रधान राकेश दुबे विनीत सिंह कुलदीप मिश्रा सिया मिश्र तेजवली चौबे लक्ष्मी चौबे विजय नारायण चतुर्वेदी इत्यादि लोग होली गीत में भाग लेते हैं।

## हत्या प्रकरण में फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**देवरिया।** जनपद के कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत ग्राम भीमपुर में 14 मार्च की रात चाकू घोंप कर सनोज यादव की हुई हत्या प्रकरण में आरोपी राम भवन को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया है। बताया जाता है कि मृतक के भाई मनोज की तहरीर पर पुलिस ने कोतवाली में मु0अ0सं0 294/2025 धारा 103(1) बी.एन.एस. के तहत रामभवन विश्वकर्मा के विरुद्ध केस दर्ज किया था। इस सिलसिले में नामजद अभियुक्त रामभवन लगातार फरार चल रहा था। पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर द्वारा फॉरेंसिक टीम व डाग स्क्वायड के साथ घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए घटना के सफल अनावरण व अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया था। पुलिस टीम ने नामजद अभियुक्त रामभवन विश्वकर्मा को मुखबिर की सूचना पर धनौती मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# चोरों के आतंक से क्षेत्र परेशान किसान के घर में अनाज की बोरियों पर चोरों ने किया हाथ साफ

स्वतंत्र प्रभात

**हलिया, मीरजापुर ।** हलिया थाना क्षेत्र के सिकटा गांव में बीती रात चोरों ने घर का चार ताला तोड़कर दरवाजा का साह निकालकर अनाज की बोरियों पर हाथ साफ कर दिया मिली जानकारी के अनुसार रामचंद्र शुक्ला पुत्र हरिशंकर शुक्ला निवासी सिकटा के घर में चोरों ने अनाज की बोरियों पर हाथ साफ कर दिया ग्रामीणों का मानना है कि आए दिन क्षेत्र में कहीं ना कहीं बराबर चोरियां होती रहती हैं प्रशासन के हाथ चोर नहीं लगते हैं बल्कि शरीफ आदमी फस जाते हैं थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव में आए दिन चोरियो का सिलसिला तेजी से बढ़ता जा रहा है चोरों के ऊपर पुलिस नहीं कर पा रही है कार्रवाई जिससे मनबढ चोर आए दिन चोरी को वारदात देते रहते हैं ग्रामीणों का यह भी कहना है कि अगर ग्रामीण चोरों को पकड़कर मारे तो चोरों के तहरीर पर शरीफ आदमी के उपर तुरंत कार्रवाई होगा और प्रशासन का भय चोरों के अंदर नहीं रह गया है जिससे आए दिन चोर टारगेट बना कर रखते हैं कि आज इस घर में करना है चोरी एक दिन इस गांव में तो एक दिन कहीं और दूसरे गांव में इसी तरीके से चल रहा है चोरों का कारोवार अब यह देखना है कि हलिया पुलिस चोरों के उपर कार्रवाई करती है।



# भदोही में दीपक मिश्रा क़ो फिर मिली भाजपा जिलाध्यक्ष की कमान

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही।** भाजपा जिला कार्यालय पर रविवार क़ो संगठन पर्व के अंतर्गत भाजपा के मनोनीत जिलाध्यक्ष की घोषणा की गई। जहां कार्यक्रम का शुभारम्भ पंडित दीन दयाल उपाध्याय और डॉ श्यामा प्रसाद मुख़र्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद अतिथियों का स्वागत किया गया। बैठक में भाजपा के नेताओं ने कार्यकर्ताओं क़ो ईमानदारी और जिम्मेदारी पूर्वक कार्य करने की बात कही। तथा सरकार के कार्यों और योजनाओं के बारे में भी विस्तार से चर्चा की। भाजपा में कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं क़ो आगे बढ़ाने में हमेशा सक्रिय रहे। नये जिलाध्यक्ष के नाम की घोषणा दिनेश राय ने किया नाम की घोषणा होते ही पूरा कार्यालय हर हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। मालूम हो कि दीपक मिश्रा बीते 15 सितम्बर 2023 क़ो भाजपा जिलाध्यक्ष के रूप में मनोनीत हुए थे और अब डेढ़ वर्ष बाद फिर दीपक मिश्रा क़ो भदोही में भाजपा जिलाध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया। दीपक मिश्रा के नाम की घोषणा होते ही सभी अटकलो पर विराम लग गया। सभी भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं ने नये अध्यक्ष दीपक मिश्रा क़ो माल्यार्पण कर बधाई और शुभकामनायें दी। दो महीने के लम्बे समय के बाद केंद्रीय चुनाव समिति ने जारी की लिस्ट। भारतीय जनता पार्टी ने पुन: विश्वास जताते हुये मौजूदा जिलाध्यक्ष को बनाया दुबारा अध्यक्ष, जनपद के भाजपा जिलाध्यक्ष घोषित हुये दीपक मिश्रा, जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेश राय ने घोषणा की। बीते 11 जनवरी को अध्यक्ष पद के लिए 10 महिलाओं समेत 55 लोगों ने नामांकन किया था। रविवार क़ो भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष के घोषणा के समय भाजपा से सांसद और विधायक समेत तमाम दावेदार भी नदारद रहे इस मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल, चुनाव अधिकारी दिनेश राय,नागेंद्र रघुवंशी, अनिरुद्ध त्रिपाठी, घनश्याम मिश्रा, कन्हैया लाल मिश्रा,संतोष पाण्डेय, हौसिला पाठक समेत भारी संख्या में भाजपा के नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बॉलरों की चपेट में आने से बारह वर्षीय बालक की मौत

स्वतंत्र प्रभात

**सिसवा बाजार।** कोठीभार थाना क्षेत्र के ग्राम सभा परसिया में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 12 वर्षीय बालक की मौत हो गई। जबकि एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मिलीजानकारी के अनुसार मृतक ज्योतिष मणि यादव (पुत्र रविन्द्र यादव) अपने दोस्तों के साथ गांव के पुलिया पर बैठा था। इसी दौरान गांव का ही निवासी उमर (पुत्र ऐनुद्दीन) घर से बोलेरो वाहन लेकर आ रहा था। वाहन को एक मोड़ पर आने से उसका संतुलन बिगड़ गया और बोलेरो ने वहां बैठे बच्चों को टक्कर मार



दी इस हादसे में ज्योतिष मणि यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने उसे तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। वहीं, उसका एक अन्य दोस्त गंभीर रूप से घायल है, जिसका इलाज अस्पताल में जारी है। परिजनों का रो रोकर हुआ बुरा हाल मृतक के घरवालों को जब घटना की सूचना मिली तो परिवार में कोहराम मच गया। माता व उसका बड़ा भाई समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी मातम का माहौल है। कोठीभार थानाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं, बोलेरो वाहन चालक उमर को गिरफ्तार कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष बने संजय पांडेय ,कार्यकर्ताओं ने खुशी को लहर




स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने महराजगंज जिले में नए जिलाध्यक्ष की घोषणा के लिए पार्टी कार्यालय पर एक अधिवेशन आयोजित किया। इस अवसर पर पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह, सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया, विधायक शिवेंद्र सिंह चौधरी, पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष समीर त्रिपाठी, अरुण शुक्ल, और पूर्व अध्यक्ष परदेशी रविदास ने सभा को संबोधित किया ।महराजगंज जिले में नए जिलाध्यक्ष की घोषणा के लिए आयोजित इस अधिवेशन में पार्टी नेताओं ने संगठन की मजबूती और आगामी चुनावों की रणनीतियों पर चर्चा की। पार्टी कार्यकर्ताओं में नए नेतृत्व को लेकर उत्सुकता और उम्मीदें हैं, जो संगठन को नई दिशा देने में सहायक होंगी। पार्टी के नए जिलाध्यक्ष पद के लिए जनवरी 2025 में नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई थी, जिसमें कुल 29 दावेदारों ने अपनी उम्मीदवारी प्रस्तुत की थी। इनमें वर्तमान जिलाध्यक्ष संजय पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष अरुण शुक्ला, परदेशी रविदास, आशीष मिश्रा, अरुणेश शुक्ल, अमरनाथ पटेल, आशुतोष शुक्ल, मनोज जायसवाल, धर्मनाथ खरवार, महेश चौरसिया, राजेंद्र निषाद, प्रदीप सिंह, ठाकुर रौनियार, राममोहन अग्रवाल, शिवाकांत गुप्ता, संतोष सिंह, संजय वर्मा, जितेंद्र जायसवाल, सुनील राय, ओम प्रकाश वर्मा, कृष्ण शंकर सिंह, अजय सिंह, बैजनाथ पटेल, जितेंद्र पाल सिंह, प्रमोद त्रिपाठी, बृजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, रमाकांत त्रिपाठी और अजय कुमार श्रीवास्तव शामिल थे। नामांकन प्रक्रिया के बाद, पार्टी नेतृत्व द्वारा नए जिलाध्यक्ष के चयन में देरी के कारण दावेदारों में बेचैनी बढ़ रही थी। इस देरी के पीछे दिल्ली विधानसभा चुनाव और अन्य संगठनात्मक कारण बताए जा रहे थे। पार्टी सूत्रों के अनुसार, नए जिलाध्यक्ष की घोषणा 15 जनवरी 2025 तक होने की संभावना थी, लेकिन यह प्रक्रिया लंबित रही। रविवार को पार्टी कार्यालय मे अधिवेशन के माध्यम से भाजपा जिला चुनाव अधिकारी काशी प्रांत के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ओंकार केसरी ने जिलाध्यक्ष के नाम की घोषणा की ।उन्होने कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने संजय पाण्डेय को एक बार और जिलाध्यक्ष के रूप मे काम करने का मौका दिया है ।नए जिलाध्यक्ष अशोक पांडेय उर्फ संजय पांडेय ने शीर्ष नेतृत्व और पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। बताते चले कि अशोक पांडेय भारतीय जनता पार्टी के जिलामंत्री और जिला उपाध्यक्ष के पद पर कार्यवकार चुके है। इनके पिता जी स्वर्गीय लाल जी पांडेय राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ में विभिन्न पदों पर कार्य किया था। निकाय चुनाव में तत्कालीन जिलाध्यक्ष परदेसी रविदास की धर्मपत्नी के चुनाव लड़ने पर जिला संयोजक संजय पांडेय को बनाया गया तबसे लेकर अभी तक जिले की कमान अशोक पांडेय उर्फ संजय पांडेय ने संभला। आज पार्टी कार्यालय में खचाखच भरे मीटिंग हाल में लाइव कार्यक्रम प्रदेश से चल रहा था। मैसेज आने के बाद जिला चुनाव अधिकारी ओंकार नाथ केसरी ने अशोक पांडेय के नाम की घोषणा की। घोषणा होते ही कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। पंकज चौधरी संजय पांडेय जिंदाबाद, के नारे से वातावरण गुंजायमान हो रहा था। बाहर कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़ कर खुशी जाहिर की। इस अवसर पर प्रमुख वेद प्रकाश शुक्ला, राम हरख गुप्ता, आनंद शंकर वर्मा, संतोष जायसवाल, उदयराज यादव, बृजेश मणि त्रिपाठी, राजेश जायसवाल, महिला मोर्चा की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मधु पांडेय, के अलावा सभी मंडलों के अध्यक्ष , जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ पटेल, जिला महामंत्री बबलू यादव, ओम प्रकाश पटेल, संजय वर्मा, प्रदीप सिंह के अलावा तमाम कार्यकर्ता भारी संख्या में मौजूद रहे।

# विधायक आवास पर होली मिलन समारोह में लोग एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर दी बधाईयां

स्वतंत्र प्रभात

**सीखड , मीरजापुर।** रविवार को चुनार विधायक अनुराग सिंह के मंगरहा सीखड़ आवास पर भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सीखड़ विकास खण्ड के साथ साथ नारायनपुर, जमालपुर के सम्मानित लोगों के साथ कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। विधायक अनुराग सिंह द्वारा उपस्थित सभी लोगों को अबीर-गुलाल लगाकर कर होली की बधाई व शुभकामनाएं दी गई। उक्त अवसर पर लोगों द्वारा ढोलक की थाप झांझ मंजीरा के मधुर धुन पर पारंपरिक फगुआ गीत गाए गए। कार्यक्रम में तीनों विकास खण्ड के ग्राम प्रधान संभ्रांत लोग एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता आमंत्रित थे। आगंतुकों के लिए ठंडई,नाश्ते का प्रबंध किया गया था। उक्त अवसर पर आलोक सिंह, जितेन्द्र प्रकाश सिंह रिंकू,विजय भारद्वाज सिंह, अंबुज मौर्य, बसंत श्रीवास्तव, अनिल मिश्रा, सूरजीत सिंह, दिनेश सिंह एडवोकेट, गोपीनाथ मिश्र, प्रमोद कुमार पांडेय,विजय नारायण सिंह, आनन्द शर्मा, शिवप्रसाद द्विवेदी, बब्बल पांडेय,सहित हजारों की संख्या पुरूष महिला उपस्थित रही।



# अखिल भारतीय जाट महासभा ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**टूण्डला।** नगर के एलएसपी फार्म हाउस बसई रोड़ टूण्डला में अखिल भारतीय जाट महासभा एवं महाराजा सूरजमल जाट एकता समिति के तत्वाधान में होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पधारे अखिल भारतीय जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक सादाबाद चौ.प्रताप सिंह ने कहा कि होली सामाजिक एकता और भाई चारे का प्रतीक है।

यह पर्व आपसी भेदभाव भुलाकर एकजुट रहने का संदेश देता है। सभी लोग मिलजुलकर एकजुट रहें।कार्यक्रम का संचालन कर रहे अखिल भारतीय जाट महासभा के फिरोजाबाद जिलाध्यक्ष दीपक चौधरी ने कहा कि होली प्यार और उमंग का त्यौहार है, यह त्योहार जीवन में सदैव खुश रहने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में गांव देहात के कलाकारों की फगुआ गीतों की प्रस्तुति से माहौल को रंगीन बना दिया। लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। समारोह में कप्तान सिंह चाहर जिलाध्यक्ष आगरा, राजेश चौधरी जिला अध्यक्ष मथुरा, सुरेंद्र चौधरी युवा जिलाध्यक्ष आगरा, दीपक चौधरी जिलाध्यक्ष फिरोजाबाद, युवा जिलाध्यक्ष हनी पोनियां, नगर पालिका अध्यक्ष टूण्डला चौ. भंवर सिंह, रालोद जिलाध्यक्ष फिरोजाबाद मा.देशराज सिंह,चौ. इंद्रपाल सिंह पोनियां,चौ. निरंजन सिंह पोनियां, चौ. हमवीर सिंह, देवेंद्र बेनीवाल, डॉ.ब्रज पाल पोनियां, चौ.ओम प्रकाश, सतेंद्र चौधरी, किशोर चौधरी,करतार सिंह पोनियां, लाल बहादुर सिंह, राजेंद्र प्रधान, मुकेश प्रधान, सुरेंद्र नौहवार कुलदीप पोनियां व बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए।




# मनरेगा में फर्जीवाड़ा ,जिम्मेदारों पर नहीं लगाम

स्वतंत्र प्रभात

**सिसवा।** मनरेगा योजना के शक्ति के बावजूद फर्जी मजदूरों की हाजिरी लगाने वाले जिम्मेदार अपनी करतूत से बाज नहीं आ रहे क्योंकि अभी कुछ ही दिनों पहले मनरेगा आयुक्त महाराजगंज उनकी ओर से की गई जांच में कमियां मिलने पर ब्लॉक की जिम्मेदारों के खिलाफ शक्ति की कार्रवाई की थी इसके बावजूद भी होली के दिन शुक्रवार 14 मार्च को निचलौल ब्लाक के आठ गांवों में जिम्मेदारों की ओर से कुल 889 मनरेगा मजदूरों की हाजिरी लगाई गई सूत्रों के मुताबिक पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है जिम्मेदार इस करतूत को अंजाम देने के लिए एक ही फोटो को कई मस्टरोल में अपलोड किए हैं वही होली पर सार्वजनिक अवकाश के दिन मनरेगा पोर्टल पर मनरेगा मजदूरों की हाजिरी देखकर हड़कमप मचा हुआ है जिसे लेकर लोगों में कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं मनरेगा योजना की पोर्टल पर एमएस ऐप के माध्यम से हर दिन लगने वाली हाजिरी निचलौल ब्लाक के विभिन्न ग्राम सभाओं में टिकुलिया 150, भेडीहारी 219, करदह 107 रूधरौली 10 सीधाबे में 22 रामचंद्रही 245 अंमडी 101 कुल 889 मनरेगा मजदूरों की हाजिरी लगाई गई है वहीं घुंघली ब्लॉक भी पीछे नहीं रहा मनरेगा हाजिरी लगाने में ग्राम लक्ष्मीपुर महंत में 88 मजदूर लगाए गए साथ ही साथ बृजमनगंज ब्लॉक में भी मात्र 3 मजदूर लगाने में भी अपनी हाजिरी इस मनरेगा हाजिरी के फर्जी वाले में अपना नाम यहां के अधिकारी भी दर्ज करवाने में अब्बल रहे वही घुंघली के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी से संपर्क किया गया तो उनका मोबाइल आफ मिला वही निचलौल वीडियो से संपर्क किया गया तो उनके द्वारा यह कहा गया कि मामले की पुष्टि हम लोगों को हो चुकी है जो भी लंबित होंगे उनके ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# जिले में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल का कार्यक्रम ,जिला प्रशासन अलर्ट



स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज ।** मा. राज्यपाल महोदया के जनपद में 17 मार्च को प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम में जनपद के सभी बैंकों द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व (स्ष्टक्र) के अंतर्गत 180 आंगनवाड़ी किटों के वितरण का कार्यक्रम प्रस्तावित है, जिसे महामहिम राज्यपाल महोदया के कर-कमलों द्वारा संपन्न किया जाएगा। यह आयोजन जिला मुख्यालय में निर्धारित किया गया है, जिसमें जिला प्रशासन, बैंक अधिकारी एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रहेगी। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक श्री भूपेंद्र मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न बैंकों द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों को किट उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिसमें भारतीय स्टेट बैंक (SBI) द्वारा 35 किट, पंजाब नेशनल बैंक (PNB) द्वारा 25 किट एवं बैंक ऑफ बड़ौदा (BOB),बैंक ऑफ इंडिया ,इंडियन बैंक द्वारा 15 -15 किट तथा कैनरा बैंक, एचडीएफसी, एक्सिस बैंक, बड़ोदा उ.प्र. ग्रामीण बैंक द्वारा 10-10 किट वितरित की जाएंगी। अन्य बैंकों द्वारा भी इस अभियान में योगदान दिया जा रहा है, विभिन्न बैंकों के सहयोग से कुल 180 किट का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर महामहिम राज्यपाल महोदया अपने संबोधन में आंगनवाड़ी केंद्रों की भूमिका पर प्रकाश डालेंगी और सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत बैंकों के योगदान को प्रोत्साहित करेंगी। कार्यक्रम में जिलाधिकारी , मा. जनप्रतिनिधियों सहित मुख्य विकास अधिकारी , अग्रणी जिला प्रबंधक भूपेंद्र मिश्र व अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं बैंक प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। बैंक प्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया है कि वे समाज कल्याण हेतु इस प्रकार की गतिविधियों को निरंतर जारी रखेंगे।

# चौमुहां में हुआ हुरंगा, युवाओं ने परंपरा को बढाया आगे

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** बृज में होली का खुमार उतरने का नाम नहीं ले रहा है। होली बीतने के बाद जगह जगह हुरंगे का आयोजन हो रहा है। जिसमें हुरियारे एवं हुरियारिन नाच गाकर हुरंगे की परंपरा को निभा रहे है। वर्षों से चली आ रही होली के बाद खेले जाने वाले हुरंगे को पारंपरिक रीति रिवाज के साथ युवा पीढ़ी भी सौहार्दपूर्ण वातावरण में खेलती चली आ रही है। कस्बा चौमुहां के मनी थोक के मैदान में हुरंगे का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। हुरंगे में होरी लाल गुरु जी ने कहा कि इस तरह की होली पूरे विश्व में कही भी देखने को नही मिलती है। बृज में आज भी साक्षात राधा कृष्ण होली खेलते है। चौमुहां के ऐतिहासिक हुरंगा का लुफ्त उठाया। हुरंगें में बैड बाजो की धुनो पर हुरियारों के साथ हुरियारिनों ने जमकर नृत्य किया। तो वहीं और हुरियारों के कटाक्ष का हुरियारिनों ने प्रेम पगी छड़ियों से जवाब देने के लिए काफी दूर तक दौड़ाया। यही नही होली के इस हुड़दंग में हुरंगें में झंडा प्रतियोगिता कराई जाती है। झंडा जीतने वाली हुरियारिनो को हुरंगा आयोजक पूरन सिसौदिया ने पुरस्कृत किया। वही समाजसेवी बिहारीलाल और पूरन सिसौदिया ने सभी हुरियारिनों को एक साड़ी प्रदान की। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन ओंकार सिंह, संजय सिंह, गुड्डू पहलवान, गिर्राज नेता, कुलदीप, सतीश मास्टर, सत्तो लम्बरदार, पाल सिंह यादव, भगवान सिंह फौजी, कल्याण सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।



# 17 मार्च को रामलीला मैदान की परमीशन निरस्त किए जाने से भड़के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती

स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज।** जगदुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज ने कहा कि हम गौ प्रतिष्ठा प्रतीक्षा आंदोलन के क्रम में 17 मार्च को रामलीला मैदान में शांति पूर्वक बैठने की अनुमति मांगी थी लेकिन अब वह अनुमति निरस्त कर दिया गया है जो कि प्रजातंत्र में गलत है। शंकराचार्य ने कहा कि अब इस सरकार में ऐसा समय आ गया है कि अब गौ भक्तो को मैदान में बैठकर शांति अपनी बात कहने से भी रोका जा रहा है।ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने बताया कि हमने सरकार और सभी विपक्षी दलों को गौ माता के प्रति अपना मत स्पष्ट करने के लिए 17 मार्च तक का समय दिया था उन्होंने आगे कहा कि सरकार 17 मार्च तक गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करे एवं पूरे देश में गौ हत्या पूर्णतः प्रतिबंधित करवाये अन्यथा हम 17 मार्च को दिल्ली में कठोर निर्णय लेने के लिए बाध्य होंगे। सूत्रों से प्राप्त सूचना एल आई यू और अन्य सरकारी सूचना तंत्र के माध्यम से राम लीला मैदान में लाखों गौ भक्तो के इकट्ठा होने की प्राप्त सूचना प्राप्त हुई है के आधार पर रामलीला मैदान की परमीशन निरस्त की गई है।

# करछना में प्रेम प्रसंग में इंटर के छात्र की फावड़े से मारकर हत्या

स्वतंत्र प्रभात



**ब्यूरो प्रयागराज।** करछना थाना क्षेत्र के सेमरहा गांव में इंटर के छात्र राजू उर्फ सूबेदार (17) की हत्या कर दी गई।उसका खून से लथपथ शव गंगा के किनारे मिला। उसके सिर पर फावड़े से प्रहार के गंभीर निशान पाए गए हैं। हत्या से गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस ने पिता की तहरीर पर मां-बेटे समेत आठ लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के पीछे प्रेम प्रसंग का मामला बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। खेती किसानी करने वाले सेमरहा गांव निवासी मानिकचंद्र निषाद के चार बेटे हैं। उनका सबसे छोटा बेटा राजू उर्फ सूबेदार (17) पास के गांव अमिलो में स्थित एक कॉलेज में इंटर का छात्र है। राजू शनिवार को गांव में आयोजित एक त्रयोदशाह कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए गया था। आरोप है कि गांव का ही रहने वाला करन निषाद अपने कुछ दोस्तों के साथ मिलकर राजू उर्फ सूबेदार को बहाना बनाकर गंगा घाट की तरफ ले गया। रात्रि करीब ग्यारह बजे फावड़े से सिर पर प्रहार कर राजू की हत्या कर दी गई। इसके बाद सभी भाग निकले। देर रात तक त्रयोदशाह कार्यक्रम से घर न लौटने पर परिवार के लोग परेशान हो गए। उसकी खोजबीन शुरू की गई। रविवार की सुबह गंगा घाट की तरफ उसका खून से लथपथ शव मिलने पर हड़कंप मच गया। परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पिता ने गांव के करन निषाद पुत्र दिनेश निषाद पर हत्या का शक जाहिर किया है। पिता की तहरीर पर करन निषाद उसकी मां सुषमा निषाद पत्नी दिनेश, गांव के ही अनीस निषाद, सूरज निषाद, सत्येंद्र निषाद, अमर निषाद और अजय निषाद के अलावा मेजा थाना क्षेत्र के बलुआ गांव निवासी बादल निषाद और दीपू निषाद के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने पांच आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। गांव के लोगों ने दबी जुबान बताया कि प्रेम प्रसंग को लेकर राजू की हत्या की गई है। मुख्य आरोपी करन निषाद के परिवार की किसी लड़की के साथ राजू का प्रेम प्रसंग चल रहा था। लड़की के घर वालों ने राजू को लड़की के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया था। इसको लेकर विवाद भी हुआ था। माना जा रहा है कि इसी के चलते राजू की हत्या की गई है। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। इसके बाद ही पता चल सकेगा कि वारदात के पीछे क्या कारण है।

# भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ कोरांव तहसील इकाई ने सौपा ज्ञापन

**राघवेंद्र बाजपेई के हत्यारे को गिरफ्तार करने तथा परिवार को एक करोड़ का मुआवजा देने की मांग।**

स्वतंत्र प्रभात



**कोरांव प्रयागराज।** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ कोराव की तहसील इकाई कोरांव ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी के राष्ट्रीय संयोजक भगवान प्रसाद उपाध्याय के निर्देश पर सीतापुर के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई के हत्यारोपियो को गिरफ?तार करने तथा मृतक के परिवार को एक करोड़ का मुआवजा व परिवार वालों को सुरक्षा प्रदान करने एवं आए दिन पत्रकारों पर हो रहे अत्याचार हत्या जैसी घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन कोराव तहसील अध्यक्ष सुखलाल विश्वकर्मा के नेतृत्व में नायब तहसीलदार राममूरत कोरांव को सौपा गया। ज्ञापन देने वालों में तहसील अध्यक्ष सुखलाल विश्वकर्मा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, उपाध्यक्ष प्रेमचंद सिंह उपाध्यक्ष, अमरेंद्र वर्मा उपाध्यक्ष, तेज नारायण कुशवाहा कोषाध्यक्ष,संरक्षक विवेक मिश्रा , संगठन मंत्री इंद्रेश जैसल,राजेश सिंह, संतोष सिंह,राहुल सिंह आदि पत्रकार मौजूद रहे।

# कौशाम्बी पुलिस लाइन में गूंजा 'रंग बरसे', एसपी-सीओ ने गाया होली गीत

स्वतंत्र प्रभात



**कौशाम्बी।** जनपद के पुलिस लाइन में आयोजित होली मिलन समारोह में एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव और सीओ अवधेश विश्वकर्मा ने मंच से मशहूर होली गीत रंग बरसे भीगे चुनर वाली रंग बरसे गाना शुरू कर दिया। दोनों अधिकारियों को गाते देख पुलिसकर्मी झूम उठे और पूरा परिसर होली के रंगों और उमंग से सराबोर हो गया। रविवार को आयोजित इस समारोह में एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने सभी पुलिसकर्मियों को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और मिठाइयां वितरित की। इसी बीच जब मंच से सीओ अवधेश विश्वकर्मा के साथ एसपी ने होली गीत गाना शुरू किया तो माहौल में जोश भर गया। पुलिसकर्मियों ने तालियों और ढोल की थाप पर जमकर नृत्य किया। समारोह में एएसपी राजेश कुमार सिंह, जिले के सभी थाना प्रभारी और पुलिसकर्मी मौजूद रहे। बैंड की मधुर धुनों और होली के पारम्परिक गीतों ने समां बांध दिया। इस आयोजन ने पुलिसकर्मियों को न सिर्फ मनोरंजन का मौका दिया बल्कि एकता, सौहार्द और भाईचारे का संदेश भी दिया।

# मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 1362 मरीजों किया गया उपचार

स्वतंत्र प्रभात




**कौशाम्बी।** जनपद में प्रत्येक रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाता है जनपद में 29 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आज दिनांक 16/03/2025 को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले को सफल बनाने के लिए नोडल अधिकारी तथा अपर/उप मुख्य चिकित्साधिकारी कौशाम्बी को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आरोग्य स्वास्थ्य मेले के निरीक्षण हेतु जिम्मेदारी दी गई दी गयी जिसमें डॉक्टर संजय कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशाम्बी ने ब्लाक सिराथू के अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सेलरहा पश्चिम एवम् प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शमसाबाद का निरीक्षण किया तथा उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पी? एन? यादव ने ने करारी का निरीक्षण किया उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एच? पी? मणि ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मंझनपुर व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मूरतगंज का निरीक्षण किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संजय कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाता है अन्य उप मुख्य चिकित्साधिकारी,अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारियों ने भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण किया आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 44 चिकित्सा अधिकारी व 119 पैरामेडिकल कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी आरोग्य स्वास्थ्य मेले में विभिन्न रोगों से ग्रसित कुल 1362 मरीजों का चिकित्सकों द्वारा उपचार किया गया एवं 15 मरीजों को जिला संयुक्त चिकित्सालय मंझनपुर कौशाम्बी सन्दर्भित किया गया साथ ही स्वास्थ्य मेले में कुल 47 गोल्डन कार्ड भी बनाये गये।

# सिलेण्डर ब्लास्ट से दो घर हुए धराशाई महिला की हालत गम्भीर

स्वतंत्र प्रभात



**कौशाम्बी।** जनपद में गैस के चूल्हे पर महिला बच्चों के लिए दूध उबाल रही थी और दूध उबालते समय गैस सिलेण्डर में हो ब्लास्ट हो जिसमें दो घर धराशाई हो गये और महिला की हालत गम्भीर है। कौशाम्बी जिले में गैस चूल्हे पर महिला बच्चों के लिए दूध उबाल रही थी और तभी गैस सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया,गैस सिलेंडर में ब्लास्ट से दो घर धराशाई हो गए,वही महिला गम्भीर रूप से घायल हो गई,घायल महिला को एम्बुलेन्स से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना कौशाम्बी थाना क्षेत्र के गोपसहसा के बंधवा गांव की है जहां रविवार की सुबह अनिल कुमार निषाद की बेटी चिन्ता देवी गैस में दूध उबालने के लिए रखकर दूसरे कमरें में चली गयी। तभी सिलेण्डर लीकेज के चलते आग लग गई और गैस सिलेण्डर में ब्लास्ट हो गया। विस्फोट इतनी भीषण था कि भुक्तभोगी अनिल निषाद व उसके पड़ोसी राम प्रकाश का मकान धराशायी हो गया। वहीं टीन शेड उड़ने की वजह से पड़ोसी राम प्रकाश कि पत्नी प्रेमा देवी को सिर पर गम्भीर चोट आई है। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

# प्रयागराज नोडल जिले में आयोजित होगा युवा संसद का जिला स्तरीय कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश- युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट-2025 (VBYP-25) के शुभारंभ की घोषणा की गई है। यह पहल विकसित भारत 2047 विज़न के अनुरूप है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रस्तुत किया था, जिसका उद्देश्य देश के युवाओं को नीति-निर्माण और नेतृत्व की ओर प्रेरित करना है। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित किए जाने वाले विकसित भारत युवा संसद महोत्सव 2025 के तहत भारत के 301 नोडल जिला में प्रयागराज जिले को नोडल जिले के रूप में चुना गया है। इस कार्यक्रम में प्रयागराज के साथ-साथ संबद्ध जिले भदोही और कौशांबी के युवाओं की भागीदारी होगी। यह आयोजन युवाओं को राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करने, नीति निर्माताओं के साथ संवाद करने और देश के विकास में योगदान देने का एक अनूठा मंच प्रदान करेगा। यह कार्यक्रम तीन चरणों (जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर) में आयोजित किया जाएगा। चयनित प्रतिभागियों को दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जहां वे नीति-निर्माताओं और राष्ट्रीय नेताओं के साथ संवाद कर सकेंगे।

**कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं=**

पंजीकरण तिथि= 16 मार्च 2025 तक

आयु सीमा=18 से 25 वर्ष (24 फरवरी 2025 तक) होगी। 19 और 20 मार्च 2025= जिला स्तरीय प्रतियोगिता होगी इच्छुक युवा MY Bharat पोर्टल (https://mybharat.gov.in/) पर जाकर अपने नोडल जिले के विकसित भारत युवा संसद को सलेक्ट करके आवेदन कर सकते हैं। पंजीकरण के लिए ÷विकसित भारत का आपके लिए क्या अर्थ है?/What Does Viksit Bharat Mean to You? विषय पर 1 मिनट का अधिकतम 25 mb ka वीडियो अपलोड करना अनिवार्य है।ऑफलाइन आवेदन स्वीकार्य नहीं होंगे। जिला स्तरीय प्रतियोगिता= स्क्रीनिंग के पश्चात अधिकतम 150 युवाओं को प्रयागराज में आयोजित विकसित भारत युवा संसद में प्रतिभागियों को वन नेशन, वन इलेक्शन= विकसित भारत के मार्ग की ओर/ One Nation,One Election: Paving the way for Viksit Bharat अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। जिला स्तर के प्रतियोगिता हेतु यूनाइटेड प्रबंधन संस्थान प्रयागराज को चिन्हित किया गया है ढ्ढ चयन प्रक्रिया= प्रतिभागियों को रूड्ढ भारत पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा और 1 मिनट का वीडियो अपलोड करना होगा। वीडियो स्क्रीनिंग के बाद चयनित प्रतिभागियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रयागराज में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। जिला स्तर पर शीर्ष 10 प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चुना जाएगा। यह कार्यक्रम युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का अवसर प्रदान करेगा।

# यूपी में बीजेपी के जिला अध्यक्षों का हुआ ऐलान

स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज।** बीजेपी ने उत्तर प्रदेश में अपने कई जिलों के अध्यक्षों के नाम का ऐलान कर दिया है। प्रयागराज गंगापार में निर्मला पासवान, प्रयागराज यमुनापार में राजेश शुक्ला, प्रयागराज महानगर में संजय गुप्ता को जिम्मेदारी दी गयी है। जिला अध्यक्षों के चयन के लिए प्रत्येक जिले में पर्यवेक्षकों, जिला चुनाव अधिकारियों और वरिष्ठ पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गयी थी। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने गहरे मंथन के बाद जिला अध्यक्षों के नाम का ऐलान किया है। जिला अध्यक्षों के चयन में सामाजिक, जातीय और क्षेत्रीय समीकरणों का पूरा ध्यान रखा गया है। इसके बाद बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष का भी चुनाव होना है। बीजेपी की ओर से की गई घोषणा के मुताबिक, बुलंदशहर में विकास चौहान, इटावा में अन्नू गुप्ता, ग़ाज़ीपुर में ओमप्रकाश राय, ललितपुर में हरिश्चंद्र रावत, आगरा में प्रशांत पोनिया, मुरादाबाद में आकाश पाल, कासगंज में नीरज शर्मा, लखनऊ में विजय मौर्या, महाराजगंज में संजय पांडेय, उन्नाव में अनुराग, रायबरेली में बुद्धि लाल को जिला अध्यक्ष की कमान मिली है। गौतम बुद्ध नगर में अभिषेक शर्मा, सोनभद्र में नन्दलाल गुप्ता, गोरखपुर में जनार्दन तिवारी, आजमगढ़ में ध्रुव सिंह, लालगंज में विनोद राजभर, बस्ती में विवेकानंद मिश्रा, भदोही में दीपक मिश्रा, कानपुर दक्षिण में शिवराम सिंह, प्रतापगढ़ में आशीष श्रीवास्तव, रामपुर में हरीश गंगवार को जिला अध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा मैनपुरी में ममता राजपूत, फर्रुखाबाद में फतेह चंद्र वर्मा, मथुरा में निर्भय पांडे, इटावा में अन्नू गुप्ता, ललितपुर में हरिश्चंद्र रावत, बहराइच में ब्रजेश पांडेय, सुल्तानपुर में सुशील त्रिपाठी, औरैया में सर्वेश कठेरिया, कासगंज में नीरज शर्मा, बलरामपुर में रवि मिश्रा, गोंडा में अमर किशोर कश्यप, श्रावस्ती में मिश्री लाल वर्मा, कानपुर देहात में रेणुका सचान और कानपुर ग्रामीण में उपेंद्र नाथ पासवान को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। बीजेपी की ओर से बताया गया है कि कन्नौज में वीर कुमार सिंह भदौरिया, संतकबीनगर में नीतू सिंह, महाराजगंज में अशोक उर्फ संजय पांडेय, मऊ में रामाश्रय मौर्य, बलिया में संजय मिश्रा, प्रयागराज गंगापार में निर्मला पासवान, प्रयागराज यमुनापार में राजेश शुक्ला, प्रयागराज महानगर में संजय गुप्ता, मछलीशहर में अजय कुमार सिंह, महोबा में मोहनलाल कुशवाहा, चित्रकूट में महेंद्र कोटार्य को जिला अध्यक्ष के पद की जिम्मेदारी मिली है। मथुरा में राजू यादव, आगरा में राजकुमार गुप्ता, मुरादाबाद में गिरीश भंडुला,गाजियाबाद में मयंक गोयल, नोएडा में महेश चौहान, लखनऊ में आनंद द्विवेदी, मेरठ में विवेक रस्तोगी, गोरखपुर में देवेश श्रीवास्तव और कानपुर महानगर उत्तर मे अनिल दीक्षित को कमान सौंपी गई है। उत्तर प्रदेश में 2027 के फरवरी में विधानसभा के चुनाव होने हैं। इस लिहाज से चुनाव में मुश्किल से 2 साल का वक्त बचा है। बीजेपी को अब अपनी नई टीम के साथ उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव के मैदान में जाना है।

# होली पर मानवता का रंग : कूड़ा बीन रहे बेसहारा बुजुर्ग को वृद्धाश्रम संचालक ने दिया सहारा, घरवालों की तलाश जारी

स्वतंत्र प्रभात



**कौशाम्बी।** होली खुशियों, रंगों और प्रेम का पर्व है, लेकिन कुछ लोगों के लिए यह दिन भी सामान्य दिनों की तरह ही संघर्ष भरा होता है। ऐसा ही एक नजारा मंझनपुर नगर पालिका परिषद कार्यालय के पास देखने को मिला, जहां एक बुजुर्ग व्यक्ति कूड़ा बीनते नजर आए। उनकी फटेहाल स्थिति देखकर ओसा वृद्धाश्रम के संचालक आलोक रॉय ने अपनी इंसानियत का परिचय दिया और उनकी मदद के लिए आगे बढ़े।

**सड़क किनारे मिले लाचार बुजुर्ग**

होली के दिन जब चारों ओर रंगों की बौछार हो रही थी, लोग अपने परिवार और दोस्तों संग जश्न मना रहे थे, उसी दौरान वृद्धाश्रम संचालक आलोक रॉय मंझनपुर से ओसा वृद्धाश्रम की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह नगर पालिका परिषद कार्यालय के पास पहुंचे, उनकी नजर एक वृद्ध व्यक्ति पर पड़ी, जो कूड़ा बीन रहा था। उनकी हालत बहुत खराब थी–गंदे और फटे कपड़े, उलझे हुए बाल और थकी हुई आंखें, जिनमें भूख और बेबसी साफ झलक रही थी।

**संवेदनशीलता दिखाते हुए रोकी बाइक, बुजुर्ग से पूछा नाम-पता**

यह दृश्य देखकर आलोक रॉय ने तुरन्त अपनी बाइक रोकी और उस बुजुर्ग के पास पहुंचे। उन्होंने उसका नाम-पता पूछा, लेकिन बुजुर्ग कुछ भी बता पाने की स्थिति में नहीं थे। उनका जवाब न दे पाना इस बात की गवाही दे रहा था कि या तो उन्हें अपनी पहचान याद नहीं, या फिर कोई गहरी मानसिक पीड़ा उन्हें बोलने से रोक रही थी।

**वृद्धाश्रम ले जाकर दिलाया भोजन और दिया नया जीवन**

बुजुर्ग की दयनीय स्थिति देखकर आलोक रॉय ने उन्हें अपनी बाइक पर बैठाया और पहले उन्हें फल दिलाए। फिर उन्हें ओसा वृद्धाश्रम लेकर गए, जहां सबसे पहले उनकी सफाई कराई गई। उन्हें नहलाया गया, साफ कपड़े पहनाए गए और सम्मानपूर्वक भोजन कराया गया। भोजन करते समय उनके चेहरे पर आई संतुष्टि की झलक यह बता रही थी कि शायद लंबे समय बाद उन्हें भरपेट खाना नसीब हुआ था।

**घरवालों की तलाश शुरू, परिजनों से मिलाने का प्रयास**

वृद्धाश्रम संचालक आलोक रॉय ने कहा कि अब उनकी पूरी कोशिश रहेगी कि जल्द से जल्द इस बुजुर्ग के परिजनों को खोजकर उन्हें उनके परिवार से मिलाया जाए। इसके लिए स्थानीय प्रशासन और आसपास के इलाकों में जानकारी जुटाई जा रही है। यदि परिवार का कोई पता नहीं चलता, तो वृद्धाश्रम में ही उनका पूरा ख्याल रखा जाएगा, ताकि उन्हें दोबारा ऐसी बेबसी का सामना न करना पड़े।

**होली के रंग में इंसानियत का रंग शामिल**

आलोक रॉय के इस कदम ने यह साबित कर दिया कि होली सिर्फ रंग और उत्सव का पर्व नहीं, बल्कि मानवता का भी उत्सव है। जहां कई लोग अपने परिवार और दोस्तों के साथ त्योहार मना रहे थे, वहीं उन्होंने एक अजनबी को अपनाकर उसका जीवन संवारने की पहल की।

# जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट,विकास भवन स्थित कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात



**कौशाम्बी।** मण्डलायुक्त, प्रयागराज के प्रस्तावित भ्रमण/कार्यालय निरीक्षण तथा वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर अग्रसर होने के दृष्टिगत विभागीय लक्ष्य एवं बजट को शत-प्रतिशत पूर्ण किये जाने के सन्दर्भ में एवं कार्यालय के अभिलेखों के समुचित ढंग से रख-रखाव एवं कार्यालय की साफ-सफाई सुनिश्चित किये जाने हेतु आज कलेक्ट्रेट व विकास भवन के समस्त कार्यालय खुले रखने के आदेश दिये गये थे। जिसके दृष्टिगत जिलाधिकारी द्वारा आज कलेक्ट्रेट स्थित सभी कार्यालयों का निरीक्षण किया गया। कलेक्ट्रेट में स्थित कार्यालयों/पटलों यथा-रिकार्डरूम, शस्त्र अनुभाग, नजारत अनुभाग, निर्वाचन कार्यालय, जिला आबकारी कार्यालय,जिला सूचना कार्यालय, खाद्य एवं सुरक्षा, अपर जिलाधिकारी कार्यालय एवं भूलेख संग्रह अनुभाग आदि सहित विकास भवन के कार्यालयों का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि कोई भी आवेदन लम्बित न होने पाये, समयान्तर्गत आवेदन का निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुनकर प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाय, किसी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। उन्होने अभिलेखों का रख-रखाव व्यवस्थित तरीके से करने तथा कार्यालय में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित रखने के भी निर्देश दिये। उन्होंने मुकदमें से सम्बन्धित फाइलों को समय से निस्तारित करने को कहा हैं। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी कार्यालयों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि फाइलो को उचित ढंग से सूचीबद्ध करके रखा जाय। खाद्य सुरक्षा एवं औषधी प्रशाधन कार्यालय के निरीक्षण के दौरान कार्यालय में समय से उपस्थित न पाये जाने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी नितिन कुमार, भरत कुमार मिश्रा, एवं शाहाबुद्धीन सिद्दीकी का एक दिन का वेतन रोकने एवं नितिन कुमार का आवासीय भत्ता भी रोकने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी द्वारा विकास भवन का भी आकस्मिक निरीक्षण किया गया, तत्समय भी सम्बन्धित अधिकारी कार्यालय में उपस्थित नही थे, जबकि आज समय से कार्यालय खोले जाने की सूचना कल ही लिखित एवं वाट्स-एप के माध्यम से दी जा चुकी थी। उन्होंने कहा कि यह स्थिति नितान्त आपत्तिजनक है, इससे ऐसा प्रतीत होता है कि उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने के अभ्यस्त होने एवं अधिकारी/कर्मचारी आचरण नियमावली के विपरीत होने के कारण संजय कुमार जायसवाल सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई, अश्वनी कुमार जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, दिलीप कुमार जिला समाज कल्याण अधिकारी, सुश्री सुनीता जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी, मनोज कुमार वर्मा उपायुक्त(श्रम-रोजगार), गौतम घोष, सहायक जिला सेवायोजन अधिकारी, अंशू मिश्रा, प्रभारी जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी, डॉ सन्तराम, जिला कृषि अधिकारी, सत्येन्द्र कुमार तिवारी उप कृषि निदेशक, अजय कुमार यादव अपर जिला पंचायत राज अधिकारी एवं विनोद कुमार द्विवेदी, जिला कमाण्डेन्ट होमगार्ड्स कुल 11 अधिकारियों को जिलाधिकारी द्वारा विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की गयी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव ,अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह व सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# होली रंगों का ही नहीं बल्कि दिलों के मिलने का भी त्यौहार है : जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य

स्वतंत्र प्रभात




**कौशाम्बी।** जनपद के भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में आज आयोजित होली मिलन समारोह में जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य व पार्टी के जिला पदाधिकारीगण, मण्डल अध्यक्षगण,पार्टी कार्यकर्तागण,एक दूसरे को फूल गुलाल डाल कर सकुशल होली मिलन समारोह को मनाया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने सम्बोधित किया कि यह समारोह न केवल रंगों का जश्न है बल्कि यह एक अवसर भी है जब लोग अपने प्रिय जनों के साथ मिलते हैं और उनके साथ खुशियों का आनंद लेते हैं इस समारोह में लोग रंगों से खेलते हैं गाना गाते हैं और नित्य करते हैं यह एक ऐसा अवसर है जब लोग अपने मतभेदों को भूलकर एक दूसरे के साथ मिलते हैं और खुशियों का आनन्द लेते हैं ऐसी तमाम बातों को बताया व पुनः शुभकामनाएं दी इस मौके पर राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा,जिला उपाध्यक्ष आशीष केसरवानी, अजय पाण्डेय, अरविन्द द्विवेदी, जिला महामंत्री संजय जायसवाल, जय प्रकाश विश्वकर्मा, ब्रम्ह प्रसाद त्रिपाठी, वरिष्ठ भाजपा नेता भोलेशंकर कुशवाहा, लवकुश मौर्य, शीलू पाण्डेय,अशोक केसरवानी, मीडिया प्रभारी ज्ञानेन्द्र साहू,शेखर पाण्डेय, पुष्पराज पटेल, तमाम मण्डल अध्यक्षगण, मण्डल महामंत्रीगण, कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## करों प्रखंड में रंग और उल्लास के साथ मनायी गयी होली



**करों, देवघर, झारखंड-** करों प्रखंड के विभिन्न गांवों में होली का पर्व हर्षोल्लास और प्रेम के साथ धूमधाम से मनाया गया। धार्मिक नगरी करोंग्राम में दो दिनों तक होली उत्सव की धूम रही, जहाँ लोगों ने एक-दूसरे को अबीर और रंग लगाकर खुशियाँ साझा कीं। स्थानीय कर्णेश्वर मंदिर और कटाल काली मंदिर में श्रद्धालु पूजा-अर्चना में व्यस्त रहे और ईश्वर से सुख-समृद्धि की कामना की।

इस मौके पर छोटे-छोटे बच्चों ने भी जमकर आनंद उठाया। बच्चों ने रंग-बिरंगे नकाब पहनकर नाच-गान किया और माहौल को और भी उत्साहपूर्ण बना दिया। सद्भाव और भाईचारे के संदेश के साथ यह होली पर्व पूरे करों प्रखंड में उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## ओबरा में निकली श्रीराम जानकी की जीवंत झांकी, सनातनी संस्कृति का अद्भुत प्रदर्शन



**चौपारण हजारीबाग झारखंड-** होली के पावन अवसर पर ओबरा में एक अनोखी और मनमोहक झांकी निकाल होली मनाई गई। इस झांकी में, भगवान श्रीराम, माता जानकी, लक्ष्मण और हनुमान की जीवंत प्रस्तुति की गई, जिसमें वानर सेना ने भी भाग लिया। यह झांकी सनातनी संस्कृति को जीवंत रखने का एक अनूठा प्रयास था, जिसने ग्रामीणों को धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ा। झांकी में भाग लेने वाले कलाकारों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया।

झांकी के बाद, ग्रामवासियों ने एक-दूसरे को रंग और अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस जीवंत झांकी को सफल बनाने में सुरेश राणा, सोबरन यादव, भोला राणा, धर्मदेव यादव, रामजीवन राणा, लखन साव, किशोर राणा, आलोक कुमार, नीरज राणा, संजय राणा, लक्ष्मण राणा, कार्तिक यादव, लालधारी यादव, भुनेश्वर यादव, सुभाष यादव, आदि ने महती भूमिका निभाई।

## मंडलकारा पाकुड़ में जेल अदालत एवं मेडिकल कैंप का हुआ आयोजन



**पाकुड़, झारखंड-** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा), रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पाकुड़ के तत्वावधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष शेष नाथ सिंह के मार्गदर्शन में 16 मार्च 2025 (रविवार) को पाकुड़ मंडलकारा में जेल अदालत सह मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया।

**जेल अदालत में कानूनी जागरूकता-** इस जेल अदालत में न्यायिक पदाधिकारियों ने बंदियों को कानूनी जानकारी प्रदान की और उनके अधिकारों एवं हितों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया। उन्हें विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया और न्यायिक अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

**मेडिकल कैंप में स्वास्थ्य जांच-** झालसा के निर्देशानुसार जेल परिसर में मेडिकल कैंप भी आयोजित किया गया, जिसमें बुजुर्ग बंदियों सहित अन्य कैदियों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान बीपी, शुगर और अन्य आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किए गए।

**उपस्थित अधिकारी एवं व्यवस्थाएँ-** इस अवसर पर न्यायिक पदाधिकारी, मेडिकल टीम के अधिकारी एवं जेल प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। जेल प्रशासन एवं विधिक सेवा प्राधिकार के समन्वय से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# लायंस क्लब (सत्र 2025-26) के अध्यक्ष बने लायन प्रेम पाठक, लायन विजय आनंद लछिरामका बने सचिव

स्वतंत्र प्रभात




**मधुपुर, देवघर, झारखंड-** लायंस क्लब ऑफ मधुपुर के सत्र 2025-26 के लिए अध्यक्ष और सचिव पद का चुनाव काली मंडा रोड स्थित एक निजी होटल के सभागार में संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया गिरिडीह और देवघर से आए चुनाव पर्यवेक्षक लायन परमजीत सिंह छाबड़ा और लायन आलोक मिश्रा, साथ ही मधुपुर क्लब के चुनाव पदाधिकारी लायन महेंद्र घोष, लायन नरेश पटेल और लायन रूपेश मोदी की देखरेख में आयोजित की गई।

**चुनाव प्रक्रिया एवं परिणाम-** अध्यक्ष पद के लिए लायन प्रेम पाठक और लायन सुवेंदु दा ने नामांकन किया था, जबकि सचिव पद के लिए लायन विजय आनंद लछिरामका एकमात्र उम्मीदवार थे, जिन्हें निर्विरोध सचिव चुना गया। अध्यक्ष पद के लिए हुए मतदान में लायन प्रेम पाठक को 23 मत प्राप्त हुए, जिसके आधार पर उन्हें विजयी घोषित किया गया।

इसके बाद, सभी सदस्यों ने पुष्पगुच्छ देकर नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं सचिव का अभिनंदन किया। इस अवसर पर लायन प्रेम पाठक और लायन विजय आनंद लछिरामका ने सभी चुनाव पदाधिकारियों एवं सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया और आश्वस्त किया कि सत्र 2025-26 में क्लब सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर योगदान देगा।

**पर्यवेक्षकों और वरिष्ठ पदाधिकारियों के विचार-** चुनाव पर्यवेक्षकों ने घोषणा की कि नए सत्र की शुरुआत 1 जुलाई 2025 से होगी। इस अवसर पर क्लब के पूर्व अध्यक्ष PMJF लायन डॉ. अरुण गुटगुटिया ने कहा कि लायंस क्लब ऑफ मधुपुर की स्थापना 1967 में हुई थी, और यह संस्था वर्षों से अपने सामाजिक कार्यों के कारण एक अलग पहचान बना चुकी है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नए अध्यक्ष और सचिव क्लब को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पुरुष एवं महिला सदस्य उपस्थित थे, जिन्होंने चुनाव प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# पिता ने तीन बच्चों की हत्या कर की खुदकुशी

● पीरटांड प्रखंड के महेशलिट्टी गांव में सनसनी, पुलिस जांच में जुटी

स्वतंत्र प्रभात



**गिरिडीह, झारखंड-** गिरिडीह जिले के पीरटांड प्रखंड के महेशलिट्टी गांव में एक हृदय विदारक घटना सामने आई है। 36 वर्षीय सनाउल अंसारी ने अपने तीन मासूम बच्चों की गला घोंटकर हत्या करने के बाद खुदकुशी कर ली। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की जानकारी मिलते ही डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। उन्होंने चारों की मौत की पुष्टि करते हुए कहा कि प्रारंभिक जांच में पिता द्वारा बच्चों की हत्या कर आत्महत्या करने की बात सामने आई है। मृतकों की पहचान सनाउल अंसारी 36 वर्ष पिता, आफरीन परवीन 12 वर्ष बेटी, जैबा नाज 8 वर्ष बेटी, सफाउल 6 वर्ष बेटा के रुप में हुई।

स्थानीय लोगों के अनुसार, सनाउल अंसारी पेशे से राजमिस्त्री था और घर में ही एक दुकान भी चलाता था। शनिवार रात उसने अपने तीनों बच्चों की गला दबाकर हत्या कर दी और फिर खुद भी कमरे के अंदर फांसी लगा ली। चूंकि रमजान का महीना चल रहा है, गांव में रात 10 बजे तक चहल-पहल थी। रोजेदार सुबह सेहरी के लिए जागते हैं, लेकिन जब रविवार सुबह सनाउल अंसारी नहीं उठा, तो लोगों को शक हुआ। जब ग्रामीणों ने जाकर देखा, तो घर के अंदर दिल दहला देने वाला मंजर था। पुलिस इस मामले की हर कोण से जांच कर रही है। अभी तक हत्या और आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। अधिकारी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि सनाउल अंसारी ने अपने बच्चों को क्यों मारा और खुद आत्महत्या क्यों की।

# ओपेन स्काई स्मार्ट स्कूल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया

स्वतंत्र प्रभात

**पाकुड़ झारखंड-** पाकुड़ स्थित ओपेन स्काई स्मार्ट स्कूल में 13 मार्च, गुरुवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। सभी ने मिलकर इस पर्व का आनंद लिया और आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश फैलाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य गौतम बेपारी ने इस अवसर पर होली के महत्व पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि होली का पर्व सद्भावना, प्रेम और एकता का प्रतीक है, जो प्रत्येक वर्ष बसंत ऋतु में फाल्गुन माह की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। यह त्योहार समाज में जाति, धर्म और वर्ग की दीवारों को तोड़कर सभी को एकजुट करने का कार्य करता है। इस दिन लोग अपने पुराने बैर को भुलाकर, एक-दूसरे के साथ रंग-गुलाल खेलते हैं और शुभकामनाएं देते हैं, जिससे समाज में सौहार्द और प्रेम की भावना का प्रसार होता है। हमें इस दिन होली के पीछे छिपी गहरी धार्मिक और पौराणिक कथाओं को भी याद रखना चाहिए। राधा-कृष्ण के प्रेम और प्रह्लाद-होलिका की कथा जैसे प्रसंग इस पर्व को और भी पवित्र बनाते हैं। होली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और यह हमें हमेशा यह याद दिलाती है कि अच्छाई अंततः विजय प्राप्त करती है। उन्होंने सभी बच्चों को, यह भी समझाया कि होली का त्योहार हमें जिम्मेदारी पूर्वक मनाना चाहिए। नशे, हुड़दंग और जबरदस्ती रंग लगाना इस पर्व की भावना के खिलाफ है।

हमें इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि होली में सभी को सम्मान देना और एक-दूसरे के साथ सामंजस्यपूर्ण तरीके से खुशियां मनाना चाहिए। इस कार्यक्रम की सफलता में संजय पासवान, निहारिका देवी, प्राणु प्रधान, शुभांकर मल्लिक, ज्योति बास्की, देवाशीष रॉय, मीरू मरांडी, साजिया परवीन, कल्याणी देवी, विदया सिन्हा, सारा बास्की, कुमार सानू, ज्योत्स्ना भौमिक,



सेजल खेतान झा, नेहा किस्कू, संगीता दे, सुष्मिता प्रमाणिक, मनीषा कुमारी सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। विद्यालय के निदेशक मनोज भगत ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी छात्रों और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर बढ़ावा देने की बात की, ताकि विद्यालय का वातावरण और भी खुशनुमा बना रहे। बच्चों और शिक्षकों के सामूहिक प्रयास से यह आयोजन एक सफल और यादगार का प्रतीक है।

# सांसद मनीष जायसवाल ने खेली अबीर- गुलाल की होली

● होली जैसे शुभ पर्वों से शिक्षा ग्रहण करें और समाज में गौरव की वृद्धि करें - मनीष जायसवाल

स्वतंत्र प्रभात



**हजारीबाग-** रंग, राग और फाग के त्योहार होली के अवसर पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल शनिवार को होलियाना मूड में नज़र आए। सांसद मनीष जायसवाल ने अपने हजारीबाग के विशेश्वर दयाल जायसवाल पथ अवस्थित आवासीय परिसर में अपने परिवार, भाजपा कार्यकर्ता और समर्थकों के साथ अबीर- गुलाल लगाकर होली का जश्न मनाया और एक- दूसरे को गले मिलकर होली की ढेरों शुभकामनाएं और बधाई दी। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि होली के इस पावन त्यौहार में पारस्परिक ईर्ष्या और द्वेष को भूलकर एक- दूसरे को गले से लगाकर और समाज में सहानुभूति और संवेदना का प्रचार करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि हम सबों का यह कर्तव्य होना चाहिए कि होली जैसे शुभ पर्वो से शिक्षा ग्रहण करें और उत्सवों का आयोजन करके समाज में गौरव की वृद्धि करें और आपसी भेदभाव मिटाकर अपने जीवन में प्रेम और सद्भाव का रंग घोलें। एक ऐसे समाज के निर्माण का संकल्प लें जहां समरसता और समावेशी विकास के रंग हर जिंदगी को खुशहाल बनाएं।

# चंदवा में अनियंत्रित कार ने दो दुकानों को क्षतिग्रस्त किया, बड़ा हादसा टला

स्वतंत्र प्रभात

**चंदवा, झारखंड-** चंदवा में होली के दिन एक अनियंत्रित कार ने तेज रफ्तार में दो दुकानों को क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। घटना इंदिरा चौक की ओर से आ रही एस-क्रॉस (JH01 DF 1333) के अनियंत्रित होने से हुई, जिससे एमके स्टील और एक अन्य दुकान को काफी नुकसान पहुंचा।

**घटना का विवरण-** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार इंदिरा चौक से तेज गति से बाजार की ओर आ रही थी और ग्रेजलेन के पास से ही अनियंत्रित होकर फिसलने लगी। कार रगड़ खाते हुए दुकानों से जा टकराई। इस पूरी घटना का फुटेज दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया।



**घायल व प्रशासन की कार्रवाई-** घटना में ब्लॉक कॉलोनी निवासी प्रिंस कुमार (पिता अशोक साव) घायल हो गए, जिन्हें सिर में चोट आई। उनका चंदवा सीएचसी में इलाज कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही चंदवा पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी।

**स्थानीय लोगों की मांग-** स्थानीय लोगों ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने और तेज गति से गाड़ियों के संचालन पर नियंत्रण लगाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि प्रशासन को सख्त ट्रैफिक नियम लागू करने और निगरानी बढ़ाने की जरूरत है, ताकि इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

# असत्य पर सत्य की जीत का अनुपम अनुरागपूर्ण पर्व, होली पाकुड़िया प्रखंड में अति उल्लास व शांत माहौल में हुआ संपन्न

● सिविल व पुलिस प्रशासन की रही पूरी चौकसी

स्वतंत्र प्रभात



**पाकुड़िया/पाकुड़/झारखंड-** रंग-गुलालों एवं अनुराग भरे पावन होली के त्योहार का आयोजन प्रखंड मुख्यालय पाकुड़िया सहित सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में 15 मार्च को पूर्णतः शांत व स्नेहभरे वातावरण में संपन्न हो गया। इस अवसर पर किसी प्रकार की अनहोनी की सूचना नहीं मिली। दार्शनिकों का मत है कि किसी राष्ट्र/देश का सांस्कृतिक मूल्य राष्ट्रीय जीवन को समृद्ध व गौरवशाली बनाने में महती भूमिका निभाता है। भारत का गौरव एवं शौर्यपूर्ण अतीत का विस्मरण होने से ही हम भारतीय, विशेष रूप से सनातनी, देश की स्वतंत्रता के उपरांत भी भ्रम की स्थिति में रहकर हीनता के बोध से ग्रसित हैं।

सनातन सांस्कृतिक मूल्यों से परिपूर्ण और सृष्टि विकास की प्रमाणिक तथ्यों का गहन चिंतन व मनन हम आज भी करेंगे, तो विदित होगा कि वे निश्चित रूप से सर्वकालिक रहते हुए मानवीय हितैषी हैं। परंतु इन दिनों लोग निराधार व अप्रमाणिक तथ्यों के आधार पर सनातन सांस्कृतिक मूल्यों की उपेक्षा करते हुए राष्ट्रविरोधी तत्वों को सह देते हुए राष्ट्र की सामरिक प्रगति को बाधित कर रहे हैं। यदि हम होली जैसे सामाजिक सौहार्द व आपसी स्नेह में वृद्धि के कारणों को समझने का प्रयास करेंगे, तो भ्रम की स्थिति नहीं रह सकती, कम से कम सनातनियों में तो कतई नहीं। उल्लेखनीय है कि दिति-अदिति दोनों ही सहोदरा बहनें थीं और वे दक्ष प्रजापति की कन्याएं थीं। उनका पावन परिणय कश्यप ऋषि से हुआ। वहीं, दिति से दैत्य जबकि अदिति से देव उत्पन्न हुए। दैत्य, देवों के अग्रज हैं एवं यज्ञ, तप व साधना में भी प्रवीण हैं। वे देवों से रण-कौशल में भी निपुण हैं, किंतु अधार्मिक (अकर्म), ईर्ष्या व हिंसा प्रवृत्ति के कारण देव-दानवों का संघर्ष चलता रहा, परंतु विजय सदैव देवों की होती रही।

इसी क्रम में विष्णु भक्त प्रह्लाद के पिता हिरण्यकश्यप महाप्रतापी राजा थे, जबकि उनके ही पुत्र विष्णु भक्त प्रह्लाद थे। हिरण्यकश्यप विष्णु को दैत्यों का शत्रु और अपने भ्राता हिरण्याक्ष का हत्यारा मानते थे। उन्होंने प्रह्लाद को बहुत समझाया, परंतु जब प्रह्लाद ने एक न सुनी, तो उन्होंने उसे कठोरतम दंड दिया। किंतु भक्त प्रह्लाद को कोई क्षति नहीं पहुँची, जिससे हिरण्यकश्यप और क्रोधित एवं विचलित हो गया। इसी बीच, अपने भ्राता को चिंतित देखकर उनकी बहन और विष्णु भक्त प्रह्लाद की बुआ होलिका ने, राक्षस राज महाबलशाली हिरण्यकश्यप को सलाह दी और कहा– "आप चिंता न करें, मुझे ब्रह्मदेव से एक दिव्य चादर प्राप्त है, जिसे ओढ़कर यदि मैं अग्नि में बैठ जाऊँ, तो भी अग्नि मुझे जला नहीं पाएगी। भैया, आप अग्नि प्रज्वलित कराकर प्रह्लाद को मेरी गोद में बैठा दें। वरदानी चादर के कारण मुझे क्षति नहीं होगी और प्रह्लाद जलकर भस्म हो जाएगा।"

क्रोध, आवेश व कुंठा के वशीभूत हिरण्यकश्यप भगवान की माया को नहीं समझ पाया और उसने प्रह्लाद को होलिका की गोद में बैठाकर अग्नि प्रज्वलित करा दी। इसी बीच, वायु के वेग से चादर उड़ गई और होलिका जलने लगी। तब उसने कहा– "क्या ब्रह्मदेव का वरदान मिथ्या था?"

इस पर ब्रह्मदेव ने उत्तर दिया– "नहीं, वरदान कभी झूठा और निष्फल नहीं हो सकता। तुमने वरदान का सदुपयोग नहीं किया, बल्कि दुरुपयोग कर दूसरे को क्षति पहुँचाने की चेष्टा की। इसी कारण तुम्हें दंड मिला है।"

सनातन संस्कृति सदैव धर्म (कर्म) की पक्षधर रही है। यद्यपि स्वतंत्र भारत में अब भी लोग, विशेषकर नेता, पश्चिमी मॉडल से धर्म को कर्मकांड आदि मानकर सनातन संस्कृति को विश्व स्तर पर नीचा दिखाने की होड़ में हैं। भारतीय शब्दकोश के अनुसार, धर्म की परिभाषा कर्तव्य है और कोई भी व्यक्ति धर्म-विहीन नहीं हो सकता, तो भारत का राष्ट्रीय जीवन धर्मनिरपेक्ष कैसे हो सकता है? असत्य पर सत्य की जीत भारतीय घोषवाक्य है। होली का त्योहार सदैव यही संदेश देता रहा है।

# सरहुल पर्व मनाने को लेकर सरना समिति की बैठक संपन्न

● जुलूस में आदिवासियत की सादगी और संस्कृति झलकेगी-विमल


स्वतंत्र प्रभात

**चंदवा-** रविवार को कृषि फार्म प्रांगण में सरहुल पर्व मनाने को लेकर सरना समिति का एक आवश्यक बैठक किया गया, जिसकी अध्यक्षता धनेश्वर उरांव ने किया तथा संचालन रामपाल उरांव ने किया। इस बैठक में सरहुल पर्व के सफल संचालन के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया।

जिसमें अध्यक्ष विमल उरांव उपाध्यक्ष सुरेश नाथ लोहरा, सचिव विनोद उरांव, उपसचिव राहुल उरांव, कोषाध्यक्ष चन्द्रदेव उरांव, उप कोषाध्यक्ष बाबूलाल उरांव, कार्यकारणी सदस्य चंद्रदेव उरांव, मंजय उरांव, प्रदीप उरांव सुरेन्द्र उरांव,दिनभ उरांव, महराज उरांव, मुनीलाल उरांव,रामचन्द्र भगत, अमर उरांव, सुधीर भात, रामपाल, विनोद भगत, विखल भगत, कुलदीप सिंह, जितेन्द्र सिंह तथा संरक्षक लाल विहारी उरांव, अनुप कुमार बड़ाईक, सुकेश्वर उरांव, महेश उरांव, अनिल उरांव, निरंजन उरांव, हरिकुमार भगत, सितमोहन मुण्डा, मुतू उरांव, डहरु उरांव, सुखदेव उरांव बनाए गए। बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 1 अप्रैल 2025 का सरहुल महापर्व चंदवा के लिए ऐतिहासिक होगा। संचालन समिति के अध्यक्ष विमल उरांव नें कहा इस बार पर्व में जुलूस में आदिवासियत की सादगी और संस्कृति झलकेगी।

# सरकारी विद्यालय में चोरी, लाखों के सामान पर अज्ञात चोरों का हाथ साफ

स्वतंत्र प्रभात



**बरही, झारखंड-** राजकीय बुनियादी विद्यालय पंचमाधव बरही में अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना 13 मार्च 2025 की रात की है, जब चोरों ने स्कूल के कार्यालय का ताला तोड़कर महंगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अन्य सामान चुरा लिए। शिकायत पत्र के अनुसार, चोरी गए सामान में 2 पीस टीवी, पंखा, 9 फूटबॉल, 3 डाइस राउटर, कंप्यूटर, कैमरा, फिलिप्स स्पीकर और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज शामिल हैं। चोरी की सूचना पावती देवी पति विष्णधारी यादव ने सुबह 8 बजे दी, जिसके बाद विद्यालय प्रशासन मौके पर पहुंचा और कार्यालय का टूटा ताला पाया। विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि इस चोरी से शिक्षण कार्य प्रभावित होगा और महत्वपूर्ण दस्तावेजों की क्षति भी हुई है। स्कूल प्रशासन ने बरही थाना प्रभारी से प्राथमिकी दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, प्रधानाध्यापक संजय कुमार दुबे, मनोज घोष सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# रात में खलिहान में लगी आग ने आधा दर्जन किसानों को किया तबाह

स्वतंत्र प्रभात



**राजापुर, चित्रकूट:** तहसील के ग्राम पंचायत सरधुआ के मजरा गरीबदास का पुरवा में रविवार की रात खलिहान में आग लगने से छह किसानों की 30 से 35 बीघा की फसल जलकर राख हो गई। सूचना मिलने पर प्रशासनिक अधिकारियों ने घटनास्थल पहुंचकर नुकसान का आकलन किया है। साथ ही किसानों को मुआवजा दिलाने का आश्वासन भी दिया है। भारतीय किसान यूनियन के जिला महामंत्री अरुण कुमार पाण्डेय ने बताया कि आगजनी की घटना में अमरनाथ उर्फ मुन्नीलाल पुत्र चंद्रपाल, जुग्गन पुत्र चुन्ना, सुमेर पुत्र रज्जन, राजाराम पुत्र रज्जन, अशोक पुत्र जुग्गन और दुर्गा प्रसाद पुत्र चंद्रपाल की फसलें जलकर राख हो गई। किसानों के मुताबिक उनकी सरसों की फसल कटने के बाद खलिहान में रखी थीं। रविवार की सुबह बादल देख बारिश की आशंका के चलते फसल को तिरपाल से ढकने के लिए जब अमरनाथ खलिहान पहुंचा तो देखा कि खलिहान में रखी फसल पूरी तरह जलकर राख हो गई थी। जिसके बाद उसने अन्य किसानों को घटना की जानकारी दी। ग्रामीणों ने बताया कि आग रात के समय लगी थी और तेज हवा के कारण पूरे खलिहान में फैल गई। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।

ब्लॉक अध्यक्ष जसवंत सिंह चौहान ने बताया कि घटना की सूचना प्रशासन को देने पर राजस्व अधिकारी (लेखपाल) जगरूप मौके पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि किसानों को हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है और शासन के नियमानुसार प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने बताया कि घटना के बाद गांव के किसानों में मातम पसरा हुआ है। किसानों की सालभर की मेहनत पर पानी फिरने से उनका रो-रोकर बुरा हाल है। आगजनी की इस घटना ने किसानों को आर्थिक रूप से बुरी तरह तोड़ दिया है। अब सभी की नजरें प्रशासन पर टिकी हैं, ताकि समय रहते उन्हें मुआवजा मिल सके और वे फिर से अपनी आजीविका पटरी पर ला सकें। भारतीय किसान यूनियन ने अग्निपीड़ित किसानों को प्रशासन कि तरफ से जल्द से जल्द मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# अग्रहरि समाज का होली मिलन समारोह धूमधाम से हुआ सम्पन्न




**चित्रकूट ब्यूरो:** जिला मुख्यालय के शंकर बाजार स्थित अग्रहरि धर्मशाला में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक शिवदास अग्रहरि ने कहा कि अग्रसेन महराज सर्व वैश्य समाज के उत्थान के लिए प्रयत्नशील रहें। उन्होंने कहा कि एकजुट रहते हुए ही समाज का विकास हो सकता है। समारोह की अध्यक्षता कर रहे मूलचंद अग्रहरि ने भी सर्व वैश्य समाज के एकता में बल दिया। चित्रकूट अग्रहरि समाज के जिलाध्यक्ष बद्री प्रसाद उर्फ गोरेलाल, युवा जिलाध्यक्ष अनुज अग्रहरि, पूर्व सभासद रामनरेश अग्रहरि, अरुण कुमार अग्रहरि, लक्ष्मी प्रसाद अग्रहरि, शैलेंद्र अग्रहरि, शिवकरण अग्रहरि, वरिष्ठ पत्रकार शिवमंगल अग्रहरि, छेदीलाल अग्रहरि, लवकुश अग्रहरि, रामखेलावन अग्रहरि, छोटू अग्रहरि, श्यामलाल अग्रहरि उर्फ लल्लू भाई, मुन्नालाल अग्रहरि, गुलाग गुप्ता आदि ने समाज की एकता एवं अखंडता के लिए विचार रखे। इस मौके अग्रहरि समाज के लोग मौजूद रहे।

# औरंगजेब की लानत-मलानत के बाद अब बेचारे मुहम्मद-बिन-तुगलक की बारी

प्रेमचंद ने कहा था- "सांप्रदायिकता हमेशा संस्कृति की खाल ओढ़कर सामने आती है।" इसके साथ ही आज का सच यह भी है कि सांप्रदायिकता इतिहास का मिथ्याकरण करती है और मिथकों को इतिहास के रूप में पेश करती है। आज भाजपा-संघ पुराणों में विमान विज्ञान से लेकर अंग प्रत्यारोपण और आइवीएफ चिकित्सा तक के तथ्य खोजने में जुटी हुई है और मिथकीय कहानियों को इसका प्रमाण बता रही है। उसके लिए ताजमहल और तमाम मस्जिद हिन्दू मंदिर है और इसके लिए वह मुगल शासकों द्वारा कुछ हिन्दू मंदिरों को लूटने और ध्वस्त करने को प्रमाण के रूप में पेश करती है। इतिहास में एक-दूसरे के धर्मस्थलों को तोड़ने के अनेकानेक उदाहरण है। शैवों ने वैष्णवों पर हमले किए हैं, हिंदुओं ने बौद्ध मठों को ध्वस्त किया है, ब्राह्मणों ने शूद्रों का भयंकर दमन किया है। ये सब सैकड़ों-हजारों साल पुरानी बातें हैं और आज की हमारी आधुनिक, वैज्ञानिक और तर्कशील चेतना इसे गलत मानती है। इन सब विकृतियों के बावजूद हमारा समाज आगे बढ़ा है, पहले से ज्यादा सभ्य हुआ है और सद्भाव की परंपरा, गंगा-जमुनी तहजीब विकसित हुई है।

इतिहास से सबक तो लिया जा सकता है, लेकिन इस इतिहास को आधार बनाकर बदला नहीं लिया जा सकता। ऐसा करना समाज का अमानवीयकरण करना होगा, समाज को पीछे बर्बरता के युग में धकेलना होगा, आज तक मानव सभ्यता ने जो कुछ हासिल किया है, उसे नष्ट करना होगा। लेकिन सांप्रदायिक ताकतें इतिहास से सबक नहीं लेना चाहती, वह इतिहास की बर्बरता को आधार बनाकर बदले की राजनीति करना चाहती है और भारतीय समाज को पीछे, और पीछे, बर्बरता के युग में पुनः पहुंचाना चाहती हैं। उनके इरादे और घोषणाएं बहुत स्पष्ट है। भाजपा की झोली जादुई झोली है, जिसमें मुद्दों की भरमार है। लेकिन ये मुद्दे हमारी वास्तविक जिंदगी के मुद्दे नहीं है। इस झोली में मुस्लिम विद्वेष के मुद्दे हैं, नफरत के मुद्दे हैं। वह मुस्लिमों को एक ऐसे काल्पनिक शत्रु के रूप पेश करती है, जिनका यहां रहना ही इस देश की सभी समस्याओं की जड़ है। वह मुस्लिम समुदाय से एक नागरिक के रूप में सम्मानपूर्वक जीवन जीने का बुनियादी अधिकार भी छीन लेना चाहती है। अपनी कल्पना को साकार करने के लिए वह हिंदुओं को लामबंद करना चाहती है। संघ-भाजपा 'हिंदुत्व' की जिस राजनीति की बात करती है, उसका सार यही है। 'हिंदुत्व' शब्द का उपयोग पहली बार सावरकर ने किया था। संघ-भाजपा के इस 'वीर' सपूत ने ही यह कहा है कि हिंदुत्व का हिंदू धर्म से कुछ लेना देना नहीं है और यह सत्ता में पहुंचने के लिए, और सत्ता में पहुंचने के बाद इसमें काबिज रहने के लिए, हिंदुओं को लामबंद करने की राजनीति है। इस आलेख में हम सावरकर द्वारा अंग्रेजों से माफी मांगने का कोई जिक्र नहीं करेंगे। सत्ता में बने रहने के लिए धर्म के आधार पर आम जनता में फूट डालने की राजनीति अंग्रेजों ने की थी। धर्म के आधार पर फूट डाल कर राज करने की नीति को ही सांप्रदायिक राजनीति कहते हैं। काले पानी की सैर की कथित वीरता के बाद सावरकर अंग्रेजों की इस राजनीति के हमराह बने थे और उन्होंने अपने इस कदम के औचित्य का प्रतिपादन हिंदुत्व के नाम पर किया था। आजादी के बाद सत्ता में आने के लिए व्याकुल संघ-भाजपा ने देश में अंग्रेजों की इसी राजनीति को आगे बढ़ाया। 1857 के पहले इस देश में कई राजाओं-बादशाहों, सम्राटों और शहंशाहों ने राज किया, अपने राजपाट के दौरान उन्होंने मंदिर-मस्जिद तोड़े-लूटे, लेकिन किसी ने भी अपने राज को स्थाई बनाने के लिए धर्म के आधार पर फूट डालने का काम नहीं किया। यही कारण है कि राजनैतिक शत्रुता के बावजूद न महाराणा प्रताप के खिलाफ अकबर के मन में कोई घृणा थी और न औरंगजेब के खिलाफ शिवाजी महाराज के मन में। राजपाट की दुश्मनी को धार्मिक दुश्मनी के रूप में पेश करके इतिहास को नकारने का काम आज संघ-भाजपा कर रही है, तो यकीन मानिए, उसके मन में न तो महाराणा






के लिए कोई इज्जत है और न ही शिवाजी महाराज के लिए कोई सम्मान। ये सब लोग उसकी राजनीति के हथियार बना लिए गए हैं।

अभी औरंगजेब का विवाद शांत भी नहीं हुआ है कि तुगलक को कब्र से बाहर निकाल दिया है भाजपा ने। राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, फरीदाबाद सांसद कृष्णपाल गुर्जर और उप नौसेना प्रमुख किरण देशमुख ने अपने निवासों पर तुगलक लेन की जगह स्वामी विवेकानंद मार्ग की नामपट्टियां लगवा ली हैं। असल में जिस पार्टी के पास आम जनता के असली मुद्दों से टकराने का साहस नहीं होता, वह ऐसे ही मुद्दों पर सुर्खियां बटोरने के काम में लगी रहती है, चाहे उसके परिणाम देश के लिए कितने ही खतरनाक क्यों न हो! लेकिन स्वामी विवेकानंद की आत्मा भी इससे बेचैन होगी, क्योंकि स्वामीजी भगवाधारी जरूर थे, हिंदू धर्म के अनुयायी और वेदों के ज्ञाता भी थे, लेकिन संघ-भाजपा के भगवा विचारों के संवाहक तो कतई नहीं थे। मुस्लिम द्वेष ने तो उन्हें छुआ भी नहीं था। वे इस्लामी शरीर और वेदांती मस्तिष्क के कायल थे। वे मेहनतकश शूद्रों का, निश्चय ही उनके जमाने में मेहनतकश ही शूद्र थे, का राज आने की भविष्यवाणी कर रहे थे। एक धर्मनिरपेक्ष स्वामी विवेकानंद को एक सांप्रदायिक भगवाधारी में बदलने की कोशिश संघ-भाजपा कर रही है। इसी प्रकार, वे क्रांतिकारी भगतसिंह को अपने सांप्रदायिक जुए में जोतने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि भगतसिंह के समाजवादी विचारों से संघ-भाजपा का दूर-दूर तक कोई लेना-देना नहीं है। वे इस देश के तमाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को अपने बंजर हिंदुत्व के खेतों को जोतने में लगा देना चाहते हैं, क्योंकि उनके पास तो अंग्रेजों की चापलूसी करने वाले सेनानी ही हैं और आज भी भक्तिभाव से अमेरिका की साम्राज्यपरस्ती में लगे हुए हैं।

तुगलक कोई पहला बादशाह नहीं था, जिसने अपने राजपाट में सनक भरे फैसले लिए हों, अपनी रियाया के प्रति क्रूरता बरती हो और अय्याशी में डूबा हो। असल में राजतंत्र चलता ही इसी तरह से था, क्योंकि राजा को ईश्वर का प्रतिनिधि माना जाता था और उसकी इच्छा ही सर्वोपरि थी। ये राजा और बादशाह सामंतवादी मूल्यों के संवाहक और प्रतीक हैं। लेकिन किसी शासक ने अपने जीते-जी किसी सड़क का नामकरण अपने नाम से नहीं किया होगा। आखिर, राजा और बादशाह भी नैतिकता के कुछ नियमों का पालन करते ही होंगे। यहां तो हमारे देश में प्रधानमंत्री ने ही एक स्टेडियम का नाम अपने नाम पर रख लिया है और ऐसा करते हुए शायद उसे शर्म भी नहीं आई। इतिहास में नाम लिखाने की जिद्द लोकतंत्र में किसी शासक को इतना गिरा सकती है, तो फिर तो तुगलक की जिद्द राजतंत्र की जिद्द थी। औरंगजेब, अकबर, बाबर ... और अब तुगलक की बारी है, क्योंकि संघ-भाजपा की सांप्रदायिकता से यारी है! इतिहास के प्रति संघी गिरोह की यह 'तुगलकी सनक' देश का बंटाढार कर दें, इसके पहले ही इतिहास का मिथ्याकरण करने और नई शिक्षा नीति के जरिए उसे पूरे देश पर थोपने की संघी मुहिम के खिलाफ उठकर खड़े होने और सोए हुओं को जगाने की जरूरत है, ताकि आमजनता की बदहाली से जुड़े नीतिगत मुद्दों पर बहस शुरू हो सके।

**आलेख- संजय पराते**

# ये समाजकंटक अध्यापक अपराधियों से अधिक खतरनाक हैं!

जीवन में माता-पिता के बाद अध्यापक का ही सर्वोच्च स्थान माना गया है। अध्यापक ही बच्चों को सही शिक्षा देकर ज्ञानवान बनाते हैं, परंतु आज चंद अध्यापक-अध्यापिकाएं अपनी मर्यादा को भूल कर बच्चों पर अमानवीय अत्याचार कर रहे हैं पिछले कुछ दिनों में ऐसी घटनाओं की झड़ी लगी है जिनमें टीचर टीजर बन रहे हैं जो बच्चों के साथ तमाम तरीके से मानसिक शारीरिक शोषण ही नही कर रहे हैं वरन अपराधियों से भी घटिया व्यवहार यहाँ तक कि दुराचार भी करने से बाज नहीं आ रहे है

आपको बता दें कि 12 फरवरी को 'जोधपुर' (राजस्थान) के प्रताप नगर में 2 अध्यापकों ने एक 8 वर्षीय मासूम की किसी गलती पर पहले तो उसे गंदा पानी पिलाया और फिर 'बैल्ट' से इतना पीटा कि वह बेहोश हो गया।

18 फरवरी को 'साबरकांठा' (गुजरात) में एक अध्यापक को दसवीं कक्षा की 15 वर्षीय छात्रा को अपने जन्मदिन के बहाने होटल में बुलाकर उससे बलात्कार और मारपीट करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

21 फरवरी को 'सवाई माधोपुर' (राजस्थान) के 'सुखवास' स्थित एक प्राइवेट स्कूल के अध्यापक द्वारा छठी कक्षा के एक छात्र को पीटने और उससे 200 उठक-बैठक लगवाने के आरोप में पीड़ित बच्चे के पिता ने उसके विरुद्ध पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई।

22 फरवरी को 'बठिंडा' (पंजाब) के गुरुनानकपुरा मोहल्ला स्थित सरकारी हाई स्कूल में एक अध्यापक और अध्यापिका ने 10वीं कक्षा के 2 छात्रों को बुरी तरह पीट डाला। एक छात्रा के हाथ में मारे डंडे से गंभीर चोट आई जबकि दूसरे छात्र को इतने जोर से थप्पड़ मारा कि कान में दर्द शुरू हो जाने के कारण उसे अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ा।

22 फरवरी को ही 'मैनपुरी' (उत्तर प्रदेश) के 'घिरोर' में एक स्कूल के अध्यापक ने कक्षा 2 के छात्र को किसी गलती पर पेड़ से बांध कर पीटा।

23 फरवरी को 'पूर्णिया' (बिहार) जिले के 'मोगलाहा प्रसादपुर' गांव में सरकारी प्राइमरी स्कूल में 2 बच्चों के झगड़े में स्कूल की एक अध्यापिका ने एक 9 वर्षीय बच्चे को इतनी बुरी तरह पीटा कि वह बेहोश हो गया।

23 फरवरी को ही नई दिल्ली में 'खजूरीखास' के एक स्कूल में एक 6 वर्षीय बच्चे द्वारा शरारत करने से नाराज अध्यापक ने उसके गाल पर इतने जोर से थप्पड़ मारा कि उसके कान का पर्दा फट गया।

23 फरवरी को ही बरेली (उत्तर प्रदेश) के 'बिधरी चैनपुर' स्थित एक प्राइवेट स्कूल की अध्यापिका ने एक छात्रा द्वारा उससे ट्यूशन पढ़ने से इंकार करने पर उसे इतनी बुरी तरह पीटा कि उसके कान का पर्दा फट जाने से उसे सुनाई देना बंद हो गया। शिकायत करने गए बच्ची के पिता के साथ भी स्कूल के प्रबंधक ने दुर्व्यवहार किया।

24 फरवरी को 'हरदोई' (उत्तर प्रदेश) के 'बिरोरी' गांव में एक प्राइवेट स्कूल के अध्यापक ने पूछे गए प्रश्न का उत्तर न दे पाने पर तीसरी कक्षा के एक छात्र को जातिसूचक गालियां दीं, मुर्गा बनाकर बुरी तरह पीटा और उसकी पीठ पर बैठ गया, जिससे उसके पैर में फ्रैंक्कर हो गया।

24 फरवरी को ही चेन्नई के 'कुलपोक' स्थित एक स्कूल में तीसरी कक्षा का एक छात्र हिन्दी कविता नहीं सुना पाया तो उसके अध्यापक ने बच्चे को बुरी तरह पीट डाला जिस पर अध्यापक को निलंबित कर दिया गया।

छात्र-छात्राओं पर अध्यापकों के एक वर्ग द्वारा मारपीट के उक्त उदाहरण इस आदर्श व्यवसाय पर एक घिनौना धब्बा है तथा इसके विरुद्ध स्कूलों के प्रबंधकों को दोषी अध्यापकों को समझाना चाहिए और उनसे लिखवा कर लेना चाहिए कि वे भविष्य में ऐसा नहीं करेंगे। कानूनी तौर पर अध्यापकों द्वारा बच्चों को शारीरिक दंड देने की मनाही है लेकिन - कानूनी प्रावधानों के बावजूद कुछ अध्यापक व अध्यापिकाएं सारे कायदे-कानून भूल कर और परिणाम पर विचार किए बिना बच्चों पर अत्याचार कर रहे हैं।

अतः अध्यापकों को नौकरी देते समय उनका इंटरव्यू लेने के साथ-साथ उनका मनोवैज्ञानिक परीक्षण करने के अलावा नौकरी देने के बाद भी नियमित रूप से उनकी काऊंसलिंग की जानी चाहिए तथा छात्रों से दुर्व्यवहार करने वाले अध्यापकों को शिक्षाप्रद सजा दी जाए ताकि उनके द्वारा छात्र-छात्राओं के उत्पीड़न का यह दुष्चक्र रुके।ऐसे अध्यापकों को तत्काल कार्यमुक्त कर जेल भेजा जाए ताकि भविष्य में ऐसी वारदातों की पुनरावृत्ति न हो साथ ही शिक्षा के मंदिरों की शुचिता को. बचाया जा सके।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# गोबर पहुंचा हरियाणा विधानसभा

पिछले दिनों हरियाणा विधानसभा में सतारूढ दल भाजपा के दो विधायक आपस में ही भिड़ गए। दोनो सिनियर विधायक हैं जिनमें से एक हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री है नाम है डाक्टर अरविंद शर्मा और दूसरे वरिष्ठ विधायक का नाम है रामकुमार गौतम, गोहाना की जलेबी से शुरू हुई बात दस किलो गोबर पीने तक पहुंच गई। अरविंद शर्मा गोहाना के विधायक है, जब रामकुमार गौतम ने गोहाना की जलेबी को कूड़ा और डालडा की बताया तो अरविंद शर्मा चिढ़ गए और जबाब देते हुए बोले कि रामकुमार गौतम तो शर्त लगा कर दस किलो गोबर पी गया था। पलटवार करते हुए रामकुमार गौतम ने अरविंद शर्मा को भ्रष्टाचारी बताते हुए कहा कि अरविंद शर्मा पेट्रोल पम्प दिलाने के नाम पर लोगों से पैसे ठगता है। यहां तक कहा कि मेरे रिश्तेदार के पैसे भी खा गया। आखिर यह कैसी मर्यादा है, ये कैसे नेता है। विधानसभा के अंदर निम्नस्तरीय भाषा का प्रयोग करते हुए एक दूसरे पर बच्चों की तरह इल्जाम लगा रहे हैं। भाजपा हाईकमान को इस घटना का संज्ञान लेना चाहिए और दोनो विधायकों को कड़ी से कड़ी सजा देनी चाहिए। लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभा कि कार्यवाही का टी.वी पर सीधा प्रसारण चलता है। इन नेताओ को इतना भी नही पता कि उनका आचरण लोगों पर क्या असर डालेगा। जनता खुद को ठगा सा महसूस करती है जब देखती है कि उनके चुने हुए नेता उनके मुद्दों को छोड़ एक दूसरे पर व्यक्तिगत टिप्पणियां कर लड़ रहे हैं। जनता भी कहीं ना कहीं दोषी है, वही तो चुनकर भेजती है इनको, बिना सोचे समझे जनता बस चुनवी वादों के चक्कर में ऐसे नेताओं का चरित्र जानते हुए भी उन्हे जितवा विधानसभा और लोकसभा भेजती है। दोनो के दोनो दलबदलू हैं। रामकुमार गौतम और अरविंद शर्मा की कोई विचारधारा नही है। इनकी विचारधारा सिर्फ और सिर्फ कुर्सी है। जिधर कुर्सी उधर पलटी मारना इनकी पुरानी आदत है। रामकुमार गौतम पहली बार 2005 में भाजपा की टिकट पर नारनौंद विधानसभा से हरियाणा विधानसभा के लिए चुने गए थे। 2009 के हरियाणा विधानसभा चुनाव आते-आते गौतम कांग्रेस में शामिल हो गए और 2009 का चुनाव नारनौंद से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में हार गए। 2014 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने भी टिकट नही दिया तो नारनौंद से निर्दलीय खड़े हो गए और हार गए। पूरी उम्र चौटाला परिवार को कोसते कोसते राजनीति करते रहे परन्तु 2019 के हरियाणा विधानसभा चुनाव में चौटाला परिवार के अजय चौटाला और दुष्यंत चौटाला की नवगठित राजनीतिक पार्टी जननायक जनता पार्टी में शामिल हो गए और नारनौंद से हरियाणा विधानसभा के लिए दूसरी बार चुने गए। 2024 के विधानसभा चुनावों से पहले जजपा की खस्ता हालत देख उनके भी लात मारी और फिर से भाजपा में शामिल हो सफीदो से बमुश्किल चुनाव जीत विधायक बने। दूसरी अरविंद शर्मा की बात करें तो यह भी दलबदल के माहिर और बहुत बड़े खिलाड़ी हैं। अरविंद शर्मा ने अपने राजनीतिक कैरियर की शुरुआत 1996 में सोनीपत से स्वतंत्र लोकसभा चुनाव जीत कर की, स्वतंत्र लोकसभा चुनाव जीतना बहुत बड़ी बात है इसमे कोई शक नही परन्तु




यह तो आरंभ मात्र था। 1998 का लोकसभा चुनाव शिवसेना के चुनाव चिन्ह पर सोनीपत से लडा और हार गए। शिवसेना छोड़ कांग्रेसी हो गए 2004 और 2009 का लोकसभा चुनाव करनाल से जीते परन्तु 2014 की मोदी लहर में कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में करनाल से लोकसभा चुनाव हार गए। कांग्रेस छोड़ बहन जी की पार्टी बसपा की ओर से 2014 हरियाणा विधानसभा चुनाव दो सीटों जुलाना और यमुनानगर से लड़ा परन्तु दोनो सीटों पर हार का सामना करना पड़ा। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का दामन पकड़कर रोहतक से सांसद बने। 2024 का लोकसभा चुनाव फिर रोहतक से भाजपा की टिकट पर लड़ा परन्तु इस बार असफलता हाथ लगी और हार गए। 2024 हरियाणा विधानसभा चुनाव गोहाना से कमल के फूल के निशान पर लड़ा और जीत कर सरकार में जेल एवंम सहकारिता मंत्री पद पर आसीन हुए। दोनो ही नेता अतिवरिष्ठ और अतिअनुभवी हैं परन्तु शिष्टाचार के नाम पर जीरो, नेता को लोकसभा, व?धानसभा या अन्य किसी हाऊस में लड़ता देख जनता प्रसन्न होती है यदि वो जनता के हक के लिए लड़ रहा हो। ऐसे बेहुदगी की हदें पार कर लड़ता देख जनता के मन में नेता के प्रति सम्मान कम होता है और जनता समय आने पर अपना विरोध दिखा भी देती है। पार्टी के साथ साथ विधानसभा अध्यक्ष को भी इस तरह के विधायकों के खिलाफ सख्त से सख्त एक्शन लेना चाहिए ताकि आने वाले समय में इस तरह की हरकत करने से नेता झिझके। जनता इस तरह के नेताओं को चुनावों में सबक सिखाना अच्छे से जानती। इसका सशक्त उदाहरण दिल्ली की जनता एक बड़बोले नेता को लोकसभा और विधानसभा चुनाव हरवाकर दिखा चुकी है। नेताओं को यह ध्यान रखना चाहिए कि आप को कुर्सी पर बैठाया है जनता का काम करने और जनता के हक की आवाज उठाने के लिए ना की अपनी व्यक्तिगत खुन्नस निकालने के लिए, जनता को वोट डालते समय नेता के चाल चरित्र पर खुले तौर पर विचार कर के वोट देना चाहिए।

**नीरज शर्मा 'भरथल'**

# संपादकीय

## रील्स बनाम सिनेमा- कुछ मिनटों का रील्स क्या घंटों के सिनेमा और सिनेमा इंडस्ट्री को बर्बाद कर देगा?



आजकल की भागदौड़ भरी जिन्दगी में लोगों के पास तीन घंटों का सिनेमा देखने का समय कम होता जा रहा है। ऐसे में कुछ सेकंड का रील्स मनोरंजन का एक लोकप्रिय विकल्प बन गया है। रील्स क्रिएटर्स को भी कम समय में अपनी क्रिएटिविटी दिखाने का मौका मिलता हैं परंतु लोकप्रियता के चक्कर और होड़ में गलत सूचना और अफवाहें भी तेजी से फैलने की संभावना होती है।

रील्स आमतौर पर 15 से 60 सेकंड के छोटे वीडियो होते हैं। रील्स में अक्सर तेज गति वाले संपादन, संगीत और दृश्य होते हैं। रील्स मुख्य रूप से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे इंस्टाग्राम, टिकटॉक और यूट्यूब शॉर्ट्स पर देखे जाते हैं। रील्स में कॉमेडी, डांस, ट्रेंडिंग चुनौतियां, लिप-सिंकिंग और अन्य प्रकार की छोटी, आकर्षक सामग्री शामिल हो सकती है। रील्स का उद्देश्य दर्शकों का ध्यान जल्दी से आकर्षित करना और उन्हें मनोरंजन प्रदान करना है।

सिनेमा आमतौर पर 90 मिनट से 3 घंटे तक लंबी होती हैं। यह एक विस्तृत कहानी बताती हैं जिसमें पात्र, कथानक और विषय होते हैं। इसको बनाने में अधिक समय, पैसा और प्रयास लगता है। यह दर्शकों को एक गहरे, अधिक इमर्सिव अनुभव प्रदान करती हैं। इसका उद्देश्य दर्शकों को भावनात्मक रूप से प्रभावित करना, उन्हें सोचने पर मजबूर करना या उन्हें एक अलग दुनिया में ले जाना है।

रील्स का उद्देश्य कम समय में मनोरंजन प्रदान करना होता है। यह आज की व्यस्त जीवनशैली में बहुत उपयोगी हो गया है। इसमें विभिन्न प्रकार की सामग्री देखने को मिलती है, जिससे अपनी पसंद का मनोरंजन चुनने की आजादी मिलती है। यह आसानी से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होते हैं, जिससे इन्हें देखना बहुत आसान है। हालांकि, रील्स की छोटी अवधि और तेज गति ध्यान भटकाव का कारण बन सकती है, जिससे लंबे समय तक ध्यान केंद्रित करना मुश्किल हो जाता है। यह अक्सर सतही मनोरंजन प्रदान करते हैं, जिनमें गहराई और संदेश की कमी होती है। इसकी लत लग सकती है, जिससे लोग अपना कीमती समय बर्बाद कर सकते हैं।

दूसरी तरफ सिनेमा एक कला है, जिसमें निर्देशक, अभिनेता और अन्य कलाकार अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हैं। यह अक्सर सामाजिक मुद्दों पर रोशनी डालता है और लोगों को जागरूक करता है। हालांकि, सिनेमा देखने में अधिक समय लगता है, जो आज की व्यस्त जीवनशैली में एक चुनौती है। सिनेमा का टिकट खरीदना रील्स देखने की तुलना में महंगा है और सिनेमाघरों में सीमित संख्या में फिल्में दिखाई जाती हैं। इस कारण हमारे पास विकल्पों की कमी होती है।

एक जमाना था जब सिनेमा के डायलॉग टेक्स्ट्स फॉर्म में छोटी-छोटी किताबों के रूप में बाजार में मिलते थे। सिनेमा के पोस्टर को देखने के लिए अखबार के पन्ने पलटे जाते थे। लोग ऑडियो फॉर्म में डायलॉग और गाने कैसेट्स में सुनते थे। यह सब सिनेमा के प्रति दिलचस्पी का नतीजा था। आज ये सब उस रूप में नहीं है। सिनेमा के निर्माण के समय में भी कमी आ गई है। तीन घंटों वाली सिनेमा अब डेढ़-दो-ढाई घंटों में सिमट गई है।

ओटीटी प्लेटफॉर्म पर सिनेमा देखने का प्रचलन बढ़ गया। लोग सिनेमाघरों की बजाय अपने मोबाइल पर इंटरनेट के माध्यम से तमाम ओटीपी प्लेटफार्म पर सिनेमा देखते हैं। नेटफ्लिक्स, अमेजन प्राइम वीडियो, डिजनी, हॉटस्टार, सोनी लिव, जी5, वूट, एमएक्स प्लेयर ये तमाम ओटीटी प्लेटफार्म पर इंटरनेट के माध्यम से सिनेमा उपलब्ध है। अंतर सिर्फ इतना ही है कि जो सिनेमा, सिनेमाघरों में देखी जाती थी, अब लोग ज्यादातर मोबाइल पर देख रहे हैं।

हालांकि, ओटीटी प्लेटफॉर्म को देखने के लिए एक अच्छे इंटरनेट कनेक्शन की आवश्यकता होती है। इंटरनेट कनेक्शन के लिए दर्शक को पैसा पेड करना पड़ता है। अधिकांश ओटीटी प्लेटफॉर्म को देखने के लिए सब्सक्रिप्शन शुल्क देना होता है। कुछ कंटेंट केवल कुछ क्षेत्रों में ही उपलब्ध होता है। आज रील्स, सिनेमा का छोटा पार्ट है। ऐसा नहीं है कि इसे देखने में दर्शक का कुछ नहीं लगता है। बिना इंटरनेट का यह सब संभव नहीं है। इस प्रकार सिनेमा का दर्शक किसी न किसी रूप में सिनेमा देखने का शुल्क चुकाता ही है। इससे सिनेमा निर्माताओं पर कोई फर्क नहीं पड़ता है। ओटीटी प्लेटफॉर्म का भविष्य उज्वल है। आज सिनेमा निर्माता ओटीटी प्लेटफॉर्म के लिए मूल सामग्री के निर्माण में निवेश कर रहे हैं, जो दर्शकों को आकर्षित कर रहा है।

कुल मिलाकर, सिनेमा मनोरंजन का लोकप्रिय साधन पहले भी था, आज भी है और भविष्य में भी रहेगा। यह कभी खत्म नहीं होगा और ना ही सिनेमा इंडस्ट्री बर्बाद होगा। बस सिनेमा देखने का फॉर्मेट बदलता चला जाएगा और लोग सिनेमा को नए फॉर्मेट के रूप में इसे देखते रहेंगे और सिनेमा निर्माता भी बदलते टेक्नोलॉजी के हिसाब से, बदलते फॉर्मेट के हिसाब से निवेश करेंगे।

**लेखक- कृष्ण कुमार**

# सोना ले जा रे, चांदी ले जा रे



दुनिया में सोना और चांदी हिरणी की तरह कुलांचें भर रहा है। कुलांचे इसलिए भर रहा है क्योंकि दुनिया का वातावरण कुलांचें भरने के अनुरूप है। यदि सोना और चांदी जैसी धातुएं कुलांचें भरतीं हैं तो समझ जाइये कि विश्वव्यापी मंदी आपके घर के बाहर दस्तक दे रही है। जो समझदार हैं वे इस दस्तक को पहचानते हैं ,वे संकटकाल के लिए सोना और चांदी जैसी धातुएं ख़रीदकर रख लेते है। संकट काल में एक सोना और चंडी ही है जो आपकी मदद कर सकता है।

आठवें दशक के आरम्भ में एक फिल्म आयी थी 'मेरा गांव-मेरा देश'। इसी फिल्म का एक गीत था-

सोना ले जा रे चाँदी ले जा रे, ओ पैसा ले जा रे

ओ दिल कैसे दे दू मै जोगी के बड़ी बदनामी होगी

अब दुनिया में योगी की बदनामी तो जो होना थी, वो हो ही चुकी है। जोगी राज में पहली बार होली पर मस्जिदों को कपडे से ढाँका गया। लेकिन बात सोने-चांदी की हो रही है। समय सोना और चांदी के भावों में बढ़ोतरी हो रही है. इस कारण दोनों के भावों एक बार फिर अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गए हैं. विशेषज्ञों के अनुसार मार्केट में दोनों कीमती धातुओं की मांग पहले के मुकाबले दो गुना हो गई है।

महंगी धातुओं के दाम तभी बढ़ते हैं जब दुनिया में मंदी की आहटें सुनाई देने लगती हैं। जाहिर है कि इस बार भी सोना-चांदी यही संकेत दे रहा है। दुनिया ने 20 वीं सदी के आरम्भ से लेकर अब तक अनेक अवसरों पर विश्वव्यापी मंदी का सामना किया है,1928 से 1934 की मंदी हो या 1982 ,1991 और 2008 की विश्वव्यापी मंदी ने दुनिया की कमर तोड़ दी थी और इससे उबरने में वर्षों लग जाते हैं। मंदी के दौर में वे देश और वे लोग ही टिक पाए जिनके पास सोना और चांदी थी।

दुनिया में जब-जब मंदी आती है तब-तब फांसीवाद बढ़ता है, दुनिया युद्ध की आग में झुलसने लगती है। इस समय दुनिया में अनेक देशों में युद्ध चल रहे हैं। रूस यूक्रेन से लड़ रहा है। इस्राइल फिलिस्तीन और लेबनान से लड़ रहे हैं। अमेरिका हो या रूस या भारत या चीन सभी देशों में फांसीवाद और पूंजीवाद बढ़ता जा रहा है। मंदी आती है तो अपने पीछे बर्बादी लेकर आती है। औद्योगिक विकास रुक जाता है, बेरोजगारी बढ़ती है। कृषि उत्पादन घटता है। बैंक दीवालिया होने लगते हैं।। हमारा इतिहास बताता है कि द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान दुनिया में करोड़ों लोगों कीनौकरी चलाई गयी था। मंदी अपने साथ शस्त्रों की होड़ लेकर आती है

भारतीय परिवार हमेशा से संस्कृति से बंधे रहे हैं और चीनी परिवारों का भी कुछ ऐसा ही हाल रहा है। और सबसे बड़ी वजह यही है कि ये दोनों देश सोना खपत करने वाले देशों में अकसर अव्वल रहते हैं। एक बार फिर से चीन और भारत सोना खपत करने वाले देशों में टॉप-2 स्थान में रहे हैं।आपको हर घर में तोला-दो तोला सोना तो आसानीसे मिल जाएगा। चीन में दो साल पहले 630 तन सोना खप गया जबकि इस मामले में भारत दूसरे स्थान पर रहा। भारत में 575 टन तक सोना खप गया था।

सोने की खपत के मामले में दुनिया पर दादागिरी करने वाले अमेरिका का का नंबर तीसरा है। स्वर्ण के प्रति हमारा आकर्षण सनातनी है। त्रेता में रामचंद्र के बनवास के समय भी सीता जी ने जिस हिरण की मांग की थी वो भी सोने का ही था। आज भी हर विवाह में सोना-चांदी का आभूषण अनिवार्य है। सगाई भी सोने कि अंगूठी पहनकर होती है।

सोना शक्ति का प्रतीक है। हितोपदेश की कथाओं में कहा गया है की यदि पोटली में रखकर सोना टांग दिया जाये तो चूहा बार-बर छलांग लगा सकता है। इसलिए मै कहता हूँ की दुनिया मंदी के गर्त में जाती दिखाई दे रही है। ऐसे में आप सोना-चांदी खरीदने का मौक़ा हाथ से न जाने दें।

1980 में जब मेरी शादी हुई थी तब सोने का भाव शायद 1300 रुपया प्रति 10 ग्राम था और जब मेरी बेटी की शादी 2005 में हुई तब सोने का भाव 6000 रूपये प्रति 10 ग्राम के आसपास था। आज यही सोना 90 हजार रूपये तोला [10 ग्राम] होने को आतुर है। यानी दुनिया में पिछले सौ साल में राजनीती में, समाज में, चरित्र में गिरावट आयी लेकिन सोना और चांदी लगातार ऊपर की और उठते रहे। तो जाइये ! जितना सोना-चांदी खरीद सकते हैं, जाकर खरीद लीजिये , क्योंकि कोई भी सरकार मंदी के दौर में आपकी मदद नहीं कर सकती।

**राकेश अचल**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उम्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त ख़बरें

## मिलावटी मिठाई खाकर बिमार हो रहे लोग, जिम्मेदार मौन

**महराजगंज।** नौतनवा थाना क्षेत्र के खोरिया चौराहे पर मिलावटी मिठाई का भण्डार लगा हुआ है। मिलावटी मिठाई बेचकर दुकानदार मालामाल हो रहे हैं। उपर से सड़क के किनारे लगी दुकानों में नहर की पटरी का धूल पट रहा है जिसे खाकर लोग बीमार होने को मजबूर हैं। खोरिया चौराहा नहर की पटरी पर बसा हुआ है। चौराहे पर मिठाई की दुकानें हैं। इन दिनों नहर की सफाई चल रही है। नहर की पटरी पर रखा मिट्टी का धूल उड़कर मिठाई की दुकानों में पट रहा है। लोगों का कहना है कि बडे पैमाने पर मिलावटी मिठाई बेची जा रही है। नहर की पटरी पर अतिक्रमण होने के कारण आए दिन दुर्घटना भी होती रहती है। मिठाई के साथ- साथ फलों की दुकाने लगी हुई हैं। मिलावटी मिठाई खाने से लोगों में बिमारी फैल सकती है।

## महिला पर अश्लील हरकत करने पर मुकदमा दर्ज

**महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला पर शुक्रवार की शाम को सीवान में घास काटने गई महिला से गांव निवासी एक युवक ने दुष्कर्म करने की कोशिश किया था। जिसका विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया था। महिला ने पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी। जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने ग्राम पंचायत सिसहनिया उर्फ शीशमहल निवासिनी महिला की तहरीर पर गांव निवासी विरेन्द्र चौधरी के खिलाफ धारा 64, 62, 115(2), 351(3) बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि उपरोक्त मामले में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

## कुम्हारनापुरवा में चल रही बौद्ध कथा को राष्ट्रीय अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार श्री एम ए अम्बेडकर ने किया संबोधित

सीतापुर बताते चलें कि थाना सकरन इलाके के ग्राम पंचायत कुम्हारनापुरवा में चल रही पांच दिवसीय बौद्ध कथा में कथा वाचक श्री अनुपम कुमार बौद्ध जी द्वारा



अम्बेडकर आर्मी बहुजन जागरूकता मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार श्री एम ए अम्बेडकर जी को बुलाया गया। जहा पर अम्बेडकर जी अपने साथियों के साथ उस कथा में पहुंचे उन्होंने बुद्ध भगवान वा बाबा साहब को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और फिर मंच को संबोधित करते हुए बताया कि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर ने हम सभी को न्याय दिलाने के साथ ही साथ हमारे देश का संविधान भी बनाया जिस पर आज हमारा पूरा देश गर्व कर रहा है और इसके साथ ही साथ श्री अनुपम कुमार बौद्ध जी को अम्बेडकर आर्मी बहुजन जागरूकता मिशन में प्रदेश प्रचारक का पद भी दिया जिसको पाकर अनुपम कुमार बौद्ध जी ने भी बताया कि में इस संगठन वा समाज के लिए तन मन धन से लगा हुं और आगे भी लगा रहूंगा।

## नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म का आरोप, कर्रवाई की मांग

**सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी पीड़ित बालिका की मां ने थाना शोहरतगढ़ पुलिस को तहरीर देते हुए नाबालिग लड़की के साथ कुछ लोगों द्वारा दुष्कर्म किए जाने का आरोप लगाया है। लगभग तीन सप्ताह का दिन गुजर जाने के बाद भी अभी तक कार्रवाई न होने से पीड़ित परिवार काफी परेशान है पीड़िता ने पुलिस को 22 फरवरी को तहरीर दे देकर बताया था कि उसके नाबालिक लड़की को कुछ लोगों ने बहला फुसला भगाकर ले गये। अपने रिश्तेदार के घर रखकर डरा धमका कर लड़की के साथ बारी-बारी बलात्कार किया। लड़की को महाराजगंज जनपद के कोल्हुई थाना के ग्राम व पोस्ट केसौली भी ले जाकर रखे। कुछ दिन बाद लड़की कोलाकर गावं के नजदीक चोड़ार चौराहे पर लाकर छोड़ चले गये। लड़की किसी तरह से घर पहुंच कर आपबीती सुनाते हुए घटना की जानकारी परिवार वालों को दी। पीड़ित परिवार का कहना है कि आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई न होने से परिवार को जान माल का खतरा है। पीड़ित परिवार ने पुन: 16 फरवरी को थाना शोहरतगढ़ में प्रार्थना पत्र देकर मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग किया है।

# जनार्दन तिवारी के दूसरी बार जिलाध्यक्ष बनने पर उनवल नगर अध्यक्ष सहित दर्जनों भाजपा के नेताओ ने दी बधाई

स्वतंत्र प्रभात

**खजनी गोरखपुर।** रविवार को दोपहर में गोरखपुर जनपद के जिलाध्यक्ष पद की घोषणा होते ही नगर अध्यक्ष व भाजपा नेताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। बता दे की इस बार संगठनात्मक चुनाव में जनार्दन तिवारी को जिलाध्यक्ष पद मिला है। इसके पहले भी वह जिलाध्यक्ष रह चुके हैं। वर्तमान में क्षेत्रीय मंत्री के पद की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। वह निवर्तमान जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह से कार्यभार ग्रहण करेंगे। उनके जिलाध्यक्ष बनने पर कस्बा संग्रामपुर उर्फ



उनवल नगर अध्यक्ष महेश कुमार दुबे ने बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि श्री तिवारी के जिलाध्यक्ष बनने से जनपद में भाजपा और मजबूत होगी। श्री तिवारी काफी मिलनसार व पार्टी के लिए दिन रात एक करने वालों में हैं। उनका तीन-तीन साल का लगातार कार्यकाल था जिसे कार्यकर्ताओं के लिहाज से स्वर्णिम काल कहा जा सकता है। क्षेत्रीय मंत्री पद पर रहते हुए कई जनपदों में उनका प्रवास होता रहा है। जिलाध्यक्ष बनने पर बधाई देने वालों में पूर्व चेयरमैन उमाशंकर निषाद, वरिष्ठ भाजपा नेता जनार्दन त्रिपाठी, डॉ राकेश त्रिपाठी, पूर्व मनोनीत सभासद शिवकुमार शाह, सभासद श्री प्रकाश गुप्ता, अवधेश शर्मा, सचिंद्र नाथ मिश्रा, मनीष त्रिपाठी, मुन्ना मिश्रा,आदि लोग रहे।

# भाजपा राजेश त्रिपाठी मित्र मंडल का फाग रस उत्सव धूमधाम से सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात

**गोलाबाजार, गोरखपुर।** भाजपा राजेश त्रिपाठी मित्र मंडल के तत्वावधान में रविवार को गोला उपनगर के वेवरी चौराहे स्थित स्वयंबर मैरेज हॉल में भव्य फाग रस उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चिल्लूपार विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश त्रिपाठी रहे, जिन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए क्षेत्र के विकास कार्यों की जानकारी दी।



**लोकगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे आकर्षण का केंद्र**

कार्यक्रम में लोकगायक प्रमोद कुमार ने पारंपरिक लोकगीतों की प्रस्तुति दी, जिससे माहौल संगीतमय हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महंत रामशरण दास ने की, जबकि संचालन वेद प्रकाश त्रिपाठी ने किया। इस आयोजन के प्रमुख संरक्षक पूर्व चेयरमैन गिरधारी लाल स्वर्णकार रहे।

**विधायक राजेश त्रिपाठी ने क्षेत्रीय विकास कार्यों पर डाली रोशनी**

अपने संबोधन में विधायक राजेश त्रिपाठी ने कहा कि यह उत्सव चिल्लूपार विधानसभा क्षेत्र के हर नागरिक का उत्सव है, जिसे सामूहिक रूप से मनाया जा रहा है। इसे विकास रथ उत्सव भी कहा जा सकता है, क्योंकि क्षेत्र के विकास कार्यों की झलक इसमें मिलती है। उन्होंने हाजीपुर-गोला पुल के निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि यह पुल लंबे समय से चर्चा का विषय रहा है। वर्ष 2007 में इस परियोजना को उठाया गया, 2016 में शिलान्यास हुआ, और अब मुख्यमंत्री के निर्देश पर 247 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि 2025 तक पुल का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा और 2026 में मुख्यमंत्री द्वारा उद्घाटन किया जाएगा। इसके अलावा, उन्होंने बताया कि ग्रामीण सड़कों की मरम्मत के लिए भी टेंडर और बांड जारी हो चुके हैं, तथा आगामी दो वर्षों में क्षेत्र में कई विकास कार्य पूरे किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

**भाजपा कार्यकर्ताओं की बड़ी भागीदारी**

इस अवसर पर चिल्लूपार विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडल अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख, भाजपा संगठन के कार्यकर्ता, तीनों नगर पंचायतों के चेयरमैन, और बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में होली के पारंपरिक गीतों और रंग-गुलाल के साथ फाग रस उत्सव का समापन हुआ, जिसमें सभी ने हर्षोल्लास के साथ भाग लिया।

# वाहन चेकिंग में छह वाहनों का हुआ ई-चालान

स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज।** परसामलिक थाना अंतर्गत सेवतरी चौकी प्रभारी प्रशांत कुमार दूबे के नेतृत्व में पुलिस ने ग्राम पंचायत सेवतरी टोला परसा स्थित बार्डर डेवलपमेंट रोड पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाकर वाहनों का जांच किया तथा कमियां मिलने पर चालान किया। चेकिंग के दौरान छोटे बड़े वाहनों का सघन जांच किया गया। वाहन चेकिंग अभियान में छह वाहनों का ई-चालान किया गया तथा तेज रफ्तार चल रहे वाहन चालकों को धीरे चलने की हिदायत दी गई। इस दौरान




उपनिरीक्षक प्रशांत कुमार दूबे, हेड कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार यादव सुनील कुमार, संदीप कुमार आदि मौजूद रहे। उपनिरीक्षक प्रशांत कुमार दूबे ने बताया कि वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया है जिसमें छह वाहनों का ई-चालान किया गया है।

# सफाई अभियान चलाकर पुलिस ने की सफाई

स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज।** परसामलिक थाना परिसर में होली पर्व की समाप्ति के बाद रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना के निर्देशानुसार पुलिस कर्मियों ने स्वेच्छा से श्रमदान कर थाना परिसर की सफाई की। परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए हाथों में झाड़ू लेकर प्लास्टिक और अन्य कचरे को हटाया। इस पहल के माध्यम से पुलिस कर्मियों ने स्वच्छ भारत अभियान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। सफाई के साथ-साथ, पुलिस कर्मियों ने परिसर में लगे पौधों की देखभाल भी की, उन्हें



पानी देकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर एसआई अभिजीत कुमार, अभिषेक जायसवाल, आदर्श सिंह, दर्शन सिंह, एसएसआई अनिल सिंह, कांस्टेबल सुजीत निर्मल, रामप्रवेश गोंड, धर्मेंद्र समेत अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# समाज सेविका कमरुन्निसा एवं सामाजिक कार्यकर्ता हरिशंकर गुप्ता के द्वारा इफ्तार पार्टी का किया गया आयोजन



स्वतंत्र प्रभात

**बिसवां सीतापुर।** कस्बे की कांशीराम कालोनी मे नागरिक अधिकार संगठन की संयोजक समाजसेविका कमरुन निशा एवं सामाजिक कार्यकर्ता हरीशंकर गुप्ता के द्वारा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमे कौमी यकजहती का नजारा देखने को मिला। इफ्तार पार्टी मे बड़ी संख्या में सभी धर्म के लोगो ने शिरकत की। इस अवसर पर कमरुन निशा ने बताया कि रोजेदारों को इफ्तार कराना एक पुनीत कार्य है। ऐसे आयोजनों से आपसी मेल मिलाप,भाई चारे की भावना को बढ़ावा मिलता है। इस दौरान रोजेदारों ने मुल्क मे अमन व चैन की दुआ मांगी। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष कठेरिया, सामाजिक कार्यकर्ता हरिशंकर गुप्ता, पंकज भारतीय, शिक्षक मोहम्मद आरिफ, चाँद मोहम्मद, समाजसेवी अखिलेश जायसवाल, नफीस पूर्व सभासद नपा, नैय्यर शकेब, इस्तियाक, चादबाबू, मनीराम, प्रदीप वाल्मीकि, आकाश, मनी रेशमा,शमा वाल्मीकि, फूलजहाँ, शकीला, रोज ,नंदनी आदि सहित बड़ी संख्या मे रोजेदार उपस्थिति रहे।

# रेलवे ट्रैक पर युवक ने दी जान, पुलिस जांच में जुटी

स्वतंत्र प्रभात

**गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र के रेलवे ट्रैक पर एक युवक की ट्रेन से कट कर आत्महत्या कर लिया है ,रेलवे ट्रेक के किनारे मृतक की साइकिल भी बरामद हुई है ।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है। मृतक युवक की पहचान चन्द्रशेखर (पुत्र कपिलदेव), निवासी कोल्हुई, गीडा थाना क्षेत्र के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के समय ट्रेन तेज रफ्तार से गुजर रही थी, तभी युवक ट्रैक पर आ गया। और चलती ट्रेन के आगे कूद अपनी जीवन लीला खत्म कर दी । मौके पर दर्दनाक मौत हुई है । आत्महत्या



क्यो किया पुलिस इस पहलू की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मृतक के परिवार से पूछताछ की जा रही है ताकि घटना के पीछे के कारणों का पता लगाया जा सके। आसपास के लोगों का कहना है कि युवक कुछ दिनों से परेशान था, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। उक्त मामले में चौकी इंचार्ज पिपरौली ने बताया घटना रविवार है ,रेलवे ट्रैक की किनारे उसकी साइकिल खड़ी मिली युवक ने आत्महत्या की है आत्म हत्या किन करणो से किय्या जांच किय्या जा रहा ,फिरहला शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है ।

# खज़नी : पत्रकारिता समाज और लोकतंत्र की सशक्त कड़ी : राजू प्रसाद श्रीवास्तव

स्वतंत्र प्रभात

**खजनी, गोरखपुर।** पत्रकारिता केवल सूचना प्रसार का माध्यम नहीं है, बल्कि यह पूरे देश को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य भी करती है। राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी राजू प्रसाद श्रीवास्तव ने क्षेत्रीय पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल पटेल से बातचीत के दौरान यह विचार व्यक्त किए। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि आज मीडिया बहुत सशक्त, स्वतंत्र और प्रभावकारी हो गया है। पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना जाता है, लेकिन यह दर्जा समाज ने ही इसे प्रदान किया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सार्थक पत्रकारिता का उद्देश्य प्रशासन और समाज के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी की भूमिका निभाना होना चाहिए।



**स्वतंत्रता संग्राम में पत्रकारिता की अहम भूमिका**

पत्रकारिता के इतिहास को याद करते हुए श्री श्रीवास्तव ने कहा कि स्वतंत्रता से पूर्व पत्रकारिता का मुख्य उद्देश्य देश को स्वतंत्रता दिलाना था। उस दौर में पत्रकारिता ने न केवल लोगों को जागरूक किया, बल्कि उन्हें आजादी के आंदोलन से भी जोड़ा। इसी तरह, आज भी पत्रकारिता को सामाजिक सरोकारों और जनहित के मुद्दों को उठाने की दिशा में कार्य करना चाहिए।

**इंटरनेट और सूचना का अधिकार बना वरदान, लेकिन दुरुपयोग पर चिंता**

उन्होंने कहा कि आज की क्रांति में इलेक्ट्रॉनिक दौर है ,इसमे डिजिटल के माध्यम लोगो को तत्कलीन सूचना का आदान प्रदान हो रहा है ,

# यूपी के विकास का विजन अखिलेश के पास : चंद्रभूषण

स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव के पास यूपी के विकास का जो विजन है वह अन्य नेताओं के पास नहीं है, तभी तो अखिलेश यादव ने यूपी को 2017 में जहां छोड़ा था,वह आज भी वहीं पर पड़ा हुआ है, उक्त बातें पथरदेवा विधानसभा क्षेत्र के बागापार ग्राम पंचायत में आयोजित पीडीए जन चौपाल में व्यक्त करते हुए मुख्य अतिथि चंद्रभूषण यादव ने कहा कि पूर्व मंत्री शाकिर अली पीडीए के बहुत बड़े हिमायती थे। कार्यक्रम आयोजक व पूर्व मंत्री शाकिर अली के पुत्र परवेज आलम ने कहा कि मेरी कोशिश है कि सपा का टिकट किसी को भी मिले लेकिन सरकार समाजवादियों की ही



बने क्योंकि सारी ताकत सत्ता में होती है। समाजवादी धारा को मजबूत बनाना ही हम सबका लक्ष्य होना चाहिए। पीडीए जन चौपाल के मुख्य वक्ता एवं पूर्व सपाध्यक्ष डा दिलीप यादव ने संविधान को सुरक्षित रखने, आरक्षण को बचाने और लोकतंत्र को मजबूत बनाने हेतु अखिलेश यादव को मजबूत बनाने कीअपील की। चौपाल की अध्यक्षता पूर्व प्रधान अंगद यादव एवं संचालन राजेश कुमार रावत ने किया। उक्त अवसर पर रामनिवास पासवान,राधेश्याम , चंद्रभान यादव,दयानंद यादव, दिनेश यादव, सुरेश नारायण,मुरलीधर आदि ने संबोधित किया।

# अकाल मृत्यु का दर्द- डोडो गांव में छाया शोक, ब्रमभोज में विधायक ने परिजनों को बंधाया ढांढस

स्वतंत्र प्रभात

**गोरखपुर।** खजनी थाना क्षेत्र के डोडो गांव में उस समय शोक की लहर दौड़ गई, जब प्रतिष्ठित व्यापारी श्रवण मणि त्रिपाठी (पप्पू तिवारी) का हृदयगति रुकने से असमय निधन हो गया। उनके अचानक चले जाने से न सिर्फ परिवार, बल्कि पूरा गांव गमगीन हो उठा। श्रवण मणि अपने पीछे एक अधूरी गृहस्थी छोड़ गए, जिसमें दो मासूम बेटियां और एक पुत्र हैं, जिनकी परवरिश की बड़ी जिम्मेदारी अब परिवार पर आ गई है। गांव और आसपास के इलाकों में उनके निधन की खबर सुनते ही शोक की लहर फैल गई। शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देने क्षेत्रीय विधायक प्रदीप शुक्ल स्वयं गांव पहुंचे। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया और हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। विधायक ब्रह्मभोज के अवसर पर भी उपस्थित रहे और परिवार की मदद के लिए



आगे आने की बात कही। इस मौके पर हरिधर दुबे (बचाई), सोनू पांडेय, जगदंबा पांडेय, मार्कंडेय त्रिपाठी, अश्वनी मणि त्रिपाठी सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे और शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। श्रवण मणि त्रिपाठी के असामयिक निधन ने पूरे क्षेत्र को गहरे दु:ख में डाल दिया है। हर किसी की जुबान पर बस यही सवाल है—बच्चों का भविष्य अब क्या होगा? परिवार की जिम्मेदारियां कैसे पूरी होंगी? इस कठिन समय में पूरा गांव और समाज उनके परिवार के साथ खड़ा है।

# प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है होली 9 सुनील वर्मा

स्वतंत्र प्रभात

लहरपुर सीतापुर होली का पर्व जहां एक तरफ आपसी एकता और समरसता का संदेश देता है वहीं हिन्दू संस्कृति की पौराणिक परंपराओं को भी दर्शाता है। उक्त उद्गार पूर्व विधायक सुनील वर्मा ने अपने निज निवास गुरेपारा स्थित बालाजी ब्रिक फील्ड पर आयोजित होली मिलन समारोह में व्यक्त किए। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्व विधायक सुनील वर्मा ने क्षेत्रीय आम जनमानस से गले मिलकर के उन्हें होली की बधाईयां दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि होली आपसी प्रेम सौहार्द और एकता का संदेश देती है। हमें आपसी भेदभाव मिटाकर अपने सर्वसमाज की एकजुटता पर बल देना चाहिए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लॉक प्रमुख लहरपुर उमाशंकर वर्मा , चेयरमेन बीसवां शुगर केन यूनियन सुधाकर शुक्ला, विशेष कार्याधिकारी




विधानसभा आनंद वर्मा , गन्ना राज्यमंत्री के निजी सचिव सत्येंद्र सिंह,ब्लाकप्रमुख परसेंडी राजेंद्र राजवंशी, जे एस सिंह इंस्टीट्यूट के प्रबंधक अरुण कुमार सिंह,पूर्व ब्लॉक प्रमुख परमेश्वर भार्गव , पंकज शुक्ल, अरूणसिंह आचार्य, दिनेश शुक्ल, गोविंद गोपाल सिंह, अखिलेश दीक्षित, संजय शुक्ला, शुभम श्रीवास्तव, सभासद मनीष शुक्ल, सर्वेस तिवारी, ओमप्रकाश शुक्ला, प्रधान संजय वर्मा, आदित्य अवस्थी, परसेडी मंडल अध्यक्ष अमित त्रिपाठी, रेनू वर्मा, मंडल अध्यक्ष हरगोविंद मौर्य, सकरन मंडल अध्यक्ष उत्तम वर्मा, अवनीश मिश्रा, संजू प्रधान, सचिन दीक्षित नेकराम प्रधान जयद्रथ वर्मा, प्रांजुल मिश्रा सहित काफी संख्या में ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, भाजपा संगठन के पदाधिकारी व क्षेत्र के संभ्रांत प्रबुद्ध प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## महज अठारह सौ रूपये लाभ के चक्कर में करा रखा दो जगह

पीलीभीत हजारा महज सरकारी लाभ के चक्कर में एक अभिभावक ने अपने बेटे का नाम एकडेमी में लिखाने के साथ परिषदीय स्कूल में भी लिखा रखा है। एकेडमी में पढ़ रहे छात्र का प्राथमिक विद्यालय में भी एडमिशन संभव नहीं होता है, क्योंकि एक बार जब छात्र किसी स्कूल में दाखिला लेता है, तो उसे उसी विद्यालय में शिक्षा प्राप्त करनी होती है। आजकल के शिक्षा व्यवस्था में विद्यार्थियों को सबसे अच्छे स्कूलों में दाखिला दिलाना हर माता-पिता का सपना होता है। कहा जाता है कि जिस छात्र का जिस स्कूल में एडमिशन होता है, उसे भी शिक्षा ग्रहण करनी होती है। पूरनपुर तहसील क्षेत्र के शारदा पार ग्राम पंचायत सिद्धनगर निवासी दिलीप यादव उर्फ राजू यादव का पुत्र आदित्य यादव जो कि खजुरिया स्थित मार्डन एकेडमी में पिछले पांच सालो से पढ़ रहा है। आरोप है कि छात्र के पिता ने सरकारी अनुदान और लाभ के चक्कर में अपने बेटे का नाम गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में भी लिखा रखा है। जो कि नियमों के विपरीत है। वही आरोप है कि प्राथमिक विद्यालय में छात्र को मिलने वाले सरकारी लाभ का भी हेड मास्टर और छात्र के पिता ने बंदरबांट किया है। मामले की जानकारी लगने पर गांव के ग्राम प्रधान महेंद्र सिंह ने मामलें की शिकायत विभागीय अधिकारियों से करने की बात कही है।।?

## श्रद्धालुओं का वाहन हुआ दुर्घटनाग्रस्त, 16 घायल

**मथुरा।** अलीगढ़ जनपद के थाना गौड़ा के गांव नगला ताल से श्रद्धालुओं का एक जत्था वृंदावन की परिक्रमा करने आया था। ये सभी श्रद्धालु मैक्स पिकअप गाड़ी से आये थे। परिक्रमा करने के बाद लौटते समय श्रद्धालुओं से भी मैक्स पिकअप हादसे का शिकार हो गई। भूसे से भरे ट्रैक्टर ट्राली ने मैक्स पिकअप में टक्कर मार दी। घटना में मैक्स सवार 16 श्रद्धालु घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला संयुक्त चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती करवाया है। हादसा थाना यमुनापार क्षेत्र के डांगोली तिराहा पर रविवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे हुआ। मैक्स सवार श्रद्धालुओं में चीख पुकार मचना शुरू हो गई। श्रद्धालुओं की चीख पुकार सुनते ही राहगीर घटना स्थल की ओर दौड़ पड़े और पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दे दी। घायलों में 16 वर्षीय मौनू, 16 वर्षीय सोनिया, 16 वर्षीय अनुभव, 60 वर्षीय भरत सिंह, 28 वर्षीय कार चालक शकील, 28 वर्षीय गीतम, 35 वर्षीय जगपाल, 30 वर्षीय आरती, 30 वर्षीय राजकुमारी, 45 वर्षीय कृष्णवीर सिंह, 48 वर्षीय सुंदर सिंह, 16 वर्षीय नरेश कुमार, 30 वर्षीय ऊषा, 30 वर्षीय दिगंबर, 40 वर्षीय डौली, 45 वर्षीय संतोष हैं।

## भाकियू टिकैत ने कुछ देर के लिए बाजना टोल कराया फ्री

**मथुरा।** रविवार दोपहर भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं ने गाड़ी का टोल फ्री न होने पर बाजना टोल को फ्री कर दिया। जिसके बाद दर्जनों गाड़ी बिना टोल दिए ही निकल गयी। भाकियू टिकैत के रोहिताश चौधरी ने बताया कि रविवार को मैसेज होने के बाद भी यूनियन के एक कार्यकर्ता की गाड़ी मथुरा टोल पर नही निकलने दी और फास्टैग से टोल बसूल लिया गया जिसके बाद नाराज यूनियन के कार्यकर्ताओ बाजना टोल पर एकत्रित होकर बाजना टोल को फ्री कर दिया। बाजना टोल इंचार्ज सुशील चौधरी ने बताया किसी भी गाड़ी का कोई मैसेज नही था और ना ही यहां से किसी पदाधिकारी का मैसेज करने के लिए नम्बर अधिकृत है।कुछ कार्यकर्ताओ ने थोड़ी देर टोल फ्री किया था बाद मे समझाने पर मान गए और वापिस चले गए इस दौरान करुआ सिंह प्रेमचन्द प्रदीप कुमार प्रेमसिंह चौधरी वीरपाल सिंह गुड्डू बहोरी सिंह बदन सिंह धनसिंह सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मथुरा में ग्रामीण बस सेवा का किया जाएगा विस्तार

**मथुरा।** ग्रामीण बस सेवा का मथुरा जनपद में विस्तार किया जाएगा। इसके लिए मथुरा डिपो से 25 नई बसों की डिमांड भेजी गई है। यूपी की योगी सरकार रोडवेज बसों से अछूते गांवों को जोड़ने के लिए छोटी बसों का संचालन आगामी वित्तीय वर्ष में करने जा रही है। इसके लिए जहां पूरे प्रदेश में 28 हजार गांवों को जोड़ने के लिए एक हजार 540 रूट तए किए गए हैं। इनमें एक दर्जन से अधिक रूट मथुरा जनपद के हैं। जिसके लिए मथुरा डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मदन मोहन शर्मा ने 25 बसों की डिमांड का प्रस्ताव रोडवेज के प्रबंधक निदेशक के पास क्षेत्रीय प्रबंधक आगरा के द्वारा भेजे गए हैं। ये बसें अप्रैल के बाद मथुरा को मिल सकती हैं। वहीं इन बसों के संचालन के लिए चालक परिचालकों की भर्ती की तैयारियों में परिवहन निगम का प्रबंध तंत्र जुट गया है। रोडवेज के वरिष्ठ संचालन प्रभारी व सीनियर एकाउंटेंट संतोष अग्रवाल ने बताया कि जनपद की पांच तहसीलों के दो- दो मार्गो को इस योजना से जोड़ा गया है।

# दर्पण के भाषा के शोधकर वर्ल्ड रिकॉर्ड करने वाले डॉ. उत्तम दास पर फिल्म निर्माण को लेकर सिलापथार में प्रेस वार्ता

स्वतंत्र प्रभात

**धेमाजी असम ।** आज सिलापथार में असम के जानेमाने डॉक्यूमेंट्री का निर्देशन सर्वश्रेष्ठ असमिया फिल्म श्रेणी में 54वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार (रजत कमल) के विजेता अरूप मान्ना और कोलकाता की प्रमुख लेखिका और बंगाली फिल्म निर्माता रानू रॉय ने सीलापथार में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेस वार्ता में सीलापथार के संतान दर्पण के भाषा के शोधकर्ता , डॉ. उत्तम दास पर असमिया भाषा में वृत्तचित्र निर्माण किया जाएगा इसे दर्शना हजारिका का संचालन करने मन्ना ने उल्लेख किया कि यह फिल्म निर्माण से डॉ. उत्तम दास के कर्म का सही सम्मान देना होगा। है, जिन्होंने दर्पण की भाषा बनाकर असम के लोगों को गौरवान्वित किया। दोनों निर्देशक को सिलापथार उत्तम स्वीट्स के प्रेक्षागृह में सिलापथार कवि समाज, सारथी स्वैच्छिक संस्था, बंग साहित्य सम्मेलन, एवं



विभिन्न दल संगठनो के कार्यकर्ता सहित

सिलापथार के जानेमाने लोगे जापी, आसामिया फूलाम गमछा से जोरदार स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि डॉ. उत्तम दास ने पहले ही अपने व्यक्तिगत विचारों के साथ दर्पण की भाषा में भगवद गीता, कुरान, बाइबिल आदि सहित कई विशेष पुस्तकें प्रकाशित की हैं। असम के मुख्यमंत्री ने सीलापथार में आयोजित एक समारोह में डॉ. उत्तम दास द्वारा लिखित दर्पण भाषा में माधवदेव के नामघोष का भी विमोचन किया था। दास ने पहले ही लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स सहित कई रिकॉर्ड अपने नाम किया।

# भाजपा जिलाध्यक्ष निर्भय, महानगर अध्यक्ष राजू के नाम पर मोहर

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश में बीजेपी ने जिलाध्यक्ष एवं महानगर अध्यक्षों के नाम वाली लिस्ट जारी की है। जिनमें कई नए चेहरों को जगह मिली है तो कई पुराने चेहरे को जिम्मेदारी सौंपी गई है। मथुरा में पुनः निर्भय पांडे को जिलाध्यक्ष व पूर्व महानगर मंत्री रहे हरिशंकर राजू पर पर अपना विश्वास जताकर उन्हें महानगर अध्यक्ष बनाया है। भाजपा जिलाध्यक्ष के रूप में निर्भय पांडे के पुनः चयन के बाद जिले भर में कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। समर्थकों और पदाधिकारियों ने उन्हें फूल मालाओं से लादकर बधाई दी। पार्टी कार्यालय में आयोजित स्वागत समारोह में कार्यकर्ताओं ने जमकर जयघोष किया और मिठाइयां बांटी। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री लक्ष्मण चौधरी ने कहा कि अध्यक्ष निर्भय पांडेय के नेतृत्व में जिले में भाजपा संगठन और मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि निर्भय पांडे संगठन के प्रति समर्पित और कर्मठ नेता हैं, जिनकी नेतृत्व क्षमता के कारण पार्टी को निरंतर सफलता मिल रही है। महापौर विनोद अग्रवाल ने महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू को बधाई देते हुए आशा जताई कि आने वाले दिनों में भी महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू के मार्गदर्शन



में भाजपा महानगर में मजबूती के साथ कार्य करती रहेगी। वहीं उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे एकजुट होकर आगामी चुनावों में पार्टी को सफलता दिलाने के लिए कार्य करें। जिलाध्यक्ष निर्भय पांडे ने अपने संबोधन में पार्टी नेतृत्व का आभार प्रकट किया और कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए गर्व और समर्पण का विषय है। उन्होंने कहा कि वे पार्टी की रीति नीति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश के विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करते रहेंगे। वही महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने कहा कि पार्टी ने जिस विश्वास के साथ मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी है, मैं उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। पार्टी कार्यकर्ताओं के सहयोग से भाजपा महानगर को शीर्ष स्थान पर पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी, महापौर विनोद अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी, एमएलसी ओमप्रकाश सिंह, एमएलए मेघश्याम सिंह, पूरन प्रकाश, पूर्व जिलाध्यक्ष पदम सिंह शर्मा, चेतन स्वरूप पाराशर, सह चुनाव अधिकारी संजय शर्मा, कुंजविहारी चतुर्वेदी, रामकिशन पाठक, पूर्व विधायक कारिंदा सिंह, पूर्व मेयर मुकेश आर्य बन्धु, पूर्व महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी, भुवन भूषण कमल, देवेंद्र शर्मा, विनोद चौधरी आदि मौजूद रहे।

# कान्हा की नगरी में भाजपा का 'यादव' दांव

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी ने मथुरा शहर में यादव दांव खेला है। लम्बी प्रक्रिया और प्रतीक्षा के बाद रविवार को प्रदेश के अन्य जनपदों की तरह मथुरा में भी भारतीय जनता पार्टी के जिला और महानगर के अध्यक्ष पदों पर नामों की घोषणा कर दी गई। तमाम किंतु परंतु के और कयासबाजी के बाद जिन नामों पर मुहर लग गई है। शहर में भाजपा आलाकमान ने यादव दांव खेला है। भारतीय जनता पार्टी में पहली बार किसी यादव को महानगर अध्यक्ष बनाया गया है। जिला कार्यालय पर रविवार को हरिशंकर 'राजू' यादव के नाम की घोषणा की गई। इसी के साथ तमाम किंतु परंतु और कायास बाजी पर विराम लग गया। जिलाध्यक्ष के रूप में निर्भय पांडेय पर भाजपा ने एक बार फिर विश्वास जताया है लेकिन चर्चा का विषय महानगर अध्यक्ष की घोषणा रही। जिला पर्यवेक्षक एवं प्रदेश सह चुनाव अधिकारी अनिल चौधरी व जिला चुनाव अधिकारी विमल शर्मा द्वारा रविवार को



मथुरा महानगर अध्यक्ष के रूप में हरिशंकर राजू यादव की घोषणा जिला कार्यालय मथुरा पर सैकड़ो कार्यकर्ताओ के सामने की गई। राजू यादव के राजनीतिक जीवन की शुरुआत 1995 में विद्यार्थी परिषद से हुई। सन 1991 से 2002 तक नगर संयोजक व विभाग संयोजक 2002 में जिला महामंत्री युवा मोर्चा जिला महामंत्री भाजपा बृज क्षेत्र के प्रशिक्षण एवं मथुरा वृंदावन के चुनाव प्रभारी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष वह जिले के वर्तमान अध्यक्ष रहे। बजरंग दल के नगर संयोजक, भाजयुमो में विभिन्न दायित्वों के बाद भाजपा नगर महामंत्री रहे। तीन बार जिला महामंत्री के रूप में पार्टी की सेवा करने के बाद अब उन्हें महानगर अध्यक्ष का दायित्व मिला है। माना जा रहा है कि पार्टी ने कई समीकरण साधने की कोशिश की है। जिसमें ओबीसी वर्ग पर भरोसा जताना भी है। युवाओं के बीच उनकी लोकप्रियता भी मददगार साबित हुई। भाजपा में लगातार सक्रिय रहे कार्यकर्ताओं को भी इससे संबल मिलेगा। यह एक संदेश है कि किसी भी कार्यकर्ता को जो पार्टी के लिए निरंतर काम कर रहा है कभी भी मौका मिल सकता है। नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष राजू यादव ने कहा कि ये भारतीय जनता पार्टी में ही सम्भव है कि छोटे से जमीनी कार्यकर्ता को इतना बढ़ा दायित्व मिल सकता है। इससे कार्यकर्ताओं का विश्वास बढ़ेगा व कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ है। पार्टी में कार्यकर्ता सर्वोपरि हैं। प्रत्येक कार्यकर्ता के सुख दुख में पूर्व की भांति ही नियमित खड़ा रहूगा।

# वृंदावन में रही दाऊजी महाराज के हुरंगा की धूम

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** ब्रज में हुरंगा की अनूठी परंपरा है। ब्रज की होली भगवान श्रीकृष्ण पर केंद्रित है, जबकि दाऊजी का हुरंगा बलदेव जी पर केंद्रित है। गोप समूह गोपिकाओं के प्रेम से भीगे कोड़ों की मार नंगे बदन पर खाते हैं। ब्रज के राजा श्रीदाऊजी महाराज हैं। इसीलिए बिना दाऊजी के हुरंगे के होली पूरी नहीं मानी जाती। ठाकुर बांके बिहारी की नगरी श्रीधाम वृंदावन में की नगरी शनिवार को विश्व प्रसिद्ध हुरंगा का आयोजन धूमधाम के साथ किया गया। हुरियारिनों ने महारास किया। इसे देखने लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। बैंडबाजे की धुन पर होली रसिया गीतों का गायन हुआ। दाऊजी महाराज को फाग महोत्सव पर हुरंगा खेलने के लिए निमंत्रण दिया जाता है। इसके बाद महिलाएं परंपरागत पोशाक लहंगा, फरिया, स्वर्ण आभूषण पहनकर हुरंगा में आती है। श्रद्धालु होली की मस्ती में आनंदित होते रहे। श्री कृष्ण-बलराम, राधा-कृष्ण स्वरूप झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इन्हें देखने के लिए दर्शकों में उत्सुकता चरम पर दिखी। मंदिर प्रांगण देवलोक जैसा दिखाई दे रहा था। मेरो खो गयो बाजू बंद रसिया होरी में, जि होरी



नाय दाऊजी का हुरंगा हैश्, विभिन्न लोकगीत बजाए गए। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मंदिर सेवायत दीपक गोस्वामी ने बताया कि यह अत्यंत प्राचीन परंपरा है। जिसमें गोविंद घेरा क्षत्रिय समाज के पुरुष व महिलाएं हुरंगे में भाग लेती हैं। इससे पहले समाज के लोगों को निमंत्रण भेजा जाता है। महिलाएं सज धज कर हुरियारिनों के रूप में और पुरुष हुरियारे के रूप में हुरंगा खेलने आते हैं। हुरियारिनों के द्वारा हुरियारों के ऊपर लट्ठ चलाये। जिससे बचने के लिए हुरियारों ने ढाल से अपने आप को बचाया। ऐसा सूंदर दृश्य कभी देखा न होगा। हुरंगे के बाद दाऊजी महाराज की शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें दाऊजी महाराज के विग्रह को विराजमान कर शोभायात्रा निकल गई। जो की मंदिर से प्रारंभ होकर बनखंडी महादेव, लोई बाजार, रेतिया बाजार, प्रताप बाजार, गोविंद देव मंदिर, चौराहा होती हुई मंदिर पर संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विष्णु गोपाल गोस्वामी, धीरज गोस्वामी, अनंत गोस्वामी, जगन्नाथ पोद्दार, राजू बृजवासी, जॉय पोद्दार, धीरेन्द्र सिंह, भाव सिंह, राजेश अग्रवाल, गोविंद , दीपक अग्रवाल, मनोज, जॉय पोद्दार, नरेंद्र, सुरेश सिंह, श्याम सिंह, प्रिंस अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# सोने की तस्करी में डीजीपी के.......

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि विशेष रूप से, उन्होंने डीजीपी रामचंद्र राव से रान्या सहित अपने रिश्तेदारों के लिए सुगम मार्ग सुनिश्चित करने के सीधे आदेश प्राप्त करने की बात स्वीकार की। बसवराज ने आगे बताया कि रान्या ने अपनी गिरफ़्तारी के दिन उनसे संपर्क किया था और शाम 6.20 बजे उनके आगमन के लिए वीआईपी प्रोटोकॉल का अनुरोध किया था। उनके अनुरोध के बाद, वे विमान से उतरते समय उनसे मिले और एयरपोर्ट के ग्रीन चैनल से उनके साथ गए, जो आम तौर पर उन यात्रियों के लिए आरक्षित मार्ग है जिनके पास घोषित करने के लिए कुछ नहीं होता। उन्होंने कहा कि उन्होंने पहले भी तीन या चार बार उन्हें इसी तरह की सुविधाएँ दी थीं, हालाँकि उन्हें सटीक तारीखें याद नहीं हैं। बेंगलुरु की एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को सोना तस्करी के मामले में कन्नड अभिनेत्री हर्षवर्धिनी रान्या उर्फ रान्या राव की जमानत याचिका को ठुकरा दिया। अदालत ने मामले के दूसरे आरोपी तरुण राजू को जांच जारी रहने तक 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी और डीजीपी के. रामचंद्र राव की सौतेली बेटी रान्या राव अभी परप्पाना अग्रहारा जेल में बंद हैं। इस मामले ने पूरे देश में काफी चर्चा बटोरी है। न्यायाधीश विश्वनाथ सी गौदर ने राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की बातों को सुनने के बाद यह फैसला दिया। वहीं, इस मामले में दूसरे आरोपी तरुण राजू के वकील ने भी जमानत के लिए याचिका दायर की। अदालत ने डीआरआई से इस पर अपनी आपत्तियां पेश करने को कहा। अदालत ने इस मामले को गंभीर मानते हुए यह फैसला सुनाया। डीआरआई ने पहले अदालत को बताया था कि रान्या राव से जुड़ा सोना तस्करी का मामला अंतरराष्ट्रीय स्तर का है और इसमें हवाला का भी कनेक्शन है। इस वजह से यह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा हुआ मामला बन गया है। कन्नड़ अभिनेत्री और कर्नाटक पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के रामतंद्र राव की सौतेली बेटी रान्या राव को तीन मार्च को सोना तस्करी मामले में बेंगलुरू एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया था। उनके पास से 12.56 करोड़ रुपये का सोना बरामद होने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। उसके बाद डीआरआई अधिकारियों ने बेंगलुरु स्थित उनके घर पर भी छापा मारा। वहां से उन्हें 2.06 करोड़ रुपये के सोने के आभूषण और 2.67 करोड़ रुपये नकद भी बरामद किए गए।

# सड़क हादसे में मुआवजा पर सुप्रीम कोर्ट ...............

मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने माना कि मृतक के पिता उनकी आय पर निर्भर नहीं थे और चूंकि पिता जीवित थे, इसलिए छोटी बहन को भी आश्रित नहीं माना जा सकता था। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने [illegible] के इस फैसले को बरकरार रखा जिसके बाद यह मामला सुप्रीम कोर्ट के सामने आया। सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले को रद्द करते हुए माना कि निचली अदालतों ने अपीलकर्ताओं को मृतक का आश्रित मानने से इनकार करके गलती की थी। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि मुआवजा केवल पति-पत्नी, माता-पिता या बच्चों तक सीमित नहीं है, बल्कि उन सभी व्यक्तियों तक विस्तार होता है जो मरने वाले के कारण प्रभावित हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने मुआवजा राशि 17 लाख 52 हजार 500 तय कर दी। ग्वालियर में 25 सितंबर 2016 को 24 साल के धीरज सिंह तोमर ऑटो में जा रहे थे। ड्राइवर तेज रफ्तार से ऑटो चला रहा था। लापरवाही के कारण ऑटो दुर्घटनाग्रस्त हो गया और धीरज की मौके पर ही मृत्यु हो गई। एमएसीटी ने मामले में कुल 9,77,200 मुआवजे भुगतान का आदेश दिया गया। मृतक के परिजनों को यह रकम भुगतान किए जाने का निर्देश दिया। लेकिन साथ ही कोर्ट ने मृतक के पिता और बहन को दावेदार नहीं माना और अन्य दावेदारों को यह रकम दिए जाने को कहा गया था सुप्रीम कोर्ट ने अपीलकर्ताओं जिनमें मृतक के पिता और बहन को मृतक का आश्रित माना और उन्हें मुआवजा प्रदान किया। यह फैसला भविष्य के मामलों में महत्वपूर्ण प्रभाव डालेगा, क्योंकि यह स्पष्ट करता है कि मोटर वाहन दुर्घटनाओं में मुआवजा केवल मृतक के पारंपरिक उत्तराधिकारियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उन सभी लोगों को मिलेगा जो उसकी आय पर निर्भर थे।

# काशीराम जयंती पर बहुजन एकता मार्च में उमड़े हजारों लोग

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा ।** भारत में राजनीतिक क्रांति के अग्रदूत बहुजन नायक मान्यवर काशीराम साहब के 91 वें जन्म दिवस पर बहुजन एकता मार्च का आयोजन दोपहर 3 बजे क्रांतिकारी साथी अजय सनवाल जी के नेतृत्व में कृष्णा नगर बिजली घर से प्रारंभ होकर पातीराम मंदिर, अंबेडकर कॉलोनी, राधिका बिहार, मंडी समिति चौराहा, महेंद्र नगर मुख्य बाजार होते हुए डॉ. अंबेडकर पार्क इंद्रपुरी पर सभा के रूप में विसर्जित हुआ जिसका उद्घाटन श्रीमती हेमा यादव समाज सेविका एवं गुलशन कुमार पार्षद बहुजन समाज पार्टी द्वारा किया गया। मार्ग में अनुयायियों ने मार्च में शामिल गणमान्य जनों का एवं युवाओं का गगन भेदी नारों के साथ माल्यार्पण कर साफा बांधकर पुष्प बरसाकर जलपान कराकर भव्य स्वागत जगह-जगह किया गया। इस मौके पर विक्रम बाल्मीकि अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी एवं रमेश सैनी महानगर अध्यक्ष बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी समाजवादी पार्टी ने संयुक्त रूप से कहा की मान्यवर साहब ने अपना सर्वत्र न्योछावर कर सदियों से सोए बहुजन समाज को जगा दिया आज बहुजन एकता मार्च में



सभी वर्गो के लोगों ने शामिल होकर सांप्रदायिक शक्तियों को अपनी एकता को प्रदर्शित करते हुए भूत और जवाब दिया है । मार्च में सैकड़ो की संख्या में युवा कार्यकर्ता हाथों में तरंगे झंडा पंचशील एवं नीले झंडे लेकर लहराते हुए जा रहे मान्यवर कांशीराम के जयकारा लगाते रहे। अखिल भारतीय समता फाउंडेशन के अध्यक्ष लुकेश कुमार राही ने बहुजन एकता मार्च में शामिल हुए अनुयायियों का आभार व्यक्त किया। बहुजन एकता मार्च में मुख्य रूप से बहुजन शायर अभिषेक जाटव पधारे का गर्मजोशी से स्वागत किया इस दौरान अजय सनवाल संयोजक, राजवीर सिंह अध्यक्ष भारतीय सुहेलदेव समाज पार्टी, लक्ष्मण आनंद संरक्षक, रमेश सैनी, श्रीमती हेमा यादव, विक्रम बाल्मीकि, फतेह सिंह प्रधान, प्रमोद विद्यार्थी, अशोक कुमार, सिद्धांत भाटिया, संजय सैनी, मेहराज अली,ओमपाल सैनी, विवेक कुमार, उत्कर्ष सिंह, कृष्ण दिवाकर अमित दिवाकर, मानिकचंद दिवाकर, जितेंद्र दिवाकर, बलराज शेखर, उदल भैया, संजय बीडीसी, सुमित कुमार, नरेश सर,राजू सर,आकाश बाबू, चित्रसेन मौर्या, राजेश कुमार, नेत्रपाल ब्रजवासी, सुनील, भानु प्रताप आंसू, कौशल सिंह,अमित प्रकाश,नरेश कुमार, लवी निमेश बौद्ध, अन्य साथी उपस्थित रहे।

# चार दिन से ठप है ई बसों का संचालन, हडताल पर चालक



स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** चार दिन से 50 ई बसों का संचालन नहीं हो रहा है। सभी बसें वृंदावन में चार्जिंग स्टेशन पर खडी हैं। इसकी वजह ई बसों के चालकों का हडताल पर चला जाना है। हालांकि इसके बाद भी किसी ने इन हड़ताल की सुध नहीं ली है। हड़ताली कर्मचारियों का कहना है कि कोई पूछ नहीं रहा जबकि उनकी मांग जायज हैं। यहां तक कि वह अपने परिवार के साथ होली भी नहीं मना पाए हैं। दो महीने से वेतन तक नहीं मिला है। वहीं देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को होली पर मथुरा, वृंदावन, गोवर्धन, बरसाना आने जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वृंदावन स्थित चार्जिंग स्टेशन पर विगत चार दिन से 50 इलेक्ट्रिक बसें खड़ी हुई हैं। वहीं मथुरा वृंदावन सिटी ट्रांसपोर्ट सेवा को होली के अवसर पर प्रतिदिन करीब तीन से चार लाख रुपये का नुकसान उठाना पड़ रहा है। ई बस सेवा के चालक संघ के अध्यक्ष विक्रम सिंह ने बताया कि इन बसों के 132 चालकों को विगत दो माह से वेतन नहीं मिला है। न ही उनकी वेतन वृद्धि की है और पीएफ संबंधी समस्या बनी हुई है। पीएफ की राशि भी कम्पनी के द्वारा जमा नहीं कराई जा रही है। चालकों का कहना है कि बसों में होने वाली टूट फूट का खर्चा चालकों से नहीं लिया जाए। चार्जिंग स्टेशन पर ई बसों के चालक संघ के अध्यक्ष के नेतृत्व में विकास सिंह, अनिल सिंह, सुखविंदर, लवकेश, राकेश, राजेंद्र, जितेंद्र, कृष्ण कुमार, जितेंद्र, संजय, रवि, पवन, जितेंद्र नारायण, सुभाष, विपिन टांगर, सुरेश, चंद्रवीर, रामगोपाल, हरकेश, दुर्गा, विनोद, हेमंत, रवि, रामकुमार नेअपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। सिटी बस सेवा के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक राधाकिशन शर्मा ने बताया कि ठेकेदार कंपनी के अधिकारियों की उनसे वार्ता हुई है। 22 चालकों का वेतन दोपहर तक खातों में पहुंच गया है। शेष के वेतन भुगतान की प्रक्रिया बैंकों के माध्यम से चल रही है। शाम तक सभी का वेतन पहुंच जाएगा।

आवश्यकता है
JOB VACANCY
हिन्दी दैनिक स्वतंत्र प्रभात समाचार पत्र में काम करने हेतु, इच्छुक एवं अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।
खबरों का सच्चा साथी, स्वतंत्र प्रभात
स्वतंत्र प्रभात के ऑनलाइन चैनल को काम करने हेतु अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।
स्वतंत्र प्रभात
खबरों का सच्चा साथी
जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।
अपना बायोडाटा भेजें
9511151254
आवाज उठाएं जुर्म के खिलाफ
www.swatantraprabhat.com